RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 13
नई दिल्ली, मंगलवार, 15 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





किदांबी श्रीकांत ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हटे
स्पोर्ट्स-12



www.dailypioneer.com


# जबरन धर्मांतरण बेहद गंभीर मुद्दाः सुप्रीम कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- कहा-नहीं रोका गया तो राष्ट्रीय सुरक्षा, नागरिकों के धर्म व अंत:करण की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार के लिए पैदा हो सकता है खतरा
- केंद्र से कहा कि वह इसे रोकने के लिए कदम उठाए और गंभीर प्रयास करे

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को कहा कि यदि जबरन धर्मांतरण को नहीं रोका गया तो बहुत मुश्किल स्थिति पैदा होगी, क्योंकि इससे राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों के धर्म तथा अंत:करण की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है। शीर्ष अदालत ने इसे बहुत गंभीर मुद्दा करार देते हुए केंद्र से कहा कि वह इसे रोकने के लिए कदम उठाए और इस दिशा में गंभीर प्रयास करे। न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि सरकार प्रलोभन के जरिए धर्मांतरण पर अंकुश लगाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में बताए।

पीठ ने कहा, यह एक बहुत ही गंभीर मामला है। केंद्र द्वारा जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए गंभीर प्रयास किए जाने चाहिए। अन्यथा बहुत मुश्किल स्थिति सामने आएगी। हमें बताएं कि आप क्या कार्रवाई करने का प्रस्ताव रखते हैं... आपको हस्तक्षेप करना होगा। मेहता ने अदालत से कहा कि इस मुद्दे पर संविधान पीठ के समक्ष भी सुनवाई हो चुकी है। उन्होंने कहा, (इससे संबंधित) दो अधिनियम हैं। एक ओडिशा सरकार का और एक मध्य प्रदेश सरकार का, जो छल, झूठ या धोखाधड़ी, धन द्वारा किसी भी जबरन धर्मांतरण के नियमन से संबंधित हैं। ये मुद्दे इस अदालत के समक्ष विचार के लिए आए और सुप्रीम कोर्ट ने कानून की वैधता को बरकरार रखा।

मेहता ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में जबरन धर्मांतरण बड़े पैमाने पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार पीड़ितों को इस बात की जानकारी नहीं होती है कि वे आपराधिक कार्रवाई के दायरे में हैं और वे (पीड़ित) कहते हैं कि उनकी मदद की जा रही है। पीठ ने कहा कि धर्म की स्वतंत्रता हो सकती है, लेकिन जबरन धर्मांतरण द्वारा धर्म की स्वतंत्रता नहीं हो सकती। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा, कथित धर्मांतरण से संबंधित मुद्दा अगर सही पाया जाता है, तो यह बेहद गंभीर मुद्दा है, जो अंतत: राष्ट्र की सुरक्षा के साथ-साथ नागरिकों की धर्म और अंत:करण की स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता है। अदालत ने कहा, इसलिए, बेहतर होगा कि केंद्र सरकार अपना रुख स्पष्ट करे और इस तरह के जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए आगे क्या कदम उठाए जा सकते हैं, इस पर जवाबी हलफनामा दाखिल करे। पीठ ने केंद्र को इस मुद्दे पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए 22 नवंबर, 2022 तक ( शेष पेज 8 )

## बच्चों का धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में ईसाई संगठन के 10 सदस्यों पर मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** दमोह

**मध्य** प्रदेश के दमोह जिले में एक ईसाई संगठन के 10 सदस्यों के खिलाफ कथित तौर पर बच्चों का धर्म परिवर्तन कराने समेत अन्य आरोपों में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा रविवार को दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर संगठन से जुड़े 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। ईसाइयों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक (एसपी) डी. आर. तेनिवार से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा गया कि धर्मशास्त्री ( शेष पेज 8 )

# प्रेमिका के शव के किए 35 टुकड़े, फ्रिज में छुपाए रखे

- रोज रात में एक टुकड़ा निकालकर छतरपुर की पहाड़ियों में फेंक आता था आरोपी
- मुंबई के रहने वाले थे दोनों, दिल्ली आकर रहने लगे थे लिव-इन में, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रोंगटे** खड़े कर देने वाली घटना में मुम्बई के युवक ने अपने लिव-इन पार्टनर को दिल्ली लाकर मार डाला। उसने प्रेमिका का गला घोंटकर शव के 35 टुकड़े किए और उन्हें लगभग तीन सप्ताह तक फ्रिज में रखा। किसी को शक न हो, इसलिए वह रोज रात में एक-एक टुकड़ा निकालता और छतरपुर की पहाड़ियों में फेंक आता। मुम्बई पुलिस के सहयोग से दिल्ली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि आफताब अमीन पूनावाला की गिरफ्तारी के बाद यह नृशंसा घटना सामने आई। उसने इसी साल 18 मई को हत्याकांड को अंजाम दिया, लेकिन खुलासा बीते शनिवार को हुआ। अनुसार महिला के शव के कटे हुए कुछ हिस्से मिले हैं तथा पुलिस हत्या में प्रयुक्त हथियार तलाश रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने शव के कटे हुए हिस्सों को रखने के लिए 300 लीटर वाला एक फ्रिज खरीदा तथा शव से आने वाली बदबू को दबाने के लिए अगरबत्तियों एवं रूम फ्रेशनर का उपयोग किया।

एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई में एक कॉल सेंटर में काम करने के दौरान 2019 में पूनावाला (28) और श्रद्धा वालकर (26) को एक-दूसरे से प्यार हुआ, लेकिन जब उनके परिवारों ने दोनों के अलग-अलग धर्म होने के कारण इस रिश्ते का विरोध किया तब दोनों इस साल के प्रारंभ में दक्षिण दिल्ली के महरौली आ गए और साथ रहने लगे। इस बीच श्रद्धा प्रेमी पूनावाला पर लगातार शादी करने का दबाव बनाने लगी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त-प्रथम (दक्षिण जिला) अंकित चौहान ने बताया कि मध्य मई में शादी को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई और उनके संबंधों में खटास बढ़ गई। इसी बीच मौका देखकर पूनावाला ने श्रद्धा की हत्या कर दी। उसने अमेरिकी टीवी शो देखकर हत्याकांड की साजिश रची। उन्होंने कहा कि आरोपी ने पुलिस से बचने के लिए शातिर तरीके से हत्याकांड को अंजाम दिया और शव के 35 से ( शेष पेज 8 )

## मां ने बेटी को बहुत मनाया, लेकिन नहीं छोड़ा साथ

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई

**होनहार** प्रोफेशनल श्रद्धा वालकर अब इस दुनिया में नहीं है। प्रेमी ने दिल्ली लाकर उनकी बेरहमी से हत्या कर दी। महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसाई की रहने वाली श्रद्धा 2018 में कॉल सेंटर में कार्य करने के दौरान आफताब पूनावाला के संपर्क में आई थी। सन 2019 में जब श्रद्धा की मां को उनके संबंधों का पता चला तो उन्होंने बेटी को बहुत मनाने की कोशिश की। पिता विकास मदान वालकर ने भी बेटी से आफताब से संबंध तोड़ने का दबाव डाला। इससे नाराज होकर श्रद्धा ने अपने माता-पिता का घर छोड़ दिया और आफताब के साथ रहने लगी, लेकिन कुछ समय बाद मां की मौत हो गई तो वह फिर अपने घर चली गई। मानिकपुर पुलिस थाने के इंस्पेक्टर संपतराव पाटिल ने बताया कि श्रद्धा वालकर वसाई ईस्ट की एवरसाइन



आफताब पूनावाला | श्रद्धा वालकर

सिटी हाउसिंग सोसायटी की रहने वाली थी और मुंबई के मलाड स्थित कॉलसेंटर में काम करती थी। यहीं दोनों करीब आए।

श्रद्धा ने शादी के लिए अपने माता-पिता को काफी मनाया लेकिन उन्होंने आफताब के दूसरे धर्म का होने के चलते इनकार कर दिया। इसके बाद श्रद्धा अपना घर छोड़ आफताब के वसाई वेस्ट के दिवान मान कॉम्प्लेक्स स्थित घर आ गई। कुछ माह वह यही रही, लेकिन मां की मौत के बाद अपने घर लौट गई। इस साल सितंबर में श्रद्धा वालकर के बचपन के दोस्त लक्ष्मण नडार ने उसके भाई को बताया कि दो महीने से श्रद्धा से संपर्क नहीं हो पा रहा। इसके बाद परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

# डिंपल ने भरा पर्चा, अखिलेश ने किया जीत का दावा



मैनपुरी में पर्चा भरतीं सपा प्रत्याशी डिंपल यादव। साथ में सपा प्रमुख अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** मैनपुरी, लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी की उम्मीदवार डिंपल यादव ने मैनपुरी लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र सोमवार दोपहर बाद दाखिल कर दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पत्नी डिंपल की रिकॉर्ड मतों से जीत का दावा किया। नामांकन के समय डिंपल के साथ उनके पति और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, पार्टी महासचिव राम गोपाल यादव और मैनपुरी के पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव मौजूद थे। नामांकन से पहले डिंपल ने पार्टी महासचिव राम गोपाल यादव के पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया। नामांकन करने से पहले डिंपल ने कहा कि वह मुलायम सिंह यादव के सिद्धांतों और मूल्यों को अपना आज का नामांकन समर्पित करती हैं। डिंपल यादव के प्रस्तावकों में सपा जिलाध्यक्ष आलोक शाक्य, राजनारायण बाथम, ए.एच. हाशमी और तेज प्रताप यादव शामिल रहे। अखिलेश यादव ने डिंपल के नामांकन के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा यह चुनाव ऐसे समय हो रहा है जब नेताजी (सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव) हमारे बीच नहीं हैं। ( शेष पेज 8 )

# जी20 नेताओं संग वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे मोदी

- आर्थिक वृद्धि को गति देने, खाद्य व ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसी चुनौतियों पर होगी बात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



बाली पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पारंपरिक ढंग से भव्य स्वागत किया गया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वह बाली में जी20 समूह के नेताओं के साथ वैश्विक आर्थिक वृद्धि में नई जान फूंकने, खाद्य व ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसी चुनौतियों और स्वास्थ्य तथा डिजिटल परिवर्तन से जुड़े मुद्दों के समाधान पर व्यापक चर्चा करेंगे। जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए बाली रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री ने एक बयान में कहा कि वह वैश्विक चुनौतियों का सामूहिक समाधान करने में भारत की उपलब्धियों और इसकी मजबूत प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करेंगे।

प्रधानमंत्री जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार दोपहर इंडोनेशियाई शहर बाली रवाना हुए, जहां यूक्रेन संकट, खासतौर पर खाद्य व ऊर्जा सुरक्षा पर इसके प्रभावों सहित ज्वलंत वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा होने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने दक्षिण-पूर्व एशियाई देश की यात्रा के लिए प्रधानमंत्री के विमान में सवार होने की एक तस्वीर के साथ ट्वीट किया, वैश्विक चुनौतियों का सामूहिक समाधान करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17वें जी20 शिखर सम्मेलन के लिए बाली, इंडोनेशिया रवाना। शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी शामिल होने वाले हैं। मोदी ने कहा, बाली शिखर सम्मेलन के दौरान, मैं वैश्विक आर्थिक वृद्धि, खाद्य व ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य तथा डिजिटल परिवर्तन जैसे वैश्विक चिंता के प्रमुख मुद्दों पर जी20 देशों के नेताओं के साथ व्यापक चर्चा करूंगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, शिखर सम्मेलन में बातचीत के दौरान मैं वैश्विक चुनौतियों का सामूहिक समाधान करने में भारत की उपलब्धियों और इसकी मजबूत प्रतिबद्धता को रेखांकित करूंगा। जी20 वैश्विक आर्थिक सहयोग का एक प्रभावशाली संगठन है। यह वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी का ( शेष पेज 8 )

# खुदरा और थोक मुद्रास्फीति दोनों में गिरावट, महंगाई के मोर्चे पर राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**खाद्य** उत्पादों की कीमतों में गिरावट होने से अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर तीन महीनों के निचले स्तर 6.77 प्रतिशत पर आ गई। साथ ही थोक मुद्रास्फीति भी 19 महीनों के निचले स्तर 8.39 प्रतिशत पर आ गई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में 6.77 प्रतिशत रही जबकि पिछले महीने सितंबर में यह 7.41 प्रतिशत थी। इस साल जनवरी से ही छह प्रतिशत की संतोषजनक सीमा से ऊपर बनी हुई है। सरकार ने केंद्रीय बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत के दायरे में रखने की जिम्मेदारी दी हुई है।

आरबीआई मौद्रिक नीति के बारे में निर्णय करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर ही गौर करता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के ताजा आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई दर 7.01 प्रतिशत रही जो सितंबर महीने में 8.6 प्रतिशत थी। वित्त मंत्रालय ने ट्विटर पर लिखा है कि कच्चा तेल, लौह अयस्क और इस्पात की कीमतें वैश्विक बाजार में गिरने के साथ ही घरेलू स्तर पर गेहूं एवं चावल की आपूर्ति सुनिश्चित करने से भी इन जिंसों की कीमतें काबू में रखने के प्रयास किए गए हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा, इन कोशिशों का असर आने वाले महीनों में और अधिक महसूस किए जाने की उम्मीद है। इसके पहले, सरकार की तरफ से थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े भी जारी किए गए।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के मुताबिक खाद्य, ईंधन और विनिर्मित उत्पादों के दाम कम होने से थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर महीने में घटकर 19 महीने के निचले स्तर 8.39 प्रतिशत पर आ गई। डेढ़ साल के बाद अक्टूबर में पहली बार थोक मुद्रास्फीति इकाई अंक में रही है। इससे पहले मार्च, 2021 में यह 7.89 प्रतिशत पर रही थी। ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,624 | ↓ | 171 | |
| निफ्टी | 18,329 | ↓ | 21 | |
| सोना | 52,528 | ↑ | 194 | /10g |
| चांदी | 62,122 | ↑ | 551 | /kg |

## क्विक न्यूज

### मृत्युदंड पाने वाले लश्कर के चार आतंकी बरी किए

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए मौत की सजा पाने वाले दो पाकिस्तानी नागरिकों समेत लश्कर-ए-तैयबा के चार आतंकवादियों को सोमवार को बरी कर दिया। हालांकि, अदालत ने उन्हें अन्य अपराधों के लिए सजा सुनाई। चारों को भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रचने का दोषी पाया गया था तथा 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और अनन्या बंदोपाध्याय की खंडपीठ ने चारों दोषियों को भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 121 के तहत आरोपों से बरी कर दिया। पीठ ने निर्देश दिया कि दो पाकिस्तानी नागरिकों मोहम्मद युनूस तथा मोहम्मद अब्दुल्ला को उनके देश वापस भेजा जाए।

# जैन को सुविधा देने के आरोप में तिहाड़ के अधीक्षक सस्पेंड

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**धनशोधन** के आरोप में जेल में बंद आम आदमी पार्टी के नेता एवं मंत्री सत्येंद्र जैन को विशेष सुविधाएं मुहैया कराने में संलिप्तता के आरोप में तिहाड़ जेल के एक अधीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले सप्ताह अदालत के समक्ष दावा किया था कि जैन को तिहाड़ जेल में विशेष सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

दिल्ली सरकार के कारागार विभाग के एक सूत्र ने बताया, तिहाड़ जेल संख्या-7 के जेल अधीक्षक अजीत कुमार को निलंबित कर दिया गया है। प्रथम दृष्टया यह पाया गया है कि उन्होंने ऐसी अनियमितताएं की हैं, जिनकी जांच की आवश्यकता है।

सूत्र ने बताया कि यह मामला जैन को जेल में कथित तौर पर विशेष सुविधाएं मुहैया कराने से जुड़ा है। भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन को वीआईपी ट्रीटमेंट दिए जाने का आरोप लगाते हुए उन्हें दूसरे जेल में स्थानांतरित करने की मांग की थी। उन्होंने यह भी कहा था कि एक समय था जब तिहाड़ जेल का नाम सुनकर आरोपी डर जाते थे, लेकिन अब दिल्ली सरकार के मंत्री भी जेल से नहीं डरते, बल्कि वहां वीआईपी सुविधाएं भोग रहे हैं।

ईडी ने भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के जरिए 2017 में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जैन को इस साल मई में गिरफ्तार किया था।

# मिजोरम में खदान धंसी, 12 के फंसे होने की आशंका

**आइजोल (एजेंसी)।** मिजोरम के हनहथियाल जिले में पत्थर की एक खदान के धंसने की घटना में 12 लोगों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यहां इसकी जानकारी दी। हनहथियाल के पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने यहां बताया कि यह घटना अपराह्न तीन बजे हुई जब एबीसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के श्रमिक जिले के मौदढ़ गांव में स्थित पत्थर की इस खदान में काम कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने एजेंसी को बताया कि हादसे के वक्त इसमें 13 लोग काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एक श्रमिक खदान में से निकलने में सफल हो गया, लेकिन बाकी 12 ऐसा नहीं कर सके और वे मलबे में फंस गए। कुमार ने बताया कि राहत एवं बचाव कार्य जारी है और शाम साढ़े सात बजे तक मलबे से किसी को भी निकाला नहीं जा सका था।

# कश्मीर में भारी बर्फबारी, दिल्ली में बढ़ेगी ठंड

- दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार, दो से चार डिग्री सेल्सियस तक गिरेगा तापमान
- घाटी में हिमपात के कारण प्रमुख राजमार्ग बंद, ऊंचाई वाले गांवों से संपर्क टूटा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/श्रीनगर



जम्मू से 120 किमी दूर घाटी में हुए हिमपात के बीच गुजरती पर्यटकों की गाड़ी

**जम्मू** कश्मीर हो रही भारी बारिश और बर्फबारी का असर अगले कुछ दिन में दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में देखने को मिलेगा और यहां तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आएगी। मौसम विभाग के अनुसार जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के कारण कई मुख्य सड़कें बंद हो गई हैं और ऊंचाई पर स्थित गांवों से संपर्क टूट गया है। हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में भी हिमपात हुआ है। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में अगले पांच-छह दिन तक सुबह में धुंध और हल्के बादल छाए रहने तथा दिन में आसमान साफ रहने का अनुमान है। इसके अलावा प्रदूषण से भी कुछ राहत रहेगी। हवा की गति बढ़ने से वायु गुणवत्ता भी खराब और बहुत खराब श्रेणी में बनी रहेगी, परंतु पहाड़ों में लगातार बर्फबारी के कारण तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। इससे मैदानी क्षेत्रों में लोगों को गर्म कपड़े निकालने पड़ सकते हैं। सोमवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 28.2 और न्यूनतम 14.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग और आसपास के इलाकों में बर्फबारी के कारण श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर यातायात बंद कर दिया गया, जबकि रामबन जिले के चंदरकोट और बनिहाल के बीच भारी बारिश के कारण पत्थर गिरने और मिट्टी धंसने के बाद जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग को बंद कर दिया गया। जम्मू क्षेत्र के पुंछ एवं राजौरी तथा दक्षिण कश्मीर के शोपियां को जोड़ने वाले मुगल रोड और बांदीपुरा-गुरेज मार्ग को भी बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस मौसम में पहली बार उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा, क्रालपोरा, पाजीपोरा और तंगधार इलाकों तथा बारामूला जिले के तंगमर्ग और मध्य कश्मीर के बडगाम के खानसाहिब सहित कई जगहों पर हिमपात हुआ है। ( शेष पेज 8 )

# पति की हत्या कर प्रेमी के घर में गाड़ी थी लाश, चार साल बाद हुआ खुलासा

**● मृतक की बेटी ने खोला राज, मां और उसका प्रेमी गिरफ्तार**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



फाइल फोटो

चार साल पहले गाजियाबाद में एक व्यक्ति अचानक गायब हो गया। काफी छानबीन के बाद पुलिस ने केस बंद दिया। अब व्यक्ति की बेटी ने पुलिस के सामने एक राज खुला तो मामले की परत दर परत खुलती गई। पता चला कि महिला ने पति की हत्या कर शव को प्रेमी के घर में दफना दिया था। पुलिस ने शव बरामद कर लिया है।

पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार चार साल सिकरौड गांव में रहने वाले चंद्रवीर उर्फ पप्पू नामक व्यक्ति की हत्या उसकी पत्नी सविता ने अपने प्रेमी अरूण उर्फ अनिल के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। अरूण ने चंद्रवीर को गोली मारी और उसका हाथ कुल्हाड़ी डाला। चंद्रवीर के शव को अरूण के घर में खोदे गए छह फीट गहरे गड्ढे में दबाकर उसे मिट्टी से भरकर उसके ऊपर रातों रात प्लास्टर भी कर दिया था। करीब चार साल बाद चंद्रवीर की बेटी अब 16 साल की हो चुकी है और अपनी मां सविता के साथ ही रहती है। वह ब्यूटी पार्लर चलाती है। क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुर रहमान सिद्दीकी ने पार्लर जाते समय चंद्रवीर की बेटी को रोका और उससे पिता के बारे में पूछा। मगर, बेटी कुछ भी बताने के लिए तैयार नहीं हुई। इसके बाद अगले दिन फिर वह बेटी से मिले और उसकी काउंसिलिंग की। उन्होंने बेटी को भरोसा दिया कि उसे कुछ भी नहीं होगा। इस पर बेटी को उन पर भरोसा हो गया।

बेटी ने उन्हें बताया कि हमारे सोने के बाद पड़ोस वाले अंकल हमारे घर पर आते हैं। मुझे उन्हीं पर पापा को गायब करने का शक है। शक के आधार पुलिस ने अरूण को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद हत्यकांड की परत दर परत खुलने लगी।

मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि पति चंद्रवीर को उसे अवैध संबंधों के बारे में पता चल गया था। जब चंद्रवीर ने जब उनके अवैध रिश्तों के बीच अड़ंगा लगाने का प्रयास किया तो उन्होंने रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली।

पुलिस ने चंद्रवीर की हत्या करने वाले अरूण व मृतक की पत्नी सविता को गिरफ्तार कर लिया। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव के अस्थी-पिंजर को पोस्टमार्टम के लिएभेज दिया। दोनों हत्यारों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त तमंचा, कारतूस व वो कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली जिससे चंद्रवीर का हाथ काटा गया था।

# कुत्ते को खूंटी से लटकाकर दी फांसी

**● वीडियो सोशल मीडिया में वायरल**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



दिल्ली-एनसीआर में एक तरफ जहां कुत्तों के हमले की घटनाएं तेजी से बढ़ी है, तो वहीं दूसरी तरफ इन बेजुबान जानवरों पर हैवानियत की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं।

ऐसी ही एक घटना उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से सामने आई है। यहां ट्रॉनिक सिटी थाना क्षेत्र के इलायचीपुर गॉंव में एक कुत्ते को फांसी देकर हत्या का दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। वारदात की वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ है। वारदात को अंजाम देने वाले आरोपित के पड़ोसी ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोमवार को इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें दो युवक कुत्ते को खूंटी पर लटका कर हत्या करते नजर आ रहे हैं।

साथ ही एक युवक वहां घूमता दिखाई दे रहा है। वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने मामले की जांच की। जांच के दौरान वीडियो इलायचीपुर का होने की जानकारी मिली। मामले में इलायचीपुर के रहने वाले लोमिश ने धीरज, अतुल, सुमित ओर निखिल के खिलाफ कुत्ते को खूंटी पर लटका कर हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज दर्ज कराई है। बता दें कि रविवार को ही नोएडा प्राधिकरण ने घरों में कुत्ते और बिल्ली पालने को लेकर सख्त नियम बनाए हैं। अब नोएडा में पालतू कुत्ते या बिल्ली द्वारा किसी को काटने पर उसे पशु मालिक की तरफ से दस हजार रुपये का जुर्माना देना होगा।

साथ ही इलाज में आने वाले खर्च को भी वहन करना होगा। पंजीकरण की अनिवार्यता को बढ़ाने के साथ ही पालतू पशु का टीकाकरण भी जरूरी किया गया है।

# नगर निगम कार्यकारिणी बैठक 19 को, जीडीए की बोर्ड का पता नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक अब 19 को होगी। कार्यकारिणी की यह बैठक दूसरी बार टली है, वहीं जीडीए बोर्ड की सोमवार होने वाली बैठक भी टल गई है।

दूसरी ओर नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक कराने के लिए मेयर आशा शर्मा ने नगर आयुक्त को फिर से पत्र लिखा। पत्र में तय किया गया कि नगर निगम प्रशासन 14 नवंबर को नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक कराएं। इसके लिए समय पर एजेंडा जारी करने के भी निर्देश दिए। जब इस बैठक की तारीख तय की गई उससे पहले जीडीए बोर्ड की बैठक की तारीख तय की गई थी।

अब गाजियाबाद की मेयर आशा शर्मा ने कार्यकारिणी की बैठक की नई तारीख 19 नवंबर तय कर दी है। वहीं, दूसरी ओर गायिजाबाद विकास प्राधिकरण की बोर्ड की बैठक भी टल गई है। जीडीए का कहना है कि मंडलायुक्त बोर्ड की बैठक की नई तारीख तय करेंगी।

# पंजीकरण खत्म, अब 17 तक होंगे कॉलेज में प्रवेश

**नोएडा।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के संबद्ध कॉलेजों में पीजी, एलएलबी, डिप्लोमा एवं सर्टिफि केट कोर्स में प्रवेश को रिक्त सीटों पर छात्रों के पास 17 नवंबर तक का मौका है।

पहले से पंजीकृत, लेकिन अप्रवेशित जबकि नए पंजीकृत छात्र 14 नवंबर तक ब्लैंक ऑफ र लेटर डाउनलोड करते हुए किसी भी कॉलेज एवं कोर्स में अर्हता के अनुसार जमा करा सकते हैं। कॉलेज प्राप्त ऑफ र लेटर से 15-17 नवंबर तक मेरिट तैयार करते हुए प्रवेश करेंगे।

# संक्षिप्त समाचार



प्रगति मैदान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में यूपी के मुख्य सचिव डीएस मिश्रा को जानकारी देते यमुना प्राधिकरण के कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुण वीर सिंह।

## अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में यूपी पवेलियन का शुभारंभ

**नोएडा/नई दिल्ली।** प्रगति मैदान में सोमवार 14 नवंबर से शुरू हुए अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव डीएस मिश्रा यूपी पवेलियन का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर निदेशक उद्योग एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के स्टॉल पर प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुण वीर सिंह द्वारा मुख्य सचिव का स्वागत किया और प्राधिकरण की योजनाओं के संबंध में अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि प्रगति मैदान में आयोजित किए जा रहे व्यापार मेले में यमुना एक्सप्रेसवे औदयोगिक विकास प्राधिकरण के अतिरिक्त नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यूपीसीडा सहित कई अन्य सरकारी संस्थानों द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं।

## वर्ल्ड डायबिटीज डे पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**गाजियाबाद।** वर्ल्ड डायबिटीज डे के अवसर पर सोमवार को वैशाली स्थित नवीन अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रुप मेडिकल डायरेक्टर डॉ अनिल तोमर ने कहा भारत विश्व की डायबिटिक राजधानी बन चुका है। इसका कारण लाइफस्टाइल और तनाव का बढ़ना है। वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गौरी का सिंघल ने कहा की डायबिटीज ने बच्चों को भी अपना निशाना बना रहा है। शिविर में 92 लोगों की निशुल्क शुगर जांच की गई। शिविर में डॉ. अंकित त्यागी, डॉ. हर्षा राजपाल, डॉ. सतीश बंसल, अश्विन चौधरी ,डॉ. कमल, आदि का विशेष सहयोग रहा।


## हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : 118, प्रथम तल, 12 गगनदीप बिल्डिंग, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली–110008
फोन : +91 11 45108609, फैक्स : +91 1704 225178
ई–मेल आईडी : cs@himalyainternational.com, वेबसाइट : www.himalyafoodcompany.com

**30 सितम्बर, 2022 को समाप्त अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

रू. लाख में

| क्र. सं. | विवरण | अलेखापरीक्षित तिमाही समाप्त 30–09–2022 (अलेखापरीक्षित) | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30–09–2022 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31–03–2022 (अलेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय<br>अन्य आय | 1725.92<br>85.91 | 29.51<br>6258.93 | 3296.48<br>291.31 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर तथा अपवाद मदों से पूर्व) | 228.33 | 440.62 | 73.59 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पूर्व (अपवाद मदों के बाद) | 444.58 | 169.43 | 9492.32 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात (अपवाद मदों के बाद) | 444.58 | 169.43 | 9492.32 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 444.58 | 169.43 | 9524.32 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी अंकित मूल्य रू. 10/– प्रति शेयर | 5787.29 | 5787.29 | 5787.29 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन | | | |
| | (i) मूल रू. में | 0.77 | 0.77 | 0.29 |
| | (ii) तनुकृत रू. में | 0.29 | 16.46 | 16.46 |

नोट्स :
1. 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और तदुपरांत अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा इसकी 14 नवम्बर, 2022 को सम्पन्न बैठक में किया गया था। कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने उक्त वित्तीय परिणामों का सीमित पुनरीक्षण संचालित किया है।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट : (www.himalyafoodcompany.com) पर उपलब्ध है।
ईधन
'जी एवं एस ; (भारत एवं यूएसए की सामान्य बिक्री एवं प्रशासनिक व्यय, जिसमें लॉजिस्टिक लागत सम्मिलित है)।
'''रू. 713 लाख का मार्ग में माल वह माल है जो फैक्ट्री से पानी के जहाज से भेजा जा चुका है और खुले समुद्र सहित मार्ग के विभिन्न चरणों में है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड
हस्ता./–
मन मोहन मलिक
प्रबंध निदेशक
तिथि : 14–11–2022
स्थान : पाओन्टा साहिब



## कॉस्को (इंडिया) लिमिटेड

सीआईएन :– एल25199डीएल1980पीएलसी010173
पंजी. कार्यालय :– 2/8, रूप नगर, दिल्ली–110007
वेबसाइट :– www.cosco.in ई–मेल :– mail@cosco.in
फोन :– 91–11–23843000 फैक्स :– 91–11–23846000

**30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु पृथक्कृत अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30.09.2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30.06.2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30.09.2021 अलेखापरीक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30.09.2022 अलेखापरीक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30.09.2021 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2022 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 3,853.77 | 3,364.35 | 3,317.99 | 7,218.12 | 6,028.63 | 13,701.06 |
| 2 | अवधि हेतु कर पूर्व शुद्ध लाभ | 13.63 | 16.45 | 37.29 | 30.08 | 46.91 | 250.90 |
| 3 | अवधि हेतु कर पश्चात शुद्ध लाभ | 7.24 | 6.78 | 31.74 | 14.02 | 31.09 | 192.01 |
| 4 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 7.24 | 6.78 | 31.85 | 14.02 | 31.30 | 212.30 |
| 5 | इक्विटी शेयर पूंजी | **416.10** | **416.10** | **416.10** | **416.10** | **416.10** | **416.10** |
| 6 | अन्य इक्विटी | | | | | | 4,168.39 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/– प्रत्येक का) | | | | | | |
| | (क) मूल (रू.) | 0.17 | 0.16 | 0.76 | 0.34 | 0.75 | 4.61 |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 0.17 | 0.16 | 0.76 | 0.34 | 0.75 | 4.61 |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट्स (www.bseindia.com/corporates) तथा कम्पनी की वेबसाइट www.cosco.in पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त परिणामों का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अनुमोदन कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा 14 नवम्बर, 2022 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में किया गया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते कॉस्को (इंडिया) लिमिटेड
देविन्दर कुमार जैन
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
डीआईएन : 00191539
स्थान : दिल्ली
तिथि : 14–11–2022



## यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : प्लॉट नंबर 66, सेक्टर–34, ईएचटीपी, गुरूग्राम, हरियाणा–122001
सीआईएन : एल17100एचआर1983पीएलसी033460, वेबसाइट : www.ulilltd.com,
ई–मेल आईडी : investorrelations@ulilltd.com, फोन : 011–2628237, 49075251

**30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**

(रू. लाख में, सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण (नीचे नोट्स देखें) | तिमाही समाप्त 30.09.2022 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30.06.2022 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30.09.2021 (अलेखापरीक्षित) | छमाही समाप्त 30.09.2022 (अलेखापरीक्षित) | छमाही समाप्त 30.09.2021 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31.03.2022 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 289.91 | 200.41 | 53.61 | 490.32 | 125.95 | 525.32 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर, अपवादात्मक एवं असाधारण मदों से पहले | 30.49 | 15.72 | 8.62 | 46.21 | 10.47 | 67.05 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर, अपवादात्मक एवं असाधारण मदों के पश्चात | 18.94 | 15.72 | 8.62 | 34.66 | 10.47 | 56.59 |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात | 18.94 | 15.72 | 8.62 | 34.66 | 10.47 | 56.59 |
| 5. | कुल समावेशी आय | - | - | - | - | - | - |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 |
| 7. | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/– प्रत्येक का) (वार्षिककृत नहीं) | | | | | | |
| | क) मूल | 0.63 | 0.52 | 0.29 | 1.16 | 0.35 | 1.89 |
| | ख) तनुकृत | 0.63 | 0.52 | 0.29 | 1.16 | 0.35 | 1.89 |

नोट्स :–
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बॉम्बे स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.ulilltd.com पर उपलब्ध है।

वास्ते यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./–
रेखा शर्मा
(निदेशक)
डीआईएन : 06987967
स्थान :– गुरूग्राम, हरियाणा
तिथि :– 10–08–2022



## इंटीग्रा टेलीकम्युनिकेशन ऐंड सॉफ्टवेयर लिमिटेड

सीआईएन : एल74899डीएल1985पीएलसी020286
पंजीकृत कार्यालय : फ्लैट नंबर 1311, देविका टावर 6, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
कार्पोरेट कार्यालय : 610/611, निर्मल गैलेक्सी एवियर, एल.बी.एस. रोड, मुलुंड (डब्ल्यू), मुंबई–400080
ई–मेल आईडी : info@integratelesoftware.com ; वेबसाइट : www. integratelesoftware.com

**30–09–2022 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित परिणामों के विवरण का सारांश**

(राशि लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30–09–2022 अ–लेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30–06–2022 अ–लेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30–09–2021 अ–लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31–03–2022 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालन से कुल आय | 25.07 | 24.27 | 23.03 | 92.96 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 21.11 | 19.88 | 20.12 | 77.61 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 21.11 | 19.88 | 20.12 | 77.61 |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 21.11 | 19.88 | 20.12 | 69.00 |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 21.11 | 19.88 | 20.12 | 69.00 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रति शेयर) | 1,056.00 | 1,056.00 | 1,056.00 | 1,056.00 |
| 7. | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर, जैसाकि पूर्व वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | | - | - | (0.94) |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/–प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) मूल एवं तनुकृत | 0.20 | 0.19 | 0.19 | 0.65 |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए थे और निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 14 नवम्ब, 2022 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में अनुमोदित किए गए थे। वित्तीय परिणामों का फार्मेट स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.integratelesoftware.com पर उपलब्ध है।

वास्ते इंटीग्रा टेलीकम्युनिकेशन ऐंड सॉफ्टवेयर लिमिटेड
हस्ता./–
रामास्वामी नारायण अय्यर
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 03045662
स्थान : मुंबई
तिथि : 14–11–2022



## कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9–10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली–110002
कार्पोरेट पहचान संख्या : एल70109डीएल1980पीएलसी169318
फोन : 7303495374, ई–मेल : camaccommercial@gmail.com
वेबसाइट : www.camaccommercial.com

**30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रुपए लाख में, सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत तिमाही समाप्त 30–09–2022 अलेखापरीक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30–09–2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30–09–2021 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31–03–2022 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालन से कुल आय | 38.13 | 156.39 | 69.35 | 637.07 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर तथा अपवाद मदों से पूर्व) | (42.97) | 13.56 | 61.63 | 555.88 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (अपवाद मदों के बाद) | (513.07) | (456.54) | 61.63 | 555.88 |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर तथा अपवाद मदों के बाद | (503.69) | (456.63) | 76.88 | 464.77 |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 13,697.62 | 12,861.50 | 1,299.15 | 1,086.43 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 88.28 | 88.28 | 88.28 | 88.28 |
| 7. | अन्य इक्विटी | | | | 158,185.70 |
| 8. | रू. 10/–प्रत्येक के शेयर पर प्रति शेयर अर्जन | | | | |
| | 1. मूल (रू.) | (57.06) | (51.73) | 8.71 | 52.65 |
| | 2. तनुकृत (रू.) | (57.06) | (51.73) | 8.71 | 52.65 |

नोट्स :–
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित तथा निदेशक मंडल द्वारा 14 नवम्बर, 2022 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में अनुमोदित एवं अभिलेखबद्ध किए गए हैं।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। कम्पनी के वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा 14 नवम्बर, 2022 को कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को भी भेजा गया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड
हस्ता./–
(स्वाति श्रीवास्तव)
निदेशक
डीआईएन : 08529225
स्थान : नई दिल्ली
दिनांकित : 14–11–2022



## ORIGO Origo Commodities India Pvt Ltd

**Unaudited Standalone Financial Results for the quarter ended September 30, 2022**

[Regulation 52 (8), read with Regulation 52 (4), of the SEBI (LODR) Regulations, 2015]

Amount (In Lakhs)

| S. No | Particulars | For the Quarter Ended September 30, 2022 Unaudited | For the Quarter Ended September 30, 2021 Unaudited | For the Half Year ended September 30, 2022 Unaudited | For the Year ended March 31, 2022 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations | 27179.09 | 15341.12, | 70713.24 | 51766.26 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax,Exceptional and/or Extraordinary items#) | -512.97 | 286.10 | -276.35 | 1,406.11 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | -512.97 | 286.10 | -276.35 | 1,406.11 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | -517.22 | 220.60 | -339.20 | 937.56 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | -514.48 | 225.64 | -333.72 | 948.50 |
| 6. | Paid up Equity Share Capital | 5,448.90 | 5,448.90 | 5,448.90 | 5,448.90 |
| 7. | Reserves*(excluding Revaluation Reserve) | 13,294.81 | 13,045.05 | 13,294.81 | 13,628.55 |
| 8. | Securities Premium Account | 6,667.22 | 6,667.22 | 6,667.22 | 6,667.22 |
| 9. | Net worth | 18,743.71 | 18,493.95 | 18,743.71 | 19,077.45 |
| 10 | Paid up Debt Capital / Outstanding Debt | 22,834.34 | 16,747.62 | 22,834.34 | 17,229.93 |
| 11 | Outstanding Redeemable Preference Shares* | 0.48 | 0.48 | 0.48 | 0.48 |
| 12 | Debt Equity Ratio* | 1.22 | 0.91 | 1.22 | 0.90 |
| 13 | Earnings Per Share (of Rs.10 /- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | | |
| | 1.Basic: | -0.87 | 0.40 | -0.57 | 1.72 |
| | 2.Diluted: | -0.87 | 0.37 | -0.57 | 1.58 |
| 14 | Capital Redemption Reserve* | - | - | - | - |
| 15 | Debenture Redemption Reserve* | - | - | - | - |
| 16 | Debt Service Coverage Ratio* | 0.12 | 0.32 | 0.32 | 1.21 |
| 17 | Interest Service Coverage Ratio* | 0.67 | 1.78 | 1.15 | 2.01 |

1.The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with Bombay Stock Exchange ("BSE") under Regulation 52 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results are available on the website of the Stock Exchange(s) i.e. BSE Limited and the listed entity, **www.origoindia.com & https://www.bseindia.com.**
2.For the other line items of Regulation 52 (4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the pertinent disclosures have been made to BSE and can be accessed on the URL **www.@origoindia.com & https://www.bseindia.com.**
3.The impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s) due to change(s) in accounting policies shall be disclosed by means of a footnote.
4.The above Standalone Financial Results have been approved by the Board of Directors in its meeting held on November 11, 2022 and have been limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company in accordance with the requirement of Regulation 52 of SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (Listing Regulations).
5.Segment Information as per Ind-AS 108, 'Operating Segments' is disclosed in Segment reporting.
6.# - Exceptional and/or Extraordinary items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind AS Rules / AS Rules, whichever is applicable.
7.* - includes Retained Earnings, Other Comprehensive Income and Equity component of Compound financial instruments.

**For Origo Commodities India Pvt Ltd**
**Sd/-**
**Mayank Dhanuka**
**(Whole Time Director)**
**DIN:02572510**
**Place: Gurgaon**
**Date: 11.11.2022**


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# 250 सीटों के लिए 1000 से ज्यादा मैदान में

- नामांकन प्रक्रिया पूरी, नाम वापसी 19 तक, भाजपा, आप और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम चुनाव के नामांकन के आखिरी दिन एक हजार से अधिक उम्मीदवारों ने पर्चा भरा। ऐसे में नामांकन केंद्रों के भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस तीनों प्रमुख दलों के प्रत्याशियों के साथ उनके कवरिंग प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

भाजपा-आप-कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है और तीनों पार्टियों ने अपनी अपनी जीत का दावा कर रही है। इसके अतिरिक्त बसपा, जेडीयू और निर्दलीयों के साथ अन्य गैर मान्यता प्राप्त दलों के प्रत्याशी भी पर्चा भरा है। सात नवंबर से शुरू हुई नामांकन की प्रक्रिया में शुक्रवार तक मात्र 35 नामांकन ही विभिन्न रिटर्निंग आफिसर को प्राप्त हुए थे। शनिवार और रविवार को अवकाश होने और प्रमुख दलों के प्रत्याशियों के ऐलान में देरी से कई नामांकन केंद्रों पर अभी तक एक भी नामांकन नहीं हुआ था। वर्ष 2017 में पूर्वकालिक नगर निगमों में 2800 से अधिक नामांकन प्राप्त हुए थे। सोमवार को नामांकन की संख्या अधिक होने के लिए आयोग ने व्यवस्था बनाने के लिए विशेष इंतजाम करने के निर्देश सभी रिटर्निंग आफिसर को दिए है। राज्य चुनाव आयोग ने 250 वार्डों के लिए 68 रिटर्निंग आफिसर तैनात किए हैं। जिनके पास तीन से छह वार्ड के नामांकन प्राप्त करने की जिम्मेदारी है। राज्य चुनाव आयोग ने सोमवार को बड़ी संख्या में नामांकन की संभावना को देखते सुरक्षा दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे। साथ ही सभी रिटर्निंग आफिसर को सभी एजेंसियों से समन्वय करने का भी निर्देश आयोग की तरफ से दिया गया था।

आयोग ने अपने निर्देश में कहा कि चूंकि 14 नवंबर को नामांकन बड़ी संख्या में आ सकते हैं। इसलिए नामांकन केंद्रों पर पर्याप्त इंतजाम होने चाहिए। नामांकन करने वालों को बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, दिल्ली पुलिस और यातायात पुलिस ने किसी भी प्रकार की असुविधा नामांकन केंद्रों के आसपास न हो। इसके लिए अतरिक्त पुलिस बल की तैनाती और लोगों के बैठने के लिए अतिरिक्त टेंट व पीने का पानी और शौचालय और पार्किंग की व्यवस्था प्रशासन ने किया था। मालूम हो कि दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए 4 दिसंबर को मतदान और 7 दिसंबर को मतगणना होगी। 19 नवंबर तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे।

## भाजपा के 11 बागी नेता आप में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई स्थानीय नेता सोमवार को यहां आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। आप के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक ने कहा, रोहिणी के वार्ड नंबर-53 से भाजपा के 11 नेता आज आप में शामिल हो गए क्योंकि भाजपा में उनकी मेहनत को कभी सराहा नहीं गया।

दुर्गेश पाठक ने कहा कि वे पिछले 15 वर्ष से कड़ी मेहनत कर रहे हैं लेकिन हर बार जब उन्होंने क्षेत्र में कचरा प्रबंधन से संबंधित कोई मुद्दा उठाया तो अधिकारियों ने उनकी उपेक्षा की। आम आदमी पार्टी में शामिल होने वाले भाजपा नेताओं में पूर्व वार्ड उपाध्यक्ष पूजा अरोड़ा और महिला मोर्चा की पूर्व उपाध्यक्ष चित्रा लांबा और भावना जैन शामिल हैं। आप नेता ने कहा कि रोहिणी क्षेत्र में नेताओं और कार्यकर्ताओं की यह टीम लगातार काम कर रही है।

## राजधानी में प्रदूषण घटा, ग्रेप तीसरे चरण की पाबंदियां हटीं



- अगले 5 दिन वायु गुणवत्ता की स्थिति में नहीं होगा बड़ा बदलाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर के शहरों में हवा की गुणवत्ता पिछले कई दिनों से बेहद खराब श्रेणी बनी हुई है।

सोमवार की रात वायु गुणवत्ता सूचकांक 294 दर्ज किया गया है। इसके चलते वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) चरणबद्ध कार्रवाई कार्य योजना (जीआरएपी) के तीसरे चरण के तहत दिल्ली-एनसीआर में लागू पाबंदियां तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश दिया। साथ ही ग्रेप एक और दो को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं। क्षेत्र में निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियां फिर से शुरू हो सकती हैं। हालांकि, संबंधित एजेंसियों को धूल नियंत्रण के नियमों का सख्ती से पालन करने की आवश्यकता है। केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अनुसार सोमवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 294 दर्ज किया गया जो जीआरएपी का तीसरा चरण लागू करने के मानकों से करीब 100 अंक नीचे आयोग ने अपने आदेश में कहा, एक्यूआई में सुधार बने रहने की संभावना है।

## दिल्ली वक्फ बोर्ड के पूर्व सीईओ के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल वी.के सक्सेना ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से आईएएस अधिकारी एवं दिल्ली वक्फ बोर्ड के पूर्व सीईओ एसएम अली के खिलाफ बोर्ड के अवैध प्रस्ताव पारित होने देने के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है।

सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अली पर आरोप लगाया है कि बोर्ड के सीईओ के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अवैध प्रस्तावों का विरोध नहीं किया जिसमें मुख्य कार्यकारी अधिकारी और कई अन्य संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव भी शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि एलजी ने केंद्रीय सिविल सेवाएं, नियमावली 1965 के नियम 16 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की सिफारिश की है।

## ईडी ने आप प्रभारी व कारोबारी किया गिरफ्तार

**आबकारी नीति**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद रद्द कर दी गई दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले की जारी जांच के सिलसिले में आम आदमी पार्टी (आप) के संचार प्रभारी विजय नायर और कारोबारी अभिषेक बोइनपल्ली को गिरफ्तार किया है।

वहीं दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में दोनों को ईडी की पांच दिन की हिरासत में भेज दिया, लेकिन इससे जुड़े सीबीआई की जांच वाले भ्रष्टाचार के मामले में उन्हें जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आवेदन को स्वीकार कर लिया, जिसमें एजेंसी ने कहा था कि बड़ी साजिश और धन के लेन-देन का पता लगाने के लिए संबंधित आरोपियों से पूछताछ की जरूरत है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा इसी मामले में गिरफ्तार किए जाने के बाद से दोनों फिलहाल जेल में हैं। नायर को सीबीआई ने जहां सितंबर में गिरफ्तार किया था वहीं बोइनपल्ली को पिछले महीने गिरफ्तार किया गया था।

अधिकारियों ने कहा कि ईडी मामले में धनशोधन के पहलू की जांच कर रहा है और दोनों का सामना इकट्ठा किए गए सबूतों और शराब नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में शामिल अन्य व्यक्तियों और आरोपियों द्वारा दर्ज किए गए बयानों से कराया जाएगा। ईडी ने इससे पहले शराब कंपनी इंडोस्पिरिट के प्रवर्तक समीर महेंद्रू, शराब कंपनी पर्नोड रिकार्ड के महाप्रबंधक बिनॉय बाबू और अरबिंदो फार्मा के पूर्णकालिक निदेशक और प्रवर्तक पी शरत चंद्र रेड्डी को गिरफ्तार किया था।

उसने हाल में एक स्थानीय अदालत को बताया था कि एजेंसी इस मामले में अबतक 169 तलाशी अभियान चला चुकी है।एजेंसी ने बाबू, शरत और रेड्डी की हिरासत कार्यवाही के दौरान अदालत को यह भी बताया कि सार्वजनिक तौर पर जारी किए जाने से लगभग 45 दिन पहले कुछ शराब निर्माताओं को नीति लीक की गई थी और जांच में पाया गया कि उपमुख्यमंत्री सिसोदिया समेत तीन दर्जन वीआईपी लोगों ने कथित तौर पर डिजिटल साक्ष्य नष्ट करने के इरादे से 140 से अधिक मोबाइल फोन बदले।


**TECHNO ELECTRIC & ENGINEERING COMPANY LIMITED**

CIN No :L40108UP2005PLC094368
Corporate Office : " Park Plaza " 71, Park Street, Kolkata - 700 016
Email : desk.investors@techno.co.in : Website: www.techno.co.in

**Extract of Statement of Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter and half year ended September 30, 2022**

(₹ in Lakhs)

| PARTICULARS | Quarter ended | | | Half Year Ended | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30th September 2022 Unaudited | 30th June 2022 Unaudited | 30th September 2021 Unaudited | 30th September 2022 Unaudited | 30th September 2021 Unaudited | 31st March 2022 Audited |
| Total income from operations (net) | 22803.25 | 17295.67 | 27350.62 | 40098.92 | 46296.01 | 1,07,386.66 |
| Net Profit / (Loss) for the year (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items) | 7843.46 | 4899.79 | 8425.14 | 12743.25 | 14449.10 | 32,609.57 |
| Net Profit / (Loss) for the year before tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | 7843.46 | 4899.79 | 8425.14 | 12743.25 | 14449.10 | 32,609.57 |
| Net Profit / (Loss) for the year after Tax(after Exceptional and / or Extraordinary items) | 5880.72 | 3555.10 | 6338.61 | 9435.83 | 10892.55 | 26,025.20 |
| Total Comprehensive Income for the year | 6033.03 | 3344.64 | 6105.19 | 9377.68 | 11278.61 | 26,994.41 |
| Equity Share Capital | 2,199.20 | 2,200.00 | 2,200.00 | 2,199.20 | 2,200.00 | 2,200.00 |
| Other Equity (excluding Revaluation Reserves) | | | | | | 1,81,473.02 |
| Earnings Per Share (After tax and before Exceptional items) (of ₹ 2/- each) | | | | | | |
| Basic : | 5.35 | 3.23 | 5.90 | 8.58 | 10.18 | 23.99 |
| Diluted: | 5.35 | 3.23 | 5.90 | 8.58 | 10.18 | 23.99 |

**Key numbers of Standalone Financial Results:**

(₹ in Lakhs)

| PARTICULARS | Quarter ended | | | Half Year Ended | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30th September 2022 Unaudited | 30th June 2022 Unaudited | 30th September 2021 Unaudited | 30th September 2022 Unaudited | 30th September 2021 Unaudited | 31st March 2022 Audited |
| Total income from operations (net) | 22,803.25 | 17,295.67 | 27,350.62 | 40,098.92 | 46,296.01 | 1,07,386.66 |
| Profit before Tax | 7,854.41 | 4,957.95 | 8,435.09 | 12,812.37 | 14,464.20 | 32,634.78 |
| Net Profit after Tax | 5,888.98 | 3,597.41 | 6,348.54 | 9,486.40 | 10,908.81 | 26,034.35 |

Note : The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the Quarter ended September 30,2022 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results are available on the Stock Exchange websites, www.nseindia.com and www.bseindia.com and on the Company's website www.techno.co.in.

For and on behalf of the Board of Directors
( P. P. Gupta )
Managing Director
(DIN:00055954)

Place :- Kolkata
Date :- The 14th November, 2022


## व्यापार मेला : दिखेगी आजादी के अमृत महोत्सव की झलक



व्यापार मेले की कैटलॉग जारी करते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल।



दीप प्रज्जवलित करते वीके सक्सेना। फोटो: रंजन डिमरी

- केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने किया उद्घाटन, कारोबारियों व आम लोगों में उत्साह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रगति मैदान में 41वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला सोमवार से शुरू हो रहा है। कोविड-19 महामारी के चलते संक्रमण के चलते 2 साल बाद इस मेले को लेकर आयोजकों के साथ-साथ आम लोगों में भी खासा उत्साह है। इसकी थीम इस बार वोकल फार लोकल, लोकल टू ग्लोबल रखी गई है। खास बात यह है कि देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है तो इसकी झलक मेले में भी देखने को मिलेगी। भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (आइटीपीओ) ही नहीं, केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के मंत्रालय भी अपनी उपलब्धियां मेले के माध्यम से देश दुनिया के सामने रखते नजर आएंगे। उत्तर प्रदेश और केरल को मेले का फोकस स्टेट बनाया गया हैं बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र पार्टनर स्टेट बने हैं, ये किसी भी राज्य के लिए सम्मान की बात है। हालांकि,इन्हीं तीन राज्यों ने इसके लिए आवेदन किया था। इस साल यह मेला कई मायनों में खास होगा। सबसे बड़ी बात यह है कि चार दशक बाद यानी 1979 के बाद मेला परिसर का क्षेत्रफल सबसे ज्यादा होगा। यही वजह है कि इस बार अधिक दर्शक मेले में आ सकेंगे। आइआइटीएफ के 40 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा बदलाव किया गया है। आयोजकों का कहना है कि इससे लोगों के साथ कारोबारियों और आयोजकों को भी बड़ा फायदा होगा। इसके साथ भीड़ को भी नियंत्रित करने में आसानी होगी। मेले के शुरु होने से लेकर अंतिम दिन यानी 27 नवंबर को दर्शकों को मेले में दोपहर 2 बजे तक ही प्रवेश मिलेगा।

### स्टार्टअप कंपनियों और एंटरप्रेन्योरशिप को छूट

वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने की कड़ी में ट्रेड फेयर में भाग लेनी वाली एंटरप्रेन्योरशिप और स्टार्टअप कंपनियों को कई तरह की छूट मिली है। इसके तहत एंटरप्रेन्योरशिप कंपनियों को 60 प्रतिशत तक छूट मिली है, जबकि मेले में स्टार्टअप कंपनियों को 50 प्रतिशत की छूट मिली है। डोमेस्टिक पार्टिसिपेंट में स्पेस लेने के लिए भी न्यू एंड यंग एंटरप्रेन्योरशिप कंपनियों को छूट मिली है।

### मेट्रो की सभी 10 लाइनों पर मिलेंगे टिकट

दिल्ली मेट्रो की सभी 10 लाइनों रेड, यलो, ब्लू, मजेंटा, ग्रीन, वॉयलेट, ग्रे,ऑरेंज, पिंक और एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर ट्रेड फेयर की टिकटों के लिए काउंटर लगाए हैं। इस बार ह्यी मेट्रो 67 मेट्रो स्टेशनों पर ट्रेड फेयर की टिकट बेचेगी। लोग आइटीपीओ की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर भी टिकट खरीद सकेंगे।

## प्रगति मैदान के आसपास कई सड़कें रहेंगी बंद

**नई दिल्ली।** प्रगति मैदान अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का आगाज सोमवार से हो गया है। 14 से 27 नवंबर तक चलने वाले इस मेले में भारी भीड़ के पहुंचने की संभावना है। इसके मद्देनजर कई मार्गों पर वाहनों के आवाजाही पर रोक रहेगी। यातायात पुलिस ने परामर्श जारी कर मथुरा रोड, भैरों मार्ग, रिंग रोड, शेरशाह रोड और पुराना किला रोड पर जाने से बचने की सलाह दी है। व्यापारी आगंतुकों के लिए 14 से 18 नवंबर तक मेले में आम लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। आम लोगों को 19 से 27 नवंबर तक मेले में जाने की अनुमति होगी।

यातायात पुलिस के अनुसार दर्शकों के लिए प्रवेश द्वार संख्या 5-ए और 5-बी से नहीं होगा। वे द्वार संख्या 1, 4, 10, 11 और शिल्प संग्रहालय द्वार से प्रवेश करेंगे। मीडियाकर्मियों के लिए प्रवेश द्वार संख्या 4 और 10 से होगा। आईटीपीओ अधिकारी द्वार संख्या 4 और 10 से प्रवेश कर सकेंगे।

शाम 6 बजे के बाद प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। प्रगति मैदान पर टिकटों की बिक्री नहीं होगी।

टिकटों की बिक्री ऑनलाइन और चुनिंदा मेट्रो स्टेशन पर होगी। चालक चालित वाहन और टैक्सियों के लिए रुकने की जगह गेट संख्या 4 के सामने होगी। मेले में प्रवेश पहले ही बंद किया जा सकता है।

## भारतीय जीवन बीमा निगम के स्टाल का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली के प्रगति मैदान में सोमवार से शुरू हुए अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में भारतीय जीवन बीमा निगम के स्टाल का उद्घाटन उत्तर क्षेत्र के प्रबंधक दिनेश भगत ने किया। इस स्टाल पर आगंतुकों को निगम की पॉलिसियों से संबंधित सभी जानकारियों के साथ-साथ निगम में एजेंट के रूप में अपना करियर बनाने के बारे में भी बताया जाएगा।

इस वर्ष एलआईसी अपनी 66वीं वर्षगांठ मना रहा है। निगम ने हमेशा ही देश के एक प्रमुख वित्तीय संस्थान के रूप में सभी बीमा योग्य लोगों तक किफायती दरों पर जीवन बीमा के संदेश को प्रचारित करने में अत्यधिक योगदान दिया है और बदलती जरूरतों के अनुसार बेहतरीन उत्पाद प्रदान किए हैं।


**कामा होल्डिंग्स लिमिटेड**

KAMA Holdings

सीआईएन : एल92199डीएल2000पीएलसी104779
पंजी. कार्यालय : दि गैलेरिया, डीएलएफ मयूर विहार, यूनिट नंबर 236 एवं 237, द्वितीय तल, मयूर पैलेस, नोएडा लिंक रोड, मयूर विहार फेज-1 एक्सटेंशन, दिल्ली-110091
कार्पोरेट कार्यालय : ब्लॉक सी, सेक्टर-45, गुरुग्राम-122003, फोन नंबर : (+91-11) 49482870 फैक्स : (+91-11) 49482900
ई-मेल : inco@kamaholdings.com ; वेबसाइट : www.kamaholdings.com

**30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत और समेकित वित्तीय परिणाम**

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत | | | | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | अर्द्ध वर्ष समाप्त | | तिमाही समाप्त | | अर्द्ध वर्ष समाप्त | |
| | | 30-09-22 | 30-09-21 | 30-09-22 | 30-09-21 | 30-09-22 | 30-09-21 | 30-09-22 | 30-09-21 |
| | | (1) | (2) | (3) | (4) | (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 20028.70 | 3606.00 | 20028.92 | 3606.07 | 389251.52 | 285663.47 | 780324.37 | 557779.35 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पूर्व | 20013.10 | 3559.12 | 19991.29 | 3509.08 | 76761.60 | 53515.34 | 161263.00 | 107228.23 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात | 19566.25 | 3559.19 | 19543.87 | 3509.25 | 62461.05 | 38337.22 | 123418.12 | 77955.49 |
| 4 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय (जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है) | 19566.33 | 3559.26 | 19543.55 | 3509.09 | 49080.31 | 39660.04 | 91462.62 | 78723.13 |
| 5 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 |
| 6 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) | | | | | | | | |
| | (क) मूल : | 303.23 | 55.16 | 302.88 | 54.39 | 596.98 | 300.65 | 1,077.01 | 612.76 |
| | (ख) तनुकृत : | 303.23 | 55.16 | 302.88 | 54.39 | 596.98 | 300.65 | 1,077.01 | 612.76 |

नोट्स : उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/अर्द्ध वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट्स (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.kamaholdings.com) पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते बोर्ड
कार्तिक भरत राम
अध्यक्ष
(डीआईएन : 00008557)

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 14-11-2022

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 15 नवंबर, 2022



# हरियाणा के 1200 गांवों में स्थापित होगी ई-लाइब्रेरी : मंत्री

### हरियाणा सरकार ने ई-लाइब्रेरी प्रोजेक्ट को दी है मंजूरी

### पहले चरण में प्रदेश के 1200 गांवों को मिलेगा लाभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि हरियाणा सरकार ने ई-लाइब्रेरी प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। इस प्रोजेक्ट के तहत पहले चरण में अगले वर्ष मार्च माह तक प्रदेश के 1200 गांवों में ई-लाइब्रेरी बनाई जाएंगी। सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले पांच सालों में योजना को विस्तार देते हुए विभिन्न चरणों में प्रदेश के सभी 7200 गांवों में ई-लाइब्रेरी खोली जाए। वे सोमवार को सेक्टर-46 स्थित सामुदायिक केंद्र में शैक्षणिक एवं सामाजिक उत्थान जाट सभा के नौवें वार्षिक कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में इस तरह के प्रोजेक्ट की शुरूआत करने वाला हरियाणा पहला राज्य है। देश सेवा में जाट समाज के योगदान पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए देवेंद्र बबली ने कहा कि देश के विकास में जाट समाज का अहम योगदान है। सीमाओं पर रक्षा की बात हो या फिर अन्न उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने में समाज का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि जाट वह कौम है जिसे देवता के नाम से पुकारा गया है क्योंकि यह अन्न पैदा कर पूरे देश का पेट भरने का काम करने के साथ-साथ समाज के हर तबके को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने प्रदेश सहित देश का नाम रोशन करने वाले जाट समाज सहित सर्वसमाज के सभी लोगों व उनके परिवारों को नमन करते हुए कहा कि उन्हें गर्व है कि वह ऐसे समाज से संबद्ध रखते हैं, जिसका एक बहुत बड़ा तबका देश की सीमा के ऊपर अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। दिल्ली के विधायक वीरेंद्र कादयान, महम से विधायक बलराज कुंडू विशिष्ठ अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम में सबसे पहले पढ़ाई, खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सभा द्वारा सम्मानित किया गया। बताया गया कि सभा का मुख्य मकसद सभी जातियों के बच्चो का मानसिक, शारीरिक व आध्यात्मिक विकास करना है। युवाओं की प्रतिभा निखार कर राष्ट्रहित व समाज हित में काम करने के लिए प्रेरित करना है। सभा के वार्षिक उत्सव पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें बच्चे, महिलाएं, युवक, युवतियों व मान सम्मान के योग्य बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों की 50 मीटर की दौड़ व 100 मीटर की दौड़ आकर्षण का केंद्र रही, वहीं महिलाओं की चमच व नींबू रेस ने सभी में उत्साह भर दिया। रस्सा कसी में बुजुर्गों ने युवाओं को हराकर कायज्क्रम को रोमांचक बना दिया। इस मौके पर मेजर जरनल रणजीत सिंह ग्रेवाल (सेवानिवृत), मैनेजमेंट टीम में अध्यक्ष विनोद दहिया, महामंत्री देवेंद्र खत्री, अर्जुन अवार्डी राजकुमार सांगवान, राजेश गिल, सुनील कटारिया, राजेंद्र बेनीवाल, भगवान सिंह कालीरमण, एसपी (सेवानिवृत) रणधीर सिंह, पुष्पा धनखड़, योगेश्वर दहिया समेत अनेक लोग मौजूद रहे।



गुरुग्राम में सेक्टर-46 स्थित सामुदायिक केंद्र में शैक्षणिक एवं सामाजिक उत्थान जाट सभा के नौवें वार्षिक कार्यक्रम में लोगों को सम्मानित करते मंत्री देवेंद्र सिंह बबली।

# रेलवे में 1.45 लाख नौकरियों की घोषणा का स्वागत : अमित गोयल



अमित गोयल।

**गुरुग्राम।** रेलवे में 1.45 लाख नौकरियां देने की रेल मंत्री की घोषणा का रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अमित गोयल ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि रेलवे में इन नौकरियों के बाद देश के युवाओं को स्थायी रोजगार मिल जाएगा। इससे बेरोजगारों की संख्या में कमी आएगी। सरकार की यह प्रयास है कि युवाओं को हर स्तर पर रोजगार देकर देश में बेरोजगारी के आंकड़े को कम किया जाए।

रेल मंत्री के वक्तव्य का हवाला देते हुए अमित गोयल ने कहा कि रेलवे भर्ती परीक्षा के तहत आगामी एक-दो सप्ताह में करीब डेढ़ लाख लोगों को नौकरी मिलने की तैयारी रेलवे में चल रही है। रोजगार देने में रेलवे अग्रणी है। पिछले आठ वर्षों में रेलवे ने 3.45 लाख लोगों को रोजगार दिया है, जो काबिले तारीफ है। अमित गोयल के मुताबिक केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा रेलवे और टेलिकॉम सेक्टर में 100 इंटर्नशिप शुरू करने की घोषणा की है। इसके लिए थिंक इंडिया समिति से प्रस्ताव मांगा गया है। पीएम नरेंद्र मोदी के भाषण को साझा करते हुए अमित गोयल ने कहा कि- हमें माइंड नहीं, माइंडसेट बदलना है। अमृतकाल 2047 तक विश्व में भारत की पहचान विशेष होगी। रेलवे ने कवच तकनीक तैयार की है। इससे एक ट्रैक पर आमने-सामने आने वाली ट्रेनें अब टकराएंगी नहीं। इसके अलावा जनवरी 2023 में एक सप्ताह में 5जी के 10 हजार टावर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। बात करें वंदे भारत ट्रेन की तो इसका तीसरा वर्जन भी जल्द ही आने की उम्मीद है। अमित गोयल ने कहा कि रेलवे में बहुत परिवर्तन हो चुके हैं। लंबी दूरी की ट्रेनों को रेलवे के बेड़े में लगातार शामिल किया जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में रेलवे ने खूब तरक्की की है। देश के लोगों को रेलों में सुविधाओं में इजाफा किया गया है।

# जनहित व समाज के लिये समर्पित होकर कार्य करें युवा : सुषमा शर्मा



गुरुग्राम में पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस शिविर में मौजूद अतिथि।

**गुरुग्राम।** युवाओं को सभी प्रकार की समाज सेवाओं से जुड़े हुए रचनात्मक कार्यों का जरूरी प्रशिक्षण लेकर सदैव जनहित व समाज के लिये समर्पित होकर कार्य करना चाहिए, ताकि समाज व देश की तरक्की में उनका योगदान सुनिश्चित हो सकें। यह बात भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा की कोषाध्यक्ष सुषमा शर्मा ने राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में कही। महाविद्यालय में रेडक्रास सोसायटी गुरुग्राम एवं मेजबान कालेज द्वारा उपायुक्त गुरुग्राम के मार्गदर्शन में संयुक्त रुप से पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस शिविर आयोजित किया गया। शिविर के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सुषमा शर्मा ने कहा कि अगर आज का युवा अपने अहम को मारकर अपनी आखों को खोलकर समाजिक कार्य करता है तो वह अपने जीवन में सफलता के सभी चरणों को पार करेगा। इस शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण षिविर के आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में यूथ रेडक्रॉस की संयोजक एवं राजकीय कन्या महाविघालय की प्रवक्ता इंदु राठी, डा. शालिनी, डा. स्नेहलता, डा. हरीश, डा. जितेन्द्र, डा. श्रुति, डा. मानसी, डा. शिवालिक यादव, रेडक्रास के जिला प्रषिक्षण अधिकारी जितिन शर्मा, लेखाकार कुणाल मंगला, लिपिक आकांक्षा, लिपिक श्यामा राजपुत, रेडक्रॉस के कामकाजी महिला आवास की वार्डन कविता सरकार, रेडक्रास के आजीवन सदस्य कल्याणी एवं डा. एके शर्मा, प्रवक्ता राजकुमार, विक्रम भटनागर, आशीष कौशिक, सरोज बाला, अजय का विशेष योगदान मिला।

# समय सीमा में काम पूरा करें अधिकारी : सुधीर सिंगला



गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में अधिकारियों की बैठक लेते सुधीर सिंगला।

### विधायक ने अधिकारियों को गंभीरता से काम करने की दी नसीहत

### बिजली, पानी, सीवर, सड़कें दुरुस्त करने को कहा

### कोहरे में हादसे रोकने को गड्ढे भरवाए जाएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सोमवार** को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने यहां पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में नगर निगम व जीएमडीए के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में गुरुग्राम की विभिन्न सड़कों, सीवरेज व्यवस्था, जल निकासी व्यवस्था, सड़कों की साफ-सफाई, सड़कों पर लाइट्स व अन्य समस्याओं के स्थायी समाधान पर चर्चा हुई। चर्चा के बाद विधायक सुधीर सिंगला ने सख्त लहजे में अधिकारियों को सभी समस्याओं पर गंभीरता से समय सीमा के भीतर काम करने का आदेश दिया।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि आमजन की सुविधाओं का अधिकारियों को ध्यान रखना चाहिए। सीवरेज, सड़क, बिजली, पानी आदि मुख्य विषयों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। जहां से कोई सूचना या शिकायत मिले, उस पर तुरंत संज्ञान लेकर संबंधित समस्या को दूर किया जाना चाहिए। विधायक ने कहा कि जो भी सड़कें टूटी हुई हैं, उन्हें बनाने का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाए। सर्दियों का मौसम आ रहा है। कोहरा भी छाएगा। कोहरे के बीच टूटी सड़कें हादसों का कारण बन सकती हैं। इसलिए जल्द से जल्द सड़कों का काम पूरा करें। सीवरेज व्यवस्था और जल निकासी भी सही की जाए, ताकि आमजन परेशान ना हो। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि अधिकारी समय सीमा में जनता से जुड़े मुद्दों, विषयों पर काम करें। जो भी विकास के कार्य हैं, उनको पूरा करें, ताकि लोगों को परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि जनता की उम्मीदें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों से होती हैं।

हम सब जनता की सेवा के लिए हैं। इसमें किसी तरह की कोई कमी नहीं आनी चाहिए। सभी अधिकारी, कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होकर काम करें। तभी जनता को राहत मिल सकती है। बैठक में ज्वाइंट कमिश्नर विजय यादव, अखिलेश यादव, एमसीजी के गोपाल कलावत, विजय कुमार, ओपी गोयल, मनोज कुमार, रिषि मलिक, सुधीर कुमार, जीएमडीए के राजेश बंसल, सुभाष यादव, विक्रम सिंह व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# नवनियुक्त पार्षदों से जल्द ही लेंगे विकास कार्यों की सूची

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद सभी 21 वार्ड में होने वाले विकास कार्यों का सर्वे कराएगी। इसके साथ नवनियुक्त पार्षदों से अपने-अपने वार्ड में किराए जाने वाले विकास कार्यों की सूची मांगेगी। जिससे नगर परिषद सीमा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति दी जा सके।

नगर परिषद पार्षद व चेयरपर्सन का चुनाव हुए करीब 8 माह का समय बीत चुका है, लेकिन चेयरपर्सन के शपथ ग्रहण न होने सदन की बैठक नहीं हो पा रही हैं। जिसके कारण सभी 21 वार्ड में विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। विकास कार्यों की सभी वार्डों में समस्याएं बढ़ती जा रही है। लेकिन नगर परिषद प्रशासन ने बिना सदन में प्रस्ताव पास कराए ही विकास कार्यों को कराने का मन बना लिया है। जल्द ही नवनियुक्त पार्षदों से अपने-अपने वार्ड में कराएं जाने वाले विकास कार्यों की सूची मांगी जाएगी। उसके बाद परिषद कार्यालय में तैनात जेई पार्षदों द्वारा की जाने वाले विकास कार्यों की सर्व कराई जाएगी। ताकि अति आवश्यक वाले विकास कार्यों को समय पर कराया जा सके।

### रुके हुए विकास कार्य जल्द होंगे शुरू

**नगर** परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब डेढ माह पहले शहर में चल किए जा रहे विकास कार्यों पर किन्ही कारण वश रोक लग गई थी, लेकिन विकास कार्यों को जारी रखने के लिए निगम कमिश्नर से अनुमति की मांग गई थी। सूत्रों के अनुसार निगम कमिशनर ने डी प्लान से किए जा रहे विकास के कार्यों को जारी रखने की अनुमति दे दी है। यह कार्य नगर परिषद प्रशासन ने बरसात के बाद प्रत्येक वार्ड में मरम्मत के उद्देश्य से शुरू किए गए थे।

“ **नगर** परिषद सीमा क्षेत्र में ठप विकास कार्य नवनियुक्त पार्षदों की मांग पर कराएं जाएंगे। जिसके लिए जल्द ही पार्षदगणों को पत्र जारी करके कार्यों की मांग की जाएगी।

**धीरज कुमार ( एसडीओ नप )**

# मामूली झगड़े में युवक की नाक तोड़ी

**सोहना।** भोंडसी थाना के गांव घामडौज में गली में शौच करने पर पडोसी ने झगड़े के दौरान मुक्का मारते हुए नाक की हड्डी तोड़ दी। पीड़ित युवक को अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने पीड़ित युवक के चाचा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

घामडौज निवासी जगजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि रविवार को उसका भतीजा नरेश गली में शौच कर रहा था। जिससे पड़ोस में रहने वाला अन्य युवक रॉकी व उसके परिवार वालों ने मिलकर नरेश को पीटा। नरेश की पिटाई के दौरान रॉकी ने उसकी नाक पर जोरदार मुक्का मारा। जिससे नरेश की नाक से खून बहने लगा और उस पर सूजन आ गई। जिससे अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# किसी भी कार्य को प्रभावी तरीके से पूरा करने के लिए टीमवर्क जरूरी



गुरुग्राम विवि में आयोजित कार्यशाला में शामिल विवि के प्राध्यापक।

### जीयू में नैक मान्यता के लिए तैयारी विषय पर हुई कार्यशाला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी सेल द्वारा सोमवार को नैक मान्यता के लिए तैयारी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने मुख्य अतिथि तथा अग्रवाल पीजी कॉलेज बल्लबगढ़ के प्रिंसिपल डॉ. कृष्ण कांत, जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद के प्रो. डॉ. संदीप ग्रोवर और गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी हिसार से आए प्रो. नीरज दिलबागी ने विषय के विशेषज्ञ के रूप भाग लिया। विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कार्यशाला में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में नवाचार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना हम सभी का मुख्य ध्येय है। उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के मूल्यांकन के लिए नैक मूल्यांकन का विशेष महत्व है। कार्यक्रम को तीन सत्रों में आयोजित किया गया, जिसमें प्रथम सत्र में अग्रवाल पीजी कॉलेज बल्लबगढ़ के प्रिंसिपल डॉ. कृष्ण कांत के द्वारा नैक मूल्यांकन से संबंधित प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला। नैक के नवीनतम दिशा-निर्देशों पर चर्चा की। साथ ही नैक के उद्देश्यों को विस्तार से समझाया। इस दौरान उन्होंने इच्छाशक्ति जुनून और टीमवर्क के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी कार्य को प्रभावी और कुशल तरीके से पूरा करने के लिए टीमवर्क जरूरी है। दूसरे सत्र में जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद के प्रो. डॉ. संदीप ग्रोवर ने कहा कि अपने यहां होने वाली सभी गतिविधियों का डॉक्यूमेंटेशन जरूर करें। उन्होंने कहा कि नैक विजिट के लिए आंकड़ों का संकलन बहुत कठिन कार्य है, लेकिन बेहतर टीम वर्क से इसमें सफलता हासिल की जा सकती है।

आंकड़ों के संकलन के साथ-साथ इनके प्रस्तुतिकरण पर भी विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। अच्छा ग्रेड हासिल करने में इसकी अहम भूमिका है। इस दौरान उन्होंने स्टाफ द्वारा पूछे गए नैक संबंधी प्रश्नों के सरलता पूर्वक उत्तर भी दिए। तृतीय सत्र में नैक मान्यता में आईक्यूएसी प्रकोष्ठ की भूमिका विषय पर गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जीजेयू) हिसार के डॉ. नीरज द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

# शादी का झांसा देकर युवक नाबालिग को घर से ले भागा

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर युवक के खिलाफ नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज किया है। आरोपी युवक पड़ोस में बने फार्म हाउस में काम करता था। भोंडसी स्थित एक निजी फार्म हाउस पर रहने वाले पिता ने अपनी 15 वर्षीय नाबालिग के संदिग्ध हालत में लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित पिता ने भोंडसी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पड़ोस में बने फार्म हाउस पर जावीर उर्फ जावेद नामक युवक कभी-कभी काम करने आता है। नामजद युवक रविवार को उसकी बेटी को समय करीब साढे तीन बजे अपनी अपनी बाइक पर बैठाकर ले गया। उसकी बेटी ने घर से निकलते हुए समय कुछ नहीं बताया। वह अचानक से घर से बाहर निकलने पर लापता हो गई।

# अरावली पहाड़ी में चिह्नित कर अवैध निर्माण होंगे धराशाही : धीरज कुमार

### नगर परिषद, वन विभाग, पर्यावरण और खनन विभाग आंखें कर ली हैं बंद

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद के वार्ड एक के गांव रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी क्षेत्र में अवैध निर्माण कार्य धड़ल्ले से किए जा रहे हैं। जिसकी आड़ में अवैध खनन भी किया जा रहा है। नगर परिषद विभाग से लेकर वन विभाग, पर्यावरण, खनन विभाग अधिकारी अपनी आंखें बंद करके बैठे हुए हैं।

मालूम रहे कि नगर परिषद सीमा क्षेत्र के वार्ड-एक के गांव रायसीना से लगती हजारों एकड़ अरावली पहाड़ी क्षेत्र में फार्म हाउसों की चार दीवारी और पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। जबकि अरावली पहाड़ी में बनें अवैध फार्म हाउस निर्माण को लेकर एनजीटी की अदालत तथा हाईकोर्ट में दर्ज मामले विचाराधीन है, लेकिन अरावली में अवैध निर्माण करने वाले बेखौफ होकर अवैध निर्माण करने में मस्त हैं।

नगर परिषद विभाग से लेकर वन विभाग, पर्यावरण, खनन विभाग अधिकारी अरावली में चल रहे अवैध निर्माण कार्यों की तरफ ध्यान नहीं दे रहे है। जिससे अवैध निर्माण करने वालों के हौसलें बुलन्द हो रहे है। जानकार सूत्रों के अनुसार वर्तमान समय में अरावली पहाड़ी सीमा क्षेत्र में 5 से 7 अवैध निर्माण कार्य वर्तमान समय में चल रहे हैं।

“ **अरावली** पहाड़ी में जल्द ही अवैध निर्माण कार्यों की पहचान की जाएगी। ताकि उनके खिलाफ अभियान चलाते हुए रोक लगाई जाएगी और तुरन्त अवैध निर्माण को जेसीबी से गिराया जाएगा।

**धीरज कुमार ( एसडीओ नप )**

### चोर रास्तों से रात में पहुंच रही निर्माण सामग्री

**नगर** परिषद द्वारा अरावली में आने वाले दो मुख्य रास्तों पर नाकाबंदी करके भवन सामग्री को लेकर जाने पर पूर्णरुप से प्रतिबंध किया हुआ है। इसके बावजूद अवैध निर्माण का ठेका लेने वाले ठेकेदार चोर रास्तों से रात के अंधेरे में भवन निर्माण सामग्री पहुंचाते हैं।

# ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल: फन फेयर में पैरेंट्स ने बच्चों संग आनंद लिया

### इस कार्यक्रम में शहर भर के 450 पैरेंट्स और बच्चों ने भाग लिया

पायनियर समाचार सेवा। गुड़गांव




**ऑर्किड्स** द इंटरनेशनल स्कूल (ओआईएस) ने एक अनोखे तरीके से बाल दिवस मनाने के लिए फन फेयर - रिलीव योर चाइल्डहुड का आयोजन किया। शहर भर के 450 से अधिक अभिभावकों और बच्चों ने मौज-मस्ती भरे कार्निवल में भाग लिया और साथ मिलकर इन यादगार पलों का लुत्फ उठाया।

यह कार्यक्रम सभी के लिए खुला था,और इसमें प्रवेश नि:शुल्क था। स्कूल ने 80और 90 के दशक के खेलों को पुनर्सृजित किया, जिनमें भाग लेकर पैरेंट्स अपने बचपन के दिनों में पहुँच गए। इसमें बिग बाउंसी कैसल, बैलून डार्ट्स, रिंग टॉस, बैलून स्कल्पचर, म्यूजिकल चेयर, लेमन स्पून, और मैजिक शो जैसे आकर्षक खेलों की श्रृंखला आयोजित की गई जहाँ अभिभावकों और बच्चों को बेहतर तरीके से घुलने-मिलने और एक साथ मौज-मस्ती करने का अवसर मिला। इस बाल दिवस, हम अभिभावकों सहित हमने में से हर किसी के भीतर मौजूद बालमन की खुशियाँ मनाना चाहते थे। पैरेंट्स के लिए यह फन फेयर कार्यक्रम 32 स्कूलों में आयोजित किया गया था ताकि वो अपने बचपन के खेलों का अपने बच्चों के साथ दोबारा आनंद ले सकें और बीते यादगार पलों को फिर से जी सकें। हम फन फेयर को लेकर विभिन्न शाखाओं में प्राप्त हुई प्रतिक्रियाओं से पूरी तरह से रोमांचित हैं। हम निकट भविष्य में इस तरह के और अवसर सृजित करने की उम्मीद करते हैं, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल की नेशनल हेड - मार्केटिंग, मांडवी वर्मा ने उक्त बातें कहीं। यह मेगा इवेंट 10 शहरों में 32 ओआईएस शाखाओं में आयोजित किया गया था।

# पटौदी विस के सभी 99 गांवों के लिए विकास की योजना तैयार: जरावता

**गुरुग्राम।** करीब तीन दर्जन नवनिर्वाचित सरपंचों ने पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता से मानेसर स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। उनसे गांव के विकास कार्यों के बारे में चर्चा हुई। विधायक ने सभी नवनिर्वाचित सरपंचों एवं पंचों को शुभकामनाएं दीं और विश्वास दिलाया कि सभी सरपंचों के साथ बिना किसी भेदभाव के एक समान रूप से सभी गांव में विकास कार्य कराए जाएंगे। किसी भी विकास कार्य में पैसे की कमी नहीं आने दी जाएगी।

विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि प्रथम चरण में उन्होंने मुख्यमंत्री से पटौदी हलके के सभी गांवों के लिए 100 करोड़ रुपये की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि 25 करोड़ रुपये अभी पटौदी विधानसभा की 31 सड़कों की रिपेयर के लिए दिए हैं। 15 करोड़ रुपये की घोषणा मंडी से फरूखनगर वाया महचाना रोड के लिए की है। उन्हें उम्मीद है कि 31 गांव की सड़कों की रिपेयर के टेंडर 27 नवंबर को आचार संहिता हटने के बाद तुरंत लगा दिए जाएंगे।

विधायक ने कहा कि उन्होंने 15 किलोमीटर की सड़कें, तीन कर्म और चार कर्म के सभी रास्ते बनाने के लिए भेज दिए हैं। इसकी भी हमें मंजूरी मिल चुकी है। इसके अलावा करीब 10 करोड़ के लगभग मार्केटिंग बोर्ड की सड़कों का टेंडर लगा दिया गया है। इनमें कुछ कार्य शुरू हो चुके हैं और कुछ कार्य 27 नवंबर के बाद शुरू हो जाएंगे। इसके अलावा जो तीन चार नए रोड बने हैं, जो अनुसूचित जाति कंपोनेंट स्कीम में हैं। उनको भी जल्दी ही बनाना आरंभ करवाया जाएगा।



गुरुग्राम के मानेसर स्थित अपने कार्यालय में लोगों से मुलाकात करते विधायक सत्यप्रकाश जरावता।

# केरल इस साल एक लाख उद्यमियों को इन्क्यूबेट करेगा : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** 41वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में केरल पवेलियन का हुआ उद्घाटन केरल के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने सोमवार को कहा कि राज्य एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र बनने और देश में बढ़ते आंतरिक व्यापार और सेवाओं को भुनाने के अपने प्रयास के तहत नए उद्यमिता को आक्रामक रूप से बढ़ावा दे रहा है।

नई दिल्ली में 41वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में केरल पवेलियन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि राज्य केरल स्वाद के अधिक उत्पादों का उत्पादन करने के लिए इस साल 1 लाख नए उद्यमी बनाने की योजना बना रहा है। मंत्री ने कहा कि केरल में पर्यटन, खेल और स्थानीय कारीगरों पर आधारित अद्वितीय बिक्री वाले उत्पाद हैं और राज्य उनका राष्ट्रीय स्तर पर विपणन करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। हम इस साल 6 मिलियन नए एसएमई और 1 लाख नए उद्यम शुरू करने की योजना बना रहे हैं। इस तरह की प्रदर्शनियां राज्य के एसएमई के लिए फायदेमंद हैं। हम हर गांव में ज्यादा से ज्यादा उद्यमी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। हम उनकी वकालत कर रहे हैं, बालगोपाल ने कहा।

उन्होंने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से देश के विभिन्न हिस्सों में, विशेष रूप से अन्य राज्यों की राजधानियों में, स्थानीय रूप से निर्मित चीजों को राष्ट्रीय स्तर पर बाजार में लाने के लिए और अधिक व्यापार मेले आयोजित करने का आग्रह किया। किसी चीज का उत्पादन करना आसान है, उसकी मार्केटिंग करने से ज्यादा आसान है। मार्केटिंग एक कठिन काम है। इसलिए हमें अपनी स्थानीय स्तर पर बनी चीजों की मार्केटिंग के लिए और मेलों की जरूरत है। हम केंद्रीय मंत्री से देश के अलग-अलग हिस्सों में इस तरह के ट्रेड फेयर लगाने का अनुरोध कर रहे हैं। जैसा कि नारा कहता है, हमें 'स्थानीय चीजों के बारे में मुखर होना होगा', बालगोपाल ने कहा। व्यापार मेले में केरल पवेलियन में कृषि, हर्बल, हथकरघा, आयुर्वेदिक, मसालों और वस्त्र उत्पादों को प्रदर्शित करने वाले लगभग 30 स्टॉल हैं। इस आयोजन में उनतीस राज्य और केंद्र शासित प्रदेश भाग ले रहे हैं। ट्रेड फेयर में केरल और उत्तर प्रदेश फोकस स्टेट्स के तौर पर हिस्सा ले रहे हैं। बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र भागीदार राज्य हैं।



# प्रदूषण तो कम हुआ, लेकिन जानलेवा गडढ़ों से मुक्ति कैसे मिले?

**कविता।** फरीदाबाद

**शहर** के रास्तों पर नगर निगम व एफएमडीए और दिल्ली आगरा टोल रोड पर एनएचएआई द्वारा प्रदूषण कम करने के लिए पानी का छिड़काव लगातार किया जा रहा है। जिससे कुछ हद तक दिवाली के बाद लगातार बढ़ रहे प्रदूषण का स्तर कुछ हद तक कम हो गया है, लेकिन सोमवार को एक बार फिर एक्यूआई का लेबल 316 दर्ज किया गया। जोकि सामान्य से लगभग साढ़े छह गुणा अधिक है। ऐसे में सड़क पर निकलने वाले लोगों के मन में एक सवाल उत्पन्न हो रहा है। जब विभिन्न विभाग मिलकर प्रदूषण को कम कर सकते हैं तो क्या सड़क पर हो रहे जानलेवा गड्ढों से मुक्ति क्यों नहीं दिलवा सकते। ऐसा ही नजारा शहर के विभिन्न हिस्सों में देखने को मिला। जहां हार्डवेयर चौक पर पानी डालकर प्रदूषण को कम कर दिया गया, लेकिन चौक पर मौजूद गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बनते नजर आए। वहीं नेशनल हाईवे पर भी बाटा पुल क्रास करते ही सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हैं, इसके अलावा बल्लभगढ़ पुल के आसपास भी गड्ढे हैं, जिन्हें बरसात में पुलिस ने भरने का काम कर दिया था, लेकिन अब एक बार फिर वह जानलेवा हो चुके हैं।



नेशनल हाईवे पर एनएचएआई के द्वारा पानी का छिड़काव।


हार्डवेयर चौक पर पानी के छिड़काव के बाद बने गड्ढे।

**कम नहीं हुआ प्रदूषण :** प्रदूषण को कम करने के लिए लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा है। जिससे जिले में पिछले कुछ दिनों से प्रदूषण के स्तर में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। हवा चलने पर एयर क्वालिटी इंडेक्स थोड़ा कम हो जाता है और हवा की गति थमने पर फिर से बढ़ना शुरू हो जाता है। दो दिन तक फरीदाबाद का एक्यूआई खराब श्रेणी में बना रहा, लेकिन हवा की गति थमते ही सोमवार को यह फिर से 300 पार कर बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया है। फरीदाबाद का एक्यूआई 316 दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग साढ़े छह गुना अधिक है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से जारी एयर बुलेटिन के अनुसार सोमवार को फरीदाबाद का एक्यूआई 316 दर्ज किया गया। अलग-अलग क्षेत्रों को देखें तो कि एनआईटी क्षेत्र की हवा सबसे अधिक खराब रही। यहां का एक्यूआई 355 दर्ज किया गया। सेक्टर 16 क्षेत्र में 342, सेक्टर 11 क्षेत्र में 335 व सेक्टर 30 क्षेत्र में 231 एक्यूआई दर्ज किया गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रीजनल ऑफिसर स्मिता ने बताया कि सोमवार को एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया है। हमारी टीमें प्रदूषण संबंधित गतिविधियों की निगरानी कर रही हैं।

# महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की सबसे पहली प्राथमिकता : पुलिस आयुक्त

## दुर्गा शक्ति टीम को महिला सुरक्षा के संबंध में दिए अहम दिशा-निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने आज सेक्टर 21सी स्थित अपने कार्यालय में दुर्गा शक्ति टीम को महिला सुरक्षा के संबंध में विशेष दिशा निर्देश देकर महिलाओं की सुरक्षा के प्रति त्वरित रूप से कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा शक्ति टीम को हर समय तैयार रहने की जरूरत है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त द्वारा अभी हाल ही में महिला सुरक्षा के संबंध में बहुत ही सराहनीय पहल शुरू की गई है। जिसमें रात्रि के समय यदि कोई महिला परिवहन का साधन न होने के कारण रास्ते में अकेली असुरक्षित महसूस कर रही है तो वह फरीदाबाद पुलिस द्वारा जारी किए गए कंट्रोल रूम नंबर 9999150000, 0129-2227200, 7290010000 पर संपर्क करके पुलिस की मदद ले सकती है। जिसमें उसके नजदीकी दुर्गा शक्ति, पीसीआर या इआरवी टीम उस महिला से संपर्क करके उसे सुरक्षित घर तक छोड़कर आएगी। इसी संबंध में आज पुलिस आयुक्त ने दुर्गा शक्ति की टीमों को अपने कार्यालय में बुलाकर इस संबंध में कई तरह के विशेष दिशा निर्देश देते हुए कहा कि महिला सुरक्षा फरीदाबाद पुलिस की पहली प्राथमिकता है और इसके लिए जितना जल्दी हो सके, त्वरित कार्रवाई की जाए। यदि कोई महिला पुलिस से संपर्क करती है और उसे किसी प्रकार की मदद की आवश्यकता है तो वहां नजदीक में जो भी पुलिस टीम मौजूद होगी वह तुरंत महिला के पास पहुंचकर उसकी हर संभव मदद करना सुनिश्चित करेगी। रात के समय यदि कोई महिला बीच रास्ते किसी कारणवश घर पहुंचने में असमर्थ महसूस करती है तो पुलिस टीम उसे सुरक्षित घर तक छोड़कर आएगी। पुलिस आयुक्त ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोई ढील नहीं बरती जाए। इसके अलावा पुलिस गाड़ी में सभी प्रकार के सुरक्षा उपकरण जैसे फर्स्ट एड बॉक्स, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, शील्ड, लाठी-डंडे इत्यादि सामान मौजूद रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति महिलाओं को किसी भी प्रकार से परेशान करता है तो उसके खिलाफ कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई करके महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर फरीदाबाद पुलिस काफी गंभीरता के साथ काम कर रही है। जिसके तहत पुलिस लगातार स्कूल, कॉलेज, संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर महिलाओं और बच्चियों को महिला विरूद्ध अपराध के साथ साथ साइबर क्राइम के प्रति भी जागरूक करने का निरंतर कार्य कर रही है।


कार्यालय में दुर्गा शक्ति की टीम को संबोधित करते पुलिस कमिश्नर विकास अरोडा।

# इंदिरा कॉलोनी में हुए पप्पू हत्याकांड के दो और आरोपी गिरफ्तार

## मुख्य आरोपी फिरोज को पहले ही भेजा जा चुका है जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**चार दिन** पहले फरीदाबाद की इंदिरा कॉलोनी में ईट पत्थर से चोट मारकर की गई 49 वर्षीय पप्पू सिंह की हत्या के मामले में डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा व एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राजीव कुमार की टीम ने मामले में शामिल दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस द्वारा मामले के मुख्य आरोपी फिरोज को पहले ही जेल भेजा जा चुका है वहीं इस मामले में तीन अन्य आरोपियों सूरज, सुनील उर्फ धोड़े और गोलू की गिरफ्तारी बकाया है। जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रोहित उर्फ बल्ला (27) तथा बंटी (26) का नाम शामिल है। आरोपी रोहित पलवल जिले के हसनपुर एरिया का रहने वाला है वहीं आरोपी बंटी यूपी के फिरोजाबाद का निवासी है। आरोपी रोहित गैस कटिंग तथा आरोपी बंटी गुडईयर कंपनी में सफाई का काम करता है। 9 नवंबर की रात आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर इंदिरा कॉलोनी के रहने वाले 49 वर्षीय पप्पू सिंह की ईट पत्थर से चोट मारकर हत्या कर दी थी।

इस मामले में पुलिस द्वारा सेक्टर 8 थाने में आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वारदात के मुख्य आरोपी फिरोज को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने कल आरोपी रोहित और बंटी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि वारदात की रात आरोपियों ने मृतक पप्पू सिंह के नाबालिग बेटे विष्णु के साथ बैठकर शराब पी थी और रात करीब 11.45 बजे जब विष्णु और आरोपी फिरोज पप्पू सिंह के घर के बाहर पहुंचे तो पप्पू सिंह ने आरोपी फिरोज से कहा कि वह उनके बेटे को बिगाड़ रहा है।

# हेल्थ इंडेक्स में दिल्ली 11वें और मुंबई 76वें स्थान पर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अन्य** सभी भारतीय शहरों की तुलना में गुजरात के वडोदरा के निवासियों का दिल औसतन सबसे ज्यादा स्वस्थ है। लोगों की सहूलियत के हिसाब से घर बैठे स्वास्थ्य जांच सेवा देने में अग्रणी हेल्थ टेक फर्म हेल्थियंस के व्यापक अध्ययन में यह बात सामने आई है। दिल की सेहत के मामले में वडोदरा के लोगों को 10 में से 7.5 अंक मिले हैं। दूसरे स्थान पर रहे लुधियाना से यह बहुत आगे है। लुधियाना का स्कोर 6.9 रहा है। इसके बाद 6.8 अंक के साथ जालंधर का स्थान है। टॉप 10 में अन्य शहर क्रमशः अमृतसर, अहमदाबाद, लखनऊ, पानीपत, पटियाला, कानपुर और चंडीगढ़ हैं।

हेल्थियंस के संस्थापक एवं सीईओ श्री दीपक साहनी ने कहा, 'बदलती जीवनशैली और खानपान की आदतों के साथ अन्य विकासशील देशों की तरह भारत में भी डायबिटीज, मेटाबोलिक सिंड्रोम, उच्च रक्तचाप, धूम्रपान आदि के मामले बढ़े हैं और ये सभी हृदय रोगों से जुड़े कारक हैं। वर्तमान में, हृदय रोग भारतीयों में असमय मृत्यु का सबसे बड़ा कारण है और एक तथ्य यह भी है कि बहुत कम भारतीय ही नियमित रूप से दिल की सेहत के लिए जांच करवाते हैं। यह समस्या धीरे-धीरे एक महामारी जैसी बनती जा रही है और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को इस मामले में मिलकर कुछ करने की आवश्यकता है।' लोगों में कुल कोलेस्ट्रॉल, एलडीएल कोलेस्ट्रॉल, एचडीएल कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर के आधार पर शहरों की स्कोरिंग की गई है। ये नतीजे 'भारत में लोगों के दिल की सेहत को जानने के लिए हेल्थियंस द्वारा किए गए अध्ययन दिल की बात' का हिस्सा हैं। इसके लिए हाल के महीनों में भारत के 250 शहरों और कस्बों में 20 और उससे अधिक उम्र के 26.6 लाख लोगों के ब्लड टेस्ट से मिले डाटा का विश्लेषण किया गया। दिल की सेहत से संबंधित भारत में यह अब तक का सबसे बड़ा डाटा एनालिसिस है।



# शर्म अल-शेख, मिस्र में सीओपी 27 की अहम भूमिका

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जलवायु** परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र का सम्मेलन कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज के 27वें संस्करण (सीओपी27) का आयोजन मिस्र के शर्म अल-शेख में हो रहा है। दुनियाभर से 40 हजार से ज्यादा प्रतिनिधि एवं प्रतिभागी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। एक्शनएड एसोसिएशन भी इस कॉन्फ्रेंस का हिस्सा है। वैश्विक जलवायु संकट से निपटने की दिशा में सीओपी27 अहम भूमिका निभाएगा। मिस्र में इस सम्मेलन का आयोजन यह उम्मीद भी जगाता है कि कॉन्फ्रेंस में जलवायु परिवर्तन के कारण सबसे ज्यादा संकट का सामना कर रहे अफ्रीकी महाद्वीप की चिंताओं पर फोकस किया जाएगा।

सीओपी27 में इस बार चर्चा के चार अहम बिंदु अडेप्टेशन, मिटिगेशन, फाइनेंस और कोलैबोरेशन तय किए गए हैं। देखना यह है कि इन मसलों पर किस हद तक समाधान की राह निकल सकती है, क्योंकि इस जलवायु संकट के सबसे बड़े जिम्मेदार विकसित देश हमेशा अडेप्टेशन और मिटिगेशन के मद में पैसा देने की जिम्मेदारी से बचने की कोशिश करते रहे हैं। 2009 में विकसित देशों ने मिलकर 2020 तक सालाना 100 अरब डॉलर क्लाइमेट फाइनेंसिंग का वादा किया था, ताकि विकासशील देश जलवायु परिवर्तन से निपटने और भविष्य के अनुरूप तैयार होने में सक्षम हो सकें। वैसे तो यह लक्ष्य अपर्याप्त था, फिर भी विकसित देश इसे पूरा भी नहीं कर सके। इस मद में पैसा अनुदान के रूप में देने के बजाय उन्होंने ज्यादातर हिस्सा लोन के रूप में दिया है, जिसे अंततः विकासशील देशों को चुकाना होगा। ओईसीडी के मुताबिक, 2013 से 2019 के बीच 60 प्रतिशत द्विपक्षीय और 88 प्रतिशत बहुपक्षीय क्लाइमेट फाइनेंस लोन के रूप में दिया गया।

शर्म अल-शेख में सम्मेलन में हिस्सा ले रहे एक्शन एड एसोसिएशन के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर संदीप चाचरा ने कहा, 'जलवायु परिवर्तन से निपटने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देनी चाहिए। हमें इन वर्गों की भूमिका एवं योगदान हो समझना होगा। इनमें छोटे किसान, स्थानीय लोग, मछुआरे और कचरा बीनने आदि जैसे काम करने वाले शामिल हैं। ये समुदाय लगातार पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना योगदान दे रहा।



# डालसा ने किया बाल मेला का आयोजन




**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के दिशा निर्देशानुसार एवं सुकीर्ति गोयल मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में आर्य कन्या सदन, सेक्टर 15, फरीदाबाद में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बाल दिवस पर बाल मेला का आयोजन किया गया।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुकीर्ति गोयल ने बताया कि इस मेले में बच्चों द्वारा पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का आयोजन भी किया गया तथा आर्य कन्या सदन में रह रहे बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें गीत संगीत व बच्चों द्वारा बाल दिवस पर स्लोगन व भाषण प्रतियोगिता भी रखी गई मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने इस अवसर पर बच्चों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाल दिवस हर साल 14 नवंबर को मनाया जाता है 14 नवंबर पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस है उनका जन्मदिन बाल दिवस के रूप में इसलिए मनाया जाता है क्योंकि वह बच्चों से प्यार और स्नेह करते थे रविंद्र गुप्ता पैनल एडवोकेट ने कहा कि भारत के शिक्षकों का कर्तव्य है कि हमारे देश के बच्चों की सोचने की और काम करने की शक्ति में इस तरह का बदलाव लाए की बच्चे बड़े होकर सदाचारी, योग्य नेता, निपुण कलाकार, इमानदार इंजीनियर बनें।

# तीन दिवसीय अंतर विद्यालय प्रतियोगिताओं का आगाज

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**फरीदाबाद** प्रोग्रेसिव स्कूल कॉनफ्रेंस के सानिध्य में दिल्ली स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-88, ग्रेटर फरीदाबाद में अंतर विद्यालय प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया। एफपीएससी के प्रधान नरेन्द्र परमार ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एफपीएससी के द्वारा ड्राइंग प्रतियोगिता, हिन्दी-अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें फरीदाबाद के 37 सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूलों के विद्यार्थियों ने दो श्रेणियों में भाग लिया, जिसमें कि कक्षा 3 से 5 श्रेणी 'अ' और कक्षा 6 से 8 श्रेणी 'ब' बनाए गए। कार्यक्रम में कुल 72 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

शुरुआत में दिल्ली स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत से आए हुए अतिथियों व बच्चों का स्वागत किया। एफपीएससी के प्रधान नरेन्द्र परमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस अंतर विद्यालय प्रतियोगिता के आयोजन का मकसद विद्यार्थियों में टीम स्पिट की भावना से काम करना और आने वाले भविष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपने बच्चों को तैयार करवाना है। एफपीएससी के वरिष्ठ उपप्रधान टीएस दलाल ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि एकार्ड हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ. जितेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि संस्कारहीन शिक्षा अर्थहीन है। बच्चे शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी सीखे। इस प्रतियोगिता में श्रेणी 'अ' में मॉडर्न स्कूल, सेक्टर-17 की छात्रा 'सना अमिद सैयद' ने बाजी मारी दिल्ली स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-88 की वंशिका शैली ने द्वितीय व स्कॉलर्स प्राइड की प्रियांशी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्रेणी 'ब' में दिल्ली स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-88 की छात्रा 'मन्नत' ने बाजी मारी होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल की छात्रा आक्रिति पांड़ा ने द्वितीय व विद्या निकेतन स्कूल की जिग्यासा लोहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में दिल्ली स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल के मैनेजर प्रयास दलाल ने विभिन्न स्कूलों से आए हुए अध्यापकों, छात्रों एवं एफपीएससी के पदाधिकारियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में एफपीएससी के महासचिव राजदीप सिंह, कोषाध्यक्ष भारत भूषण, नारायण डागर, वाई. के महेश्वरी, बी.डी. शर्मा, विनोद जोसेफ, प्रिंसिपल सुनीता सिंह एवं वाइस प्रिंसिपल संगीता कक्कड सम्मिलित हुए।



# पंडित एलआर कॉलेज होगा जोन का यूथ फेस्टिवल

**फरीदाबाद।** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के फरीदाबाद-झज्जर जोन का यूथ फेस्टिवल इस बार फरीदाबाद के समयपुर सोहना रोड स्थित पंडित एलआर कॉलेज में आयोजित होगा। सोमवार को कॉलेज में मीटिंग की हुई, जिसमें फेस्टिवल के लिए 6, 7 व 8 दिसंबर की तारीख तय की गई है।

मीटिंग की अध्यक्षता यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर यूथ वेलफेयर डॉ जगबीर राठी ने की। उन्होंने कहा कि सभी कॉलेज हार-जीत की सोच से ऊपर उठकर इस फेस्टिवल में हिस्सा लें। यह छात्रों के बौद्धिक विकास व आत्म विश्वास के लिए जरूरी है। मीटिंग में तीनों जिलों के 24 कॉलेजों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। एमडी यूनिवर्सिटी के यूथ वेलफेयर डिपार्टमेंट ने अपने कॉलेजों को दो जोन में बांटा हुआ है। इसमें सोनीपत जोन व फरीदाबाद-झज्जर जोन शामिल हैं। पहले इन कॉलेजों के लिए जोनल यूथ फेस्टिवल आयोजित होता है और उसके बाद जीतने वाली टीमें इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में जाती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### डीपीएस ने किया चौथे वार्षिक उत्सव का आयोजन




**फरीदाबाद।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेक्टर 98, फरीदाबाद ने अपने चौथे वार्षिक उत्सव का आयोजन सभी समय की पसंदीदा अलादीन और जादुई चिराग की जादुई गाथा के माध्यम से किया। विद्यालय के हर बच्चे ने जादुई दुनिया के बारे में कल्पना की तथा उसे अनुभव भी किया। स्कूल का प्रत्येक कोना अद्भुत तत्वों के साथ जीवित हो गया। जिसने पूरे वातावरण को अपनी आत्मा में घेर लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्णपाल गुर्जर बिजली और भारी उद्योग राज्य मंत्री, अनिल कुमार, प्राचार्य दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेक्टर 19, फरीदाबाद तथा अन्य प्रतिष्ठित मेहमानों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। यह कार्यक्रम दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ उसके बाद छात्र-छात्राओं ने नृत्य और संगीत के माध्यम से आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। स्कूल की प्राचार्या ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं को नव नियुक्तियां प्रदान कीं। इसके बाद मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि या शिक्षा सा विमुक्तये, अर्थात शिक्षा वही है जो हमें अपने लक्ष्य की ओर ले जाए तथा उसे प्राप्त कराए। अंत में स्कूल की प्राचार्या स्वर्णांगिनी गुप्ता ने आए हुए सभी मेहमानों तथा अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

### अमृत है शिवपुराण कथा : बबली



**फरीदाबाद।** भूमिया बाबा मन्दिर बाढ़ मोहल्लाओल्ड फरीदाबाद मे आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के शुभारंभ के प्रथम दिवस कलश यात्रा के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर व्यास व शिवमहापुराण का पूजन कर कलश यात्रा की शुरुआत की। कथा का आयोजन डा ओपी शर्मा, चाहत पाराशर व समस्त बाढ मोहल्ला निवासियों ने किया। इस अवसर पर व्यास पं गोपालदास जी महाराज, होराम, मिथिलेश एडवोकेट, डा नरेन्द्र, रमेश पाराशर, मास्टर ताराचंद, जोगिंदर पाराशर, नानकचंद, रुपचंद, दलीप शास्त्री, पूरनचंद पाराशर सहित मातृ शक्ति भक्तजन उपस्थित रहे।

### जेसी बोस में इंजीनियरिंग छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 में दाखिला लेने वाले नये इंजीनियरिंग छात्रों के लिए एक सप्ताह का इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया है। विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग विषयों में विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले 800 से अधिक प्रथम वर्ष के विद्यार्थी इंडक्शन कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे है। कार्यक्रम का आयोजन डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर के कार्यालय द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके उपरांत सरस्वती वंदना और विवि कुलगीत का गायन किया हुआ। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने दाखिला लेने वाले नये छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की कौशल, नवाचार और शोध-उन्मुख शिक्षण-अध्ययन प्रणाली विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक है। विवि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए छात्र-केंद्रित शिक्षा और जरूरी कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### ट्रायल पूरा, आज खुलेगी हार्ट सेंटर की ओपीडी

**फरीदाबाद।** शहर के बादशाह खान सिविल अस्पताल में पीपीपी मॉडल पर चल रहे हार्ट सेंटर की सुविधाएं छापा पड़ने के कारण प्रबंधन ने पूरी तरह से बंद कर दी गई थी, लेकिन मरीजों को हो रही परेशानी को देखते हुए हार्ट सेंटर द्वारा ओपीडी को ट्रायल के तौर पर शुरू किया गया। जिसमें मरीजों की संख्या को देखते हुए मंगलवार से एक बार फिर ओपीडी को नियमित रूप से शुरू कर करने का निर्णय लिया है, क्योंकि अभी सेंटर की ईको जांच करने वाली मशीन सील है, ऐसे में मरीजों को फिलहाल बाहर जाकर अपनी ईको जांच करानी होगी। हार्ट सेंटर प्रबंधकों ने इस कार्रवाई को गलत बताया था। उसके बाद उन्होंने ईको मशीन को शुरू कराने के लिए सिविल सर्जन को भी पत्र लिखा था। लेकिन अभी तक मशीन शुरू नहीं हो सकी। इस विषय में हार्ट सेंटर के सीईओ प्रवीण तिवारी ने बताया कि सोमवार को ट्रायल के तौर पर ओपीडी में कुछ मरीज देखे गए। मंगलवार से ओपीडी नियमित रूप से खोली जाएगी। उन्होंने कहा कि ओपीडी में आने वाले मरीजों को अगर ईको जांच की जरूरत होगी, तो उन्हें बाहर से अपनी जांच करानी होगी। हमने मशीन शुरू कराने के लिए सिविल सर्जन को पत्र लिखा हुआ है।

### महाराष्ट्र विजेता और उत्तराखंड की टीम बनी उपविजेता

**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 सेंट्रल पार्क के निकट मैदान में नेशनल वालीबॉल शूटिंग टूर्नामेंट का समापन किया गया। जिसमें ट्रोफी आईएससी जामनेर महाराष्ट्र की टीम ने अपने नाम की। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रोफी व नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। टुर्नामेंट में आठ टीम पहुंची, जिनमें तीन टीम महाराष्ट्र से और हूडा क्लब फरीदाबाद, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली एम्स और फरीदाबाद टीम शामिल रही। टूर्नामेंट की शुरुआत जिला नगर योजनाकार रेणुका सिंह ने रिबन काट कर की और खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने को कहा। फाइनल में आईएससी जामनेर महाराष्ट्र और उत्तराखंड की टीम पहुंची। सोमवार को फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार खेल का परिचय दिया। आर्गेनाइजेशन टीम के सदस्य जयभगवान शर्मा, सुखपाल सिंह, सत्यवान और किशोर गौतम ने बताया कि कभी महाराष्ट्र की टीम हावी होती तो कभी उत्तराखंड की। दोनों टीमों के बीच तीन सेट खेले गए, जिसमें आखिर में महाराष्ट्र की टीम ने उत्तराखंड की टीम को 21-18 के अंतर से हरा दिया। समाजसेवी अजय चंदीला और अभिषेक गर्ग के अलावा शुभव जैन ने विजेता टीम को 21 हजार रुपये और ट्रोफी देकर सम्मानित किया, जबकि उपविजेता टीम को 15 हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया।

### आराध्य धाम में फ्री हेल्थ चेकअप कैम्प

**फरीदाबाद।** आराध्य धाम में जिनालय में फ्री हेल्थ चेकअप कार्यक्रम हुआ। सुरेन्द्र के संस्थान सखी एनजीओ की ओर से यह सेवा कार्यक्रम हुआ, जिसमें आस पास के लगभग 100 लोगों ने लाभ लिया। सभी की ओर से सुरेन्द्र, रेखा के परिवार का अभिनन्दन किया गया। साथ ही सेक्टर 16 जिनालाय में डॉ सुभाष जैन ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस व पूज्य आचार्य ज्ञान सागर की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिभावान बच्चों का सम्मान, देश के प्रमुख आयुर्वेद व नेचरोपैथिक चिकित्सक डॉ सबास का उदबोधन, संस्कृति कार्यक्रम, साथ में पूज्य आचार्य अरुण सागर का प्रेरक उदबोधन व स्वादिष्ट भोजन संग भंडारा का कार्यक्रम कराया।

### आधुनिक भारत के निर्माण में नेहरू जी की अहम भूमिका

**फरीदाबाद।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश के विकास और लोकतंत्र की मजबूत बुनियाद रखी। देश की तरक्की में पंडित नेहरू का योगदान हमेशा विस्मरणीय रहेगा। उक्त वक्तव्य फरीदाबाद के पूर्व विधायक आनंद कौशिक ने आज पंडित जवाहर लाल नेहरू के 133वें जन्मदिवस पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि देश ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के दिखाए रास्ते पर चलकर ही तरक्की की है। पंडित नेहरू की लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि बच्चें उन्हें चाचा नेहरू के नाम से जानते हैं और उनका जन्मदिन बालदिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि नेहरू जी को बच्चे बहुत प्यारे थे इसलिए वे चाचा कहलाए और उनके जन्मदिवस को पूरा भारतवर्ष बाल दिवस के रूप में मनाता आ रहा है। इस मौके पर हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने कहा कि पंडित नेहरू ने अपने पूरे परिवार के साथ सारे सुख साधन छोडकर देश की आजादी के लिए काम किया और कष्ट भोगे।

# ईडब्लूएस आरक्षण
## कांग्रेस की रणनीति

**कांग्रेस** ने कुछ दिनों पहले ईडब्लूएस आरक्षण का स्वागत किया था, पर अब वह इस मुद्दे पर अपना दृष्टिकोण बदल सकती है। कांग्रेस ने आर्थिक रूप से कमजोर तबकों-ईडब्लूएस या सामान्य श्रेणी में गरीब लोगों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का समर्थन किया था, पर अब वह इस मुद्दे पर अपना दृष्टिकोण बदलने के लिए मजबूर हो सकती है। यह परिवर्तन इसलिए हो सकता है कि दक्षिणी राज्यों, खासकर तमिलनाडु इस फैसले से नाराज है। वास्तव में चेन्नै में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने 103वें संविधान संशोधन को 'खारिज' कर दिया है जो 10 प्रतिशत ईडब्लूएस आरक्षण का प्राविधान करता है। मजेदार बात है कि बैठक में शामिलल देश की सबसे पुरानी पार्टी की तमिलनाडु शाखा ने स्पष्ट रूप से पार्टी के घोषित दृष्टिकोण का विरोध किया। लेकिन कांग्रेस के अत्यधिक केन्द्रीकृत ढांचे के बावजूद आलाकमान ने तमिलनाडु के नेताओं की राय पर न सवाल उठाए और न उनसे स्पष्टीकरण मांगा। इस घटनाक्रम से आरक्षण के मुद्दे का भावनात्मक चरित्र भी स्पष्ट होता है। हालांकि, भावनात्मक होने का अर्थ आलोचनात्मक होना जरूरी नहीं है। ऐसा नहीं है कि ईडब्लूएस आरक्षण या किसी अन्य आरक्षण से देश में बेरोजगारी की समस्या दूर हो जाएगी। ईडब्लूएस आरक्षण लागू होने के बाद पहले दो वर्षों 2019 व 2020 में केन्द्रीय नौकरियों में इससे केवल 132 लोगों को लाभ हुआ। इसका अर्थ एक करोड़ में एक व्यक्ति लाभान्वित हुआ और वह भी दो साल में। यह उस देश में हुआ जहां राजनीतिक पार्टियां करोड़ों को रोजगार देने का वादा करती हैं।



इससे पूरी तरह स्पष्ट है कि बेरोजगारी की समस्या का समाधान आरक्षणों से नहीं हो सकता है। यदि सरकार सभी नौकरियां कुछ जातीय समूहों या समुदायों को देने का निर्णय कर ले तो भी करोड़ों लोग दूसरी जगहों पर रोजगार तलाशेंगे। यही कारण है कि आरक्षणों से ज्यादा आरक्षणों की मांग पैदा होती है और टकराव बढ़ते हैं क्योंकि कुल मिला कर इससे किसी को लाभ नहीं होता है। ईडब्लूएस का समर्थन कर कांग्रेस ने सोचा होगा कि उसे समाज के एक हिस्से का समर्थन मिलेगा, लेकिन इस खेल में समस्या यह है कि एक समूह को केवल दूसरे की कीमत पर लाभ मिल सकता है। सोमवार को कांग्रेस ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए इसका श्रेय लेने का प्रयास किया। सुप्रीम कोर्ट फैसले का स्वागत करते हुए पार्टी के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने यह कह कर 103वें संविधान संशोधन का श्रेय लेने का प्रयास किया कि इस प्रक्रिया की 'शुरुआत मनमोहन सिंह सरकार द्वारा सिन्हो आयोग के गठन के माध्यम से 2005-06 में की गई थी जिसने अपनी रिपोर्ट जुलाई, 2010 मे पेश की थी।' लेकिन अब इस दावे से कांग्रेस को परेशानी हो सकती है। वास्तव में संशोधन लाने वाली वर्तमान सत्तारूढ़ पार्टी को भी ईडब्लूएस आरक्षण के कारण दक्षिणी राज्यों में कदम बढ़ाने में परेशानी हो सकती है। कहा जाता है कि 2018 के अंत में मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में होने वाले नुकसान के कारण उसने यह कदम उठाया था। संभवत: इसके पीछे उद्देश्य उच्चजातीय मतदाताओं का समर्थन प्राप्त करना था। लेकिन कांग्रेस व भाजपा, दोनों को समझ लेना चाहिए कि राष्ट्रीय पार्टी होने के नाते 'आरक्षण' जैसी ध्रुवीकरण वाली तकनीकों से उनको दीर्घकालीन नुकसान हो सकता है।

# अवमूल्यन के बावजूद कमजोर नहीं रुपया

मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए आरबीआई की कार्रवाई से विनिमय दर प्रभावित होगी। मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के साथ रुपये को मजबूत करना जरूरी है।

**संतोष कुमार दास**
**सिद्धार्थ आर**
(लेखकगण आर्थिक मामलों के जानकार हैं)



भारत तथा अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं ने अमीर देशों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। हालांकि, रुपये की गिरावट पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की टिप्पणी को ठीक से समझा नहीं गया। उनके बयान पर सोशल मीडिया में ट्रोल व व्यंग्यात्मक टिप्पणियों की बाढ़ आ गई जिसमें कहा गया था कि 'रुपया कमजोर नहीं हुआ, बल्कि डालर मजबूत हो रहा है।' इस अवधारणा के हिसाब से रुपये की कीमत में गिरावट का अर्थ रुपये का कमजोर होना है, लेकिन वर्तमान समय में वित्त मंत्री का बयान तार्किक लगता है। रुपया कमजोर होने का अर्थ खरीद शक्ति में गिरावट है, लेकिन यदि ऐसा होता तो रुपये की कीमत सभी प्रमुख मुद्राओं की तुलना में गिरनी चाहिए। डालर की तुलना में मुद्रा की दरों में गिरावट एक वैश्विक परिघटना है और यह अमेरिका की ओर जा रहे बढ़ते पूंजी प्रवाह का संकेत देती है।

वैश्विक महामारी के समय विस्तारवादी राजकोषीय व मौद्रिक नीतियों के चलते अमेरिका में मुद्रास्फीति बढ़ गई। अमेरिका में इस साल सितंबर में मुद्रास्फीति 8.2 प्रतिशत हो गई, जबकि इसकी तुलना में सितंबर, 2021 में यह 5.39 प्रतिशत थी। अब फेडरल रिजर्व मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए तेजी से ब्याज दरें बढ़ा रहा है जो पिछले 40 साल में फेडरल रिजर्व-फेड द्वारा ब्याज दर में की जाने वाली सर्वाधिक आक्रामक वृद्धि है। फेड की ब्याज दरें वर्तमान समय में 3.25 प्रतिशत हैं जो इस वर्ष जनवरी से 0.25 प्रतिशत बढ़ गई हैं। ब्याज दर में इस वृद्धि के कारण पूरी दुनिया से पूंजी का प्रवाह अमेरिका की ओर हो गया है जिसके कारण डालर की मांग में भारी वृद्धि हुई है। इसके साथ ही अनेक परिघटनाओं के कारण भी डालर की कीमत में तेज वृद्धि हुई है। भू-राजनीतिक तनावों, खासकर यूक्रेन युद्ध तथा आईएमएफ व अन्य वैश्विक संस्थाओं द्वारा मंदी की संभावना घोषित करना इनमें शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप सारी दुनिया अपना पैसा सुरक्षित रखने के लिए डालर के सुरक्षित स्वर्ग की ओर भाग रही है और इसके परिणामस्वरूप डालर मजबूत हो रहा है।

डालर काफी लंबे समय से सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्रा है। पिछले 20 वर्षों में वैश्विक मुद्राओं में यह 20 प्रतिशत मजबूत हुआ है। इससे वैश्विक वित्तीय परिदृश्य में इसकी प्रभुत्वकारी भूमिका स्पष्ट होती है। आईएमएफ के एक अध्ययन से भी स्पष्ट होता है कि दुनिया के 40 प्रतिशत लेनदेन डालर के माध्यम से होते हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मजबूती, व्यापार की बहुत बड़ी मात्रा व वित्तीय लेनदेन में इसका प्रभुत्व डालर की बेहतरीन स्थिति बनाए रखते हैं। हालांकि, क्रिप्टोकरेंसी व डिजिटल भुगतान व्यवस्थाओं के तकनीकी विकास से डालर का प्रभुत्व लेनदेन में कम हुआ है। एक साल पहले अक्टूबर, 2021 में एक डालर लगभग 75 रुपये के बराबर होता था। हालांकि, विगत बुधवार को इसकी दरें 83 अंक तक पहुंच गई और डालर की तुलना में केवल 2022 में रुपये की कीमत में आठ प्रतिशत से अधिक गिरावट आई। आरबीआई लगातार हस्तक्षेप कर भारतीय विदेशी विनिमय बाजार में तरलता बनाए रखने का प्रयास करता है। पिछले सितंबर से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 110 बिलियन डालर की कमी आई है। इनमें से आधी कमी डालर की बिक्री के कारण और बाकी वैश्विक बांड मूल्यों में गिरावट के कारण आई है। फेड के आक्रामक दृष्टिकोण के कारण रुपये की कीमत में तेजी से गिरावट भारत के लिए बड़ी चिन्ता का विषय है। इससे आयातों की मांग में भारी वृद्धि होती है तथा पूंजी बाजार पर नकारात्मक प्रभाव संभावित है। इसके उलट डालर की तुलना में रुपये की कीमतें गिरने के बावजूद रुपया अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। पिछले साल पौंड की तुलना में रुपया लगभग 11.5 प्रतिशत मजबूत हुआ है पिछले अक्टूबर में प्रति पौंड रुपये की कीमत 104 थी जिसमें अब 92 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यूरो की तुलना में भी रुपये की कीमत बढ़ी है और इसी कालावधि में यह प्रति यूरो 82 रुपये से बढ़ कर अब 88 हो गई है। पिछले अक्टूबर में प्रति येन कीमत 65 पैसे थी जो अब 55 पैसे हो गई है।

इससे स्पष्ट है कि रुपया लगभग 15 प्रतिशत मजबूत हुआ है। पिछले साल प्रति कनाडियन डालर रुपये की कीमत लगभग 60 रुपये थी और इसमें ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है। स्वीडिश क्रोन की तुलना में भी रुपया मजबूत हुआ है, जबकि यह चीनी युवान व स्विस फ्रैंक की तुलना में इसी कालखंड में लगभग स्थिर रहा है।

अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में देखने पर भी अमेरिकी डालर तुलनात्मक रूप से मजबूत हुआ है। दुनिया की छः प्रमुख मुद्राओं से अमेरिकी डालर की तुलनात्मक कीमत का आंकलन करने वाले डालर सूचकांक में पिछले अक्टूबर में 93.8 से बढ़ कर 113 पहुंचने के संकेत मिले हैं। दूसरे शब्दों में छः प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डालर की कीमत में लगभग 20.5 प्रतिशत वृद्धि हुई है। जनवरी से सितंबर 2022 तक जापानी येन में लगभग 20 प्रतिशत गिरावट आई है।

ब्रिटिश पौंड व स्वीडिश क्रोनर में 15 प्रतिशत तथा यूरो में 10 प्रतिशत से अधिक गिरावट आई है। केवल ब्राजीलियन रियाल व मैक्सिकन पीसो ही डालर की तुलना में मजबूत होने वाली प्रमुख मुद्रा हैं। इस प्रकार डालर की तुलना में रुपये के अवमूल्यन को दुनिया की सभी प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डालर की मजबूती से जोड़ा जा सकता है। यह रुपये की कमजोरी का संकेत नहीं है। वास्तव में रुपये का प्रदर्शन सभी बड़े अमीर देशों की मुद्राओं की तुलना में बेहतर रहा है। हालांकि, रुपया विपरीत वैश्विक परिस्थितियों में भी मजबूत रहा है, पर वह इसके बावजूद डालर की तुलना में घट रहा है जिसके प्रभाव होंगे। बहुसंख्य अंतरराष्ट्रीय लेनदेन डालर में होते हैं, अत: ऐसे में रुपये के अवमूल्यन से आयात खर्च में वृद्धि होगी। एक तिहाई से अधिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-सीपीआई की चीजें आयातित होती हैं, इसलिए आयात खर्च बढ़ने से निश्चित रूप से देश में भी मुद्रास्फीति बढ़ेगी। आयात खर्च बढ़ने का अर्थ भारत का चालू खाता घाटा भी बढ़ेगा जो पहले से ही बहुत अच्छी स्थिति में नहीं है। विनिमय दर घटने से विदेशी मुद्रा भंडार में 110 बिलियन डालर की कमी आई है। आरबीआई का दावा है कि इसका 67 प्रतिशत डालर मजबूत होने तथा अमेरिकी बांडों की कीमतें बढ़ने से मूल्य निर्धारण में परिवर्तन के कारण है। अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने से भारतीय शेयर बाजार में भी अस्थिरता बढ़ रही है। इसका कारण हालिया महीनों में भारत और अमेरिका की ब्याज दरों में घटता अंतर है।

अमेरिका में लगातार जारी उच्च मुद्रास्फीति के कारण फेड को उच्च ब्याज दरों की घोषणा के लिए मजबूर होना पड़ा है ताकि उसे 2022 के अंत तक 4.25-4.5 के लक्षित दायरे में रखा जा सके।

इसके परिणामस्वरूप पूंजी का लगातार बाहर प्रवाह होगा और रुपये का अवमूल्यन होगा। रुपये की कीमतों में तेज गिरावट रोकने के लिए आरबीआई ने पहले ही 45 बिलियन डालर मूल्य के डालर बेचे हैं। आरबीआई के पास वर्तमान समय में उपलब्ध विदेशी मुद्रा भंडार केवल आठ महीने के आयात बिलों का भुगतान करने के लिए पर्याप्त है, जबकि छः महीने का संरक्षित भंडार न्यूनतम आवश्यकता है। मुद्रास्फीति को लक्षित दायरे के भीतर लाने के लिए आरबीआई की कार्रवाइयां विनिमय दर निर्धारित करने के लिए भी आवश्यक हैं। दीर्घकालीन दृष्टिकोण से देखें तो 'वोस्ट्रो खातों' के माध्यम से रुपये में अंतरराष्ट्रीय लेनदेन की आरबीआई की योजना से भारत की डालर पर निर्भरता कम होगी। इसके साथ ही डालर पर निर्भरता घटने से मुद्रास्फीति कम होगी तथा उसमें स्थिरता आएगी। इससे देश की आर्थिक वृद्धि ज्यादा टिकाऊ बन सकेगी तथा आयात बढ़ेंगे। अंतत: इससे एक अवधि बीतने के पश्चात रुपये की मजबूती पूर्णत: सुनिश्चित हो जाएगी।

# अतीत की भूलों की कीमत चुकाता भारत



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)

केंद्रीय मंत्री किरन रिजुजू ने अच्छा काम किया कि उन्होंने कश्मीर में जवाहरलाल नेहरू की गलतियों के साथ-साथ चीन से निपटने की उनकी नीति संबंधी भूलों की ओर जनता का ध्यान दिलाया। इन भूलों की भारत ने रक्त, धन और प्रतिष्ठा के रूप में बेहिसाब कीमत चुकाई है। नेहरू के तीन गुरु थे, उनके पिता मोतीलाल, गांधी और कृष्ण मेनन। मोतीलाल ने अपने बेटे को इशारा किया होगा कि भारत की एक चौथाई आबादी मुस्लिम है और एक अविभाजित उपमहाद्वीप आज 40 प्रतिशत से अधिक हो सकता है। मई 1947 तक, यह निश्चित नहीं था कि विभाजन होगा। इसलिए जवाहरलाल को मुसलमानों का नेतृत्व करने के लिए तैयार किया गया था, हिंदू एक ब्राह्मण के पीछे पंक्तिबद्ध होने के लिए बाध्य थे। यहां तक कि उनका शादी का निमंत्रण पत्र भी उर्दू में छपा था। यह मॉडल तब भी काम आया जब विभाजन के बाद नेहरू को अपने वोट बैंक के बड़े हिस्से के रूप में मुसलमानों की जरूरत थी। यह याद रखना होगा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और तत्कालीन प्रधान मंत्री के लिए सर्वसम्मति से चुने गए विकल्प थे।

हर तरह से, गांधी पूर्णतया मुस्लिम समर्थक होने के लिए कांग्रेस के आदर्श थे। वह प्रथम विश्व युद्ध के तुरंत बाद खिलाफत समिति के अध्यक्ष बनने की हद तक चले गये, जब नए सुधारवादी और क्रांतिकारी तुर्की नेता कमाल मुस्तफा के साथ-साथ विजयी अंग्रेजों ने समस्त सुन्नी इस्लाम के खलीफा और तुर्क साम्राज्य के पराजित सुल्तान को भी हटा दिया और निर्वासित कर दिया। भारत का तुर्की से कोई लेना-देना नहीं था, वास्तव में, मोहम्मद अली जिन्ना, तत्कालीन प्रमुख कांग्रेसी नेता- का मुस्लिम अलगाववादी लक्ष्य के प्रति उनका समर्थन भी अभी वर्षों दूर था- को खिलाफत आंदोलन से दूर रखा गया था। लेकिन गांधी की इस्लामी रूढ़िवादिता का समर्थन न करने की पैरवी नहीं की जाएगी।

नेहरू के गुरुओं की त्रिमूर्ति में कृष्ण मेनन तीसरे स्थान पर थे। वह कम्युनिस्ट रूझान वाले व्यक्ति थे, जिन पर नेहरू रक्षा और विदेशी मामलों में वैचारिक मार्गदर्शन लिया करते थे। यही वो व्यक्ति थे जिन्होंने नेहरू को आश्वस्त किया था कि माओत्से तुंग के नेतृत्व में समाजवादी देश चीन, युद्ध के मैदान में भारत के साथ संघर्ष नहीं करेगा। अधिक से अधिक, यह नीतिगत मुद्दों पर भिन्न हो सकता है। हर हाल में, भारत को खुद को एक समाजवादी शक्ति के रूप में पेश करना चाहिए। यह अपने इतिहास के आलोक में साम्राज्यवाद विरोधी होने के देश के रुख से मेल खाएगा, और तीसरी दुनिया का नेतृत्व करने की उनकी आकांक्षा के अनुरूप होगा। यह सलाह नेहरू के कानों में संगीत बन गयी। जवाहरलाल ने यह अनुमान नहीं लगाया था कि 1956 में ब्रिटेन और फ्रांस कर्नल नासिर के मिस्र पर हमला करेंगे और कुछ ही महीनों बाद खुश्चेव का सोवियत संघ हंगरी पर टैंकों और बंदूकों से हमला कर देगा। तीसरी दुनिया के नेता और नासिर के निजी मित्र के रूप में, भारत के प्रधान मंत्री ने कड़े शब्दों में एंग्लो-फ्रांसीसी आक्रमण की निंदा की। लेकिन जब हंगरी पर हमला हुआ तो नेहरू निराश थे। उन्हें कुछ आलोचनात्मक कहना पड़ा और इसलिए उन्होंने कहा :' हिंसा शायद ही कभी कुछ हल करती है। हमें उम्मीद है कि बुडापेस्ट पर काले बादल जल्द ही छंट जाएंगे।'' इसी तरह, भारतीय प्रधान मंत्री 1962 में चीनी आक्रमण से इतने स्तब्ध थे कि ऑल इंडिया रेडियो पर बोलते हुए उनके आंसू छलक पड़े : ''मेरा दिल असम के लोगों के लिए है।'' नेहरू के शब्दों से यह आभास हुआ कि असम हाथ से निकल गया है। हिंदी में उन्होंने कहा: ''असम खतरे में है।'' कश्मीर में जवाहरलाल नेहरू की भूलों को शेख अब्दुल्ला के साथ उनकी दोस्ती और बंधुत्व के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, जिसे बाद में ''घाटी का शेर'' कहा गया था। वह केवल कश्मीरी भाषा बोलने वालों में लोकप्रिय थे। जैसे ही कोई मुजफ्फराबाद या मीरपुर जाता है, जहां पंजाबी बोली जाती है, तो अब्दुल्ला गान नहीं चलता है। इसलिए, शेख की नेहरू को सलाह थी कि उन क्षेत्रों को अपनी योजना में शामिल न करें। जो, स्वर्गीय प्रो. बलराज मधोक के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के आदेश पर भारत के युद्धविराम के लिए सहमत होने का कारण था। इस तरह पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) का जन्म 1948 की अंतिम आधी रात को हुआ था। संयुक्त राष्ट्र की आज्ञा मानने की जिम्मेदारी अंतिम वायसराय माउंटबेटन को दी गई थी।

प्रो. बलराज मधोक, जो इस्कार्डु में पले-बढ़े थे, जहां उनके पिता राज्य सेवा में थे, ने लगातार इस तथ्य का विरोध किया कि इस तरह की व्यक्तिगत पसंद और नापसंद से राष्ट्रीय नीतियों को प्रभावित होना चाहिए। फिर भी, वह रक्त और धन के युद्ध की शुरुआत थी, जो कि अनुच्छेद 370 के उन्मूलन के साथ, बहुत पहले समाप्त हो जाना चाहिए। कश्मीर के लिए एक अलग झंडे और संविधान का विचार भी शेख अब्दुल्ला का आग्रह था। उनकी प्रस्तुति की सुविधा के लिए, अनुच्छेद 370 को नेहरू द्वारा कैबिनेट निर्णय के रूप में शामिल किया गया था। इसे कभी भी भारत की संसद की मंजूरी नहीं मिली थी। शेख अब्दुल्ला नेहरू के इतने पसंदीदा थे कि जब उन्हें तिहाड़ जेल से रिहा किया गया, तो उन्हें सीधे तीन मूर्ति में प्रधान मंत्री के आवास पर ले जाया गया, जहां वे नेहरू की मृत्यु तक रहे। इसके विपरीत, महाराजा हरि सिंह, जिन्हें शेख द्वारा नापसंद किया गया था, को हटा दिया गया और उन्हें मुंबई भेज दिया गया, हालांकि वे कश्मीर के नाममात्र के राजा बने रहे।

नेहरू की एक और कमजोरी थी पाकिस्तानियों की दुश्मनी के बीच का विरोधाभास, यानी कि जम्मू-कश्मीर की 'कश्मीरियत' जिसे एक तरफ शांत करना था, और दूसरी तरफ भारतीय मुसलमानों को खुश रखना था ताकि उनके वोट मिल सकें। नतीजतन, स्पष्टतया सोचना मुश्किल था और नेहरू ने निश्चित रूप से ऐसा नहीं किया था। मगर इस प्रक्रिया में, भारत के राष्ट्रीय हितों को भ्रम की स्थिति में धकेल दिया गया था।



## आप की बात

### कितनी श्रद्धाएं चढ़ेंगी बलि?

**एक** खबर सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे देश में आग की तरह फैल गयी, घटना इतनी वीभत्स है कि श्रद्धा नामक युवती को 35 टुकड़ो में काट कर उसे देश की राजधानी के हर कोने में फेंक दिया गया। क्योंकि आरोपी मुस्लिम है इसलिए राजनैतिक चुप्पी स्वाभाविक है, सेक्युलर और गंगा जमुनी तहजीब पर खतरे की सम्भावना के चलते तथाकथित स्वघोषित बुद्धिजीवी वर्ग में भी चुप्पी छाई है। लव जिहाद जैसी अवधारणा को सिरे से नकारते लोग मौन हैं। सर्व समावेशी और सहनशीलता की चरम सीमा को प्राप्त हिन्दू समाज पर्दे के पीछे सिसक रहा है की उनकी पीड़ा को सांप्रदायिक करार न दे दिया जाए। इस सबके बीच हर रोज कोई श्रद्धा आफताब के हाथों मारी जा रही है, मेरठ में भी काफ़ी वर्षों बाद एक़ प्रेमिका को जब खोजा गया तो वो कंकाल के रूप में मिली, जो केस खुल गए वो इतने हैं की समाज सोचने को मजबूर हो जाए। परन्तु आधुनिकता की दौड़ में और सेक्युलरवाद के चक्कर में हम कही मानसिक विक्षिप्त लोगों का शिकार तो नहीं बना रहे इन युवतियों को इस पर गौर करना चाहिए। क्योंकि कही ना कही विक्षिप्त सोच और अन्य धर्म के अनुयायिओं के लिए घृणा इन सब घटनाओ के पीछे परिलक्षित होती प्रतीत होती है।

– **मनोज शर्मा**, मेरठ

### निगरानी तंत्र की जरूरत

**प्रदेश** में बढ़ते डेंगू के मरीजों को बेहतर इलाज के लिये मुख्यमंत्री योगी ने मन्त्रियों और अधिकारियों को फील्ड पर जाकर इंतजामों की निगरानी करने को कहा। उन्होंने मरीजों के लिये बीएड बढ़ाने और बेड न होने पर निजी अस्पतालों में सरकारी खर्च करने को कहा। डेंगू और प्लेटलेट्स की जांच की व्यवस्था अस्पतालों में करने को कहा। सरकार ने प्राथमिक से लेकर जिला अस्पताल तक स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाया है। नियमित फॉगिंग और कीटनाशकों के छिड़काव करने का आदेश दिया। उप्र सरकार के मुखिया लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिये समर्पित हैं। उन्हें एक ऐसा निगरानी तन्त्र बनाना चाहिये। जो देखे क्या जनता को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है? निजी पैथालॉजी में महंगी जांचे कराते लोग। अस्पतालों में निश्चित समय बाद लोगों से कग जाता है। कल आइए। वे मज़बूर होकर बाहर जांच कराते हैं। बाहर की दवायें और जांचों में मोटा कमीशन मिलता है। योगी जी को जवाबदेह प्रशासनतन्त्र बनाने की जरूरत है। शिकायतें मिलने के बाद भी स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नही होती। प्रतिदिन अस्पतालों में चिकित्सकों की उपस्थिति और उनके कार्यों की निगरानी करनी चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### बच्चों की मानसिक सेहत

**कोरोना** महामारी के कारण लॉकडाउन ने मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि की, खासकर बच्चों में। बच्चे के विकास के चरण, वर्तमान शैक्षिक स्थिति और आर्थिक प्रतिकूलता जैसे कई कारकों ने प्रभाव की गंभीरता को अधिक घातक किया है। लॉकडाउन के उपाय जैसे स्कूलों और गतिविधि केंद्रों को बंद करना महामारी के समय आवश्यक था लेकिन इससे बच्चों में अलगाव, चिंता की भावना पैदा हुई। परिणामस्वरूप हमें बच्चों के प्रति मानसिक और भावनात्मक समर्थन की पहुंच में सुधार करने की आवश्यकता है। शिक्षण संस्थानों को अपने परिसर में विशेषज्ञों से परामर्श सत्रों को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि बच्चों को बोझ से उबरने में मदद मिल सके छात्रों के व्यक्तिगत हितों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए और उन्हें आश्वस्त किया जाना चाहिए कि उनकी भावनाओं को ध्यान में रखा जा रहा है। जब शिक्षा संस्थानों में एक सुरक्षित और आनंदमय वातावरण होता है, तो छात्रों के शैक्षणिक परिणामों और मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार होता है।

– **परमवीर केसरी**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मैं** रोज दो-तीन किलो गालियां खाता हूं, इसलिए नहीं थकता। भगवान ने मुझे ऐसा बनाया है कि इनसे मुझे पोषण मिलता है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**यदि** ट्विटर ज्यादा मुद्रा नहीं पैदा करता तो दीवालियापन संभव है। मुफ्त भोजन व वर्क फ्राम होम नहीं, सप्ताह में 80 घंटे काम करना होगा।

– **एलन मस्क**
ट्विटर प्रमुख



**चीनी** सेना-पीएलए ने एलएसी पर न अपनी संख्या घटाई है और न तेज ढांचागत निर्माण में कमी की है।

– **मनोज पांडेय**
सेना प्रमुख

# जनकल्याण ही सरकार की प्राथमिकता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर

**जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 400 फरियादियों की समस्याएं, दिया हरसंभव मदद का भरोसा**



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में आए फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हर हाल में सबकी पीड़ा का निवारण कराया जाएगा। जनता का कल्याण ही उनकी सरकार की प्राथमिकता है। हर मामले में प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। जिन्हें इलाज की आवश्यकता है उनके मुकम्मल इलाज की व्यवस्था की जाएगी। इलाज में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण उसकी संतुष्टि के मुताबिक कराया जाएगा।

सीएम योगी ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 400 लोगों की समस्याएं सुनीं। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए फरियादियों तक मुख्यमंत्री खुद गए। बड़े इत्मीनान से एक-एक कर उन्होंने सभी लोगों की समस्याएं सुनीं, उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को जरूरी निर्देश के साथ संदर्भित किया और लोगों को आश्वस्त किया कि परेशान मत होइए समस्या समाधान के लिए त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान इलाज के लिए मदद की गुहार करने आई एक महिला से उन्होंने आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज के लिए इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिया कि उक्त महिला समेत सभी जरूरतमंदों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। पुलिस व राजस्व से संबंधित मामलों में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर मामले में समाधान जल्दी से हो। साथ ही कार्यवाही ऐसी हो कि फरियादी को दोबारा परेशान न होना पड़े। जनता दर्शन में कई जिलों से फरियादी पहुंचे थे। इस दौरान महिला फरियादियों के साथ आए उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार कर आशीर्वाद दिया। बच्चों को चॉकलेट देने के साथ ही उनकी माताओं को समझाया कि बच्चों को स्कूल जरूर भेजें। सरकार ने बच्चों की पढ़ाई से लेकर उनके बैग, कॉपी-किताब, यूनिफॉर्म, जूता-मोजा आदि की निशुल्क व्यवस्था कर रखी है।

## रायबरेली की घटना पर सख्त कदम उठाए सरकारः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** प्रमुख मायावती ने रायबरेली में दलित समाज के लोगों से हुई मारपीट पर ट्वीट कर सरकार से सख्त कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस तरह की घटनाएं आम हो गई हैं और लगातार हो रही हैं। सोमवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी के रायबरेली में दबंगों ने कई दलितों को मार-मार कर अधमरा कर दिया। इसी प्रकार प्रदेश में आए दिन दलित अत्याचार व हत्या आदि की घटनाएं आम हो गयी है, जो अतिदुखद, शर्मनाक व निन्दनीय। सरकार इनके मामले में पूरी तत्परता व गंभीरता दिखाए तथा सख्त कदम उठाये, बीएसपी की यह मांग।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को गोमती नगर जनकल्याण समिति के संरक्षक 95 वर्षीय पंडित यज्ञदेव शर्मा के विपुलखंड आवास पर गए व उनकी कुशलक्षेम ली और उनके जन्मदिन के अवसर पर उन्हें अपने हाथों से केक खिलाया

# प्रदेश की बिजली व्यवस्था के ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन की तैयारी

## योगी सरकार तैयार करा रही है नयी बिजली व्यवस्था का ब्लूप्रिंट

**● पांच हजार करोड़ से प्रदेश की बिजली व्यवस्था को 2024 तक सुदृढ़ करने के निर्देश**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार उत्तर प्रदेश में विद्युत व्यवस्था के ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन करने जा रही है। केंद्र और राज्य सरकार की पुनरोत्थान वितरण क्षेत्र योजना रिवैंप जिसमें प्रदेश सरकार की 60 फीसदी की हिस्सेदारी है को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने के लिए अधिकारियों को मिशन मोड में काम करने के लिए कह दिया गया है। उपभोक्ताओं को निर्बाध व सुरक्षित बिजली आपूर्ति देने के लिए प्रदेश सरकार ने सभी डिस्काम को जल्द से जल्द कार्ययोजना बनाकर काम शुरू करने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री की ओर से स्पष्ट निर्देश है कि काम में तेजी लाने और वर्तमान बिजली व्यवस्था के ढांचे में बदलाव का ब्लूप्रिंट शीघ्र तैयार कर लिया जाए। उत्तर प्रदेश में अभी तकरीबन 3 करोड़ बिजली उपभोक्ता हैं। मुख्यमंत्री की ओर से कह दिया गया है कि हर हाल में अगली गर्मी से पहले प्रदेश के सभी बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए मजबूत स्ट्रक्चर खड़ा करने के लिए अभी से रणनीति बनाकर काम शुरू किया जाए जिससे इस साल की गर्मियों जैसी स्थिति का सामना ना करना पड़े। इसके लिए नये सब स्टेशन बनाने, ट्रांसमिशन एवं वितरण की सुचारू व्यवस्था विकसित करने तथा नयी बिजली उत्पादन इकाइयों को सक्रिय करने पर युद्धस्तर पर काम किया जाए।

उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन एम देवराज के अनुसार रिवैंप योजना के तहत प्रदेश के कई जिलों में टेंडरिंग की प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। इस योजना से प्रदेश में बिजली के क्षेत्र में व्यापक बदलाव नजर आएगा। योजना को पूरी तरह से मूर्त रूप देने के लिए 2024-25 की डेडलाइन तय की गयी है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से इसके लिए पांच हजार करोड़ रुपए के बजट की व्यवस्था की गयी है। सरकार की इस योजना को रिजल्ट ओरियेंटेड बताया गया है। इसमें एग्रीगेट टेक्निकल एंड कॉमर्शियल लॉस को 12 से 15 फीसद तक लाना भी शामिल है। इसके अलावा एवरेज कॉस्ट सप्लाई और एवरेज रेवेंन्यू रिलाइजेशन को भी जीरो करना है। कुल मिलाकर बिजली के नुकसान को न्यूनतम स्तर पर लाना है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से बिजली विभाग के आला अधिकारियों को जल्द से जल्द फाइनल डीपीआर बनाने और टेंडरिंग प्रक्रिया को अमल में लाने के लिए कह दिया गया है। अब तक चली आ रही आइपीडीएस, सौभाग्य एवं दीनदयाल उपाध्याय योजना को भी रिवैंप में समाहित किया जाना है। इसके तहत 33-11 केवी के नये बिजली घर बनाये जाने हैं। साथ ही पहले से निर्मित 33-11 केवी बिजली घरों की क्षमता में भी वृद्धि की जाएगी। इसके अलावा 33 केवी की ओवरलोडेड लाइन और उनमें से जिनपर एक से ज्यादा बिजलीघर जुड़े हैं, उन्हें अलग-अलग किया जाएगा। इसके लिए अलग से नयी लाइनें बनेंगी। इसी प्रकार ओवरलोडेड बिजलीघरों की क्षमता में वृद्धि करना और नये डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर लगाया जाना शामिल है। योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी मजरों, गांवों, नगरों और महानगरों को 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करने का लक्ष्य है। इसके अलावा फॉल्ट होने या ब्रेक डाउन की स्थिति में केवल एक लाइन को प्रभावित करनाए लो वोल्टेज की समस्या से निजात पाना तथा सुरक्षित बिजली आपूर्ति के लिए आरमर्ड सर्विस केबिल को उपयोग में लाना शामिल है। वहीं त्रुटिरहित और समय से बिजली बिल, स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग की व्यवस्था भी इस योजना में शामिल है।

# जेल से ही होगी दुर्दांत अपराधियों की शत-शत प्रतिशत पेशी और ट्रायल

**● प्रदेश की हर जेल और कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष बनाने के प्रयास तेज**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** के दुर्दांत अपराधी जेल के बाहर की दुनिया देखने को तरसेंगे। उनकी पेशी से लेकर ट्रायल तक जेल में ही कराए जाने को लेकर यूपी सरकार ने प्रयास तेज कर दिए हैं। इस व्यवस्था के लागू होने पर मुख्तार अंसारी सरीखे अन्य कुख्यात अपराधियों के लिए बाहर की दुनिया सपना बन जाएगी।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेल में बंद अपराधियों पर नकेल कसने के लिए मार्डन प्रिजन वैन को हरी झंडी दिखाने के बाद कुख्यात अपराधियों पर और सख्ती के लिए तकनीक का इस्तेमाल करने पर जोर दिया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि वर्तमान समय में जेल में बंद अपराधियों की पेशी और ट्रायल को वीडियो कांफ्रेंसिंग से कराने के लिए यूपी की 72 जेल और 73 कोर्ट में एक-एक अतिरिक्त वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष के निर्माण की जरूरत है। ऐसे में इनका जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए।

दुर्दांत माफिया की मैन्युअली कोर्ट में पेशी कराने पर काफी खर्च आता है। इसके साथ ही पुलिस मैनपॉवर भी काफी लगानी पड़ती है। वहीं पेशी के दौरान वे अपने गुर्गों से मुलाकात करते हैं और अपराध को अंजाम देने के लिए षडयंत्र रचते हैं। ऐसे में इनकी पेशी और ट्रायल वीडियो कांफ्रेंसिंग से होने पर इस पर पूरी तरह से रोक लग जाएगी। वीडियो कांफ्रेंसिंग की कनेक्टिविटी को बेहतर करने के लिए 5-जी टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जाएगा ताकि पेशी और ट्रायल के दौरान कनेक्टिविटी में कोई प्रॉब्लम न हो। इसके लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग सिस्टम के लिए अलग से बजट आवंटित किया जाएगा। जिससे सिस्टम को समय-समय पर अपग्रेड किया जा सके। डीजी जेल आनंद कुमार ने बताया कि प्रदेश में कुल 72 जेल ऑपरेशनल हैं, जिसमें 62 जिला जेल, 7 सेंट्रल जेल, एक-एक नारी बंदी निकेतन, आदर्श कारागार और किशोर सदन हैं। इनमें बंद विचाराधीन कैदियों की पेशी और ट्रायल प्रदेश की 73 कोर्ट में होती है। डीजी जेल ने बताया कि वर्तमान में सभी जेल और कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी के लिए एक-एक कक्ष हैं लेकिन वर्तमान में बंदियों की संख्या ज्यादा होने से पूरा दिन इनकी पेशी में ही चला जाता है। ऐसे में शासन को यूपी की सभी जेलों और कोर्ट में एक-एक अतिरिक्त वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष के निर्माण के लिए पत्र लिखा गया था।

# महिला दुग्ध समितियों के गठन को प्राथमिकता दी जाए: धर्मपाल सिंह



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पशुधन** एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह जी की अध्यक्षता में सोमवार को पीसीडीएफ सभागार में प्रादेशिक कॉपरेटिव डेयरी फेडरेशन को पुनर्जीवित करने एवं दुग्ध उत्पादकों के बकाये दुग्ध मूल्य भुगतान कराने के संबंध में बैठक आहूत की गयी। बैठक में मंत्री धर्मपाल के द्वारा निर्देश दिये गये कि दुग्ध संघों को लाभ की स्थिति में लाने हेतु हर संभव प्रयास किये जाए और सकारात्मक दृष्टि से कार्य किया जाए।

उन्होंने कहा कि नवीन ग्रीन फील्ड डेयरी प्लान्ट मेरठ का अवशेष कार्य माह सितम्बर 2023 तक तथा दुग्ध संघ वाराणसी में निर्माणाधीन पाउडर प्लान्ट का निर्माण कार्य निर्धारित अवधि में प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लिया जाए। उन्होंने ई कामर्स पोर्टल के माध्यम से बिक्री की समीक्षा करते हुए इस योजना में और अधिक तेजी लाने के भी निर्देश दिए। दुग्ध विकास मंत्री ने दुग्ध समितियों के गठन एवं पुनर्गठन की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामसभा में 100 से अधिक घर होने की स्थिति में सम्बन्धित इकाई प्रभारी उप जिलाधिकारी से प्रमाणित कराते हुए दुग्ध आयुक्त महादेय से अनुमोदन लेकर नई समिति का गठन किया जाये जिससे महिला दुग्ध समितियो को वरीयता दी जाय। दुग्ध विकास मंत्री द्वारा समस्त दुग्ध संघो को दुग्ध उपार्जन में वृद्धि करने हेतु निर्देशित किया गया।

## गड्ढामुक्ति अभियान की तिथि 30 नवम्बर तक बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार द्वारा सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए चलाई जा रही योजना 30 नवम्बर तक बढ़ा दी गई। अभी तक इस योजना के तहत 15 नवम्बर तक प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त कर देना था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद द्वारा इस योजना को पूरा करने के लिए लगातार समीक्षा कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए जाते रहे हैं। विभागीय प्रवक्ता के मुताबिक आम जनमानस को सुगम यातायात उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में मार्गों को 15 नवम्बर 2022 तक गड्ढामुक्त किए जाने का अभियान चलाया जा रहा है । प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अक्टूबर के द्वितीय सप्ताह तक अत्यधिक वर्षा के कारण बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति, कतिपय जनपदों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्माण, मरम्मत के कार्यों पर लगायी गयी रोक, नहरों में सिल्ट की सफाई का कार्य प्रगति पर होने के दृष्टिगत गड्ढामुक्ति के कार्यों की प्रगति प्रभावित होने के कारण व कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित कराये जाने के दृष्टिगत गड्ढामुक्ति अभियान की लक्षित तिथि 15 नवम्बर से बढ़ाकर 30 नवम्बर 2022 तक की गयी है ।

# भाजपा के खिलाफ सिर्फ कांग्रेस ही है विकल्प: बृजलाल खाबरी

**● नगर निकाय चुनाव व संगठनात्मक चर्चा के लिए हुई कांग्रेस सेवादल की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** पार्टी ने भी यूपी के निकाय चुनावों को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने इस संबंध में सोमवार को चुनाव एवं संगठनात्मक चर्चा के लिए सेवादल प्रदेश कार्यकारिणी और जिला व शहर अध्यक्षों की बैठक के साथ गहन मंथन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव नजदीक है, हम सभी को मिलकर इस चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करना है। सरकार की गलत नीतियों के चलते प्रदेश एवं देश महंगाई एवं बेरोजगारी से त्रस्त है। आपराधिक गतिविधियां चरमोत्कर्ष पर हैं। भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ यदि कोई विकल्प है तो वह सिर्फ कांग्रेस ही है।

कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पांडेय ने बताया कि यह बैठक मुख्य रूप से संगठन को और अधिक गतिशील बनाने एवं नगर निकाय चुनाव के सम्बन्ध में हुई। संचालन सेवादल के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय ने किया। खाबरी ने सभी साथियों का धन्यवाद देते हुए आगे कहा कि सेवादल का सम्मान मुख्य रूप से कांग्रेस का सम्मान है। सेवादल की मजबूती ही कांग्रेस की मजबूती है। सेवादल के साथियों को उत्तर प्रदेश कांग्रेस में भी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। देश की आजादी कांग्रेस के संघर्ष का ही परिणाम है। आज भी कांग्रेस अंग्रेजों के राजनैतिक उत्तराधिकारियों से लड़ रही है, जिन्होंने कभी देश की आजादी की बारे में सोचा भी नहीं।

## राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराई जाए संशोधित मतदाता सूचीः नरेश उत्तम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी ने मतदाता सूची में गड़बड़ी को लकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश से शिकायत की। इस सम्बन्ध में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नाम ज्ञापन भी दिया। ज्ञापन के माध्यम से सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश से मतदाता सूची से बड़ी संख्या में काटे और जोडे गये नामों की सूची तथा 9 नवम्बर 2022 को प्रकाशित मतदाता सूची (ड्राफ्ट रोल) को प्रदेश के 30 से अधिक जनपदों में समाजवादी पार्टी को उपलब्ध न कराने, व ईआरओ द्वारा नोटिस बोर्ड पर नाम काटने, नाम जोड़ने, नाम संशोधित करने की सूचना प्रदर्शित न करने व मतदाता सूची से नाम काटने, नाम जोड़ने के नियमों का पूरी तरह से पालन न किये जाने की शिकायत करते हुए समाजवादी पार्टी ने कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# तीन पुलिस कमिश्नरेट में नई संरचना को डीजीपी ने प्रदान की मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** कैबिनेट द्वारा लखनऊ, वाराणसी और कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में ग्रामीण क्षेत्रों के थानों को भी शामिल किए जाने की मंजूरी के बाद इन कमिश्नरेट में की गई नई संरचना को डीजीपी डॉ. डीएस चौहान ने मंजूरी प्रदान कर दी है। कमिश्नरेट के सीमा विस्तार के बाद तीनों के पुलिस कमिश्नर ने डीजीपी मुख्यालय को अपने-अपने प्रस्ताव भेजे थे। उल्लेखनीय है कि नोएडा में पूरा जिला पहले से ही कमिश्नरेट का हिस्सा है। कमिश्नरेट में जो नई संरचना लागू की गई उसके अनुसार लखनऊ जिले के सभी 52 थाने पुलिस कमिश्नरेट में होंगे। पूरे जिले को पांच जोन पश्चिमी, मध्य, पूर्वी, उत्तरी व दक्षिणी में बांटा गया है। पशिमी जोन में चौक, बाजारखाला, मलिहाबाद व काकोरी सर्किल होगी। इन चारों सर्किल में आने वाले थाने पश्चिमी जोन का हिस्सा होंगे। मध्य जोन में हजरतगंज, कैसरबाग व महानगर सर्किल और इसमें आने वाले थाने शामिल होंगे। पूर्वी जोन में विभूति खंड, गोमतीनगर व कैंट सर्किल व इसके थाने, उत्तरी जोन में अलीगंज, गाजीपुर व बीकेटी सर्किल व इसके थाने तथा दक्षिणी जोन में मोहनलालगंज, गोसाईंगंज व कृष्णानगर सर्किल व इसके थाने शामिल होंगे। जोन की कमान पुलिस उपायुक्त संभालते हैं, जो एसपी स्तर के आईपीएस अफ सर होते हैं। कानपुर कमिश्नरेट में जिले के सभी 49 थानों को शामिल करते हुए चार जोन बनाए गए हैं। इसमें पूर्वी, पश्चिमी, दक्षिण व सेंट्रल जोन शामिल हैं। जिनकी कमान पुलिस उपायुक्त संभालते हैं। पूर्वी जोन में कोतवाली, कलेक्टरगंज, छावनी व चकेरी सर्किल व इसके अधीन आने वाले थाने, पश्चिमी जोन में पनकी, कल्यानपुर व बिल्हौर सर्किल व इसके थाने, दक्षिणी जोन में बाबूपुरवा, नौबस्ता व घाटमपुर सर्किल व इसके थाने तथा सेंट्रल जोन में सीसामऊ, अनवरगंज व स्वरूपनगर सर्किल व इसके थाने शामिल किए गए हैं। वाराणसी कमिश्नरेट में जिले के सभी 30 थानों को शामिल करते हुए तीन जोन बनाए गए हैं। इसमें काशी जोन में कोतवाली, भेलूपुर, दशाश्मेघ व चेतगंज सर्किल व इसकी सीमा में आने वाले थाने, वरुणा जोन में कैंट, सारनाथ व मंडुआडी सर्किल व इसके थाने तथा गोमती जोन में पिंडरा व राजातालाब सर्किल व इसके थाने शामिल किए गए हैं।

## नगर निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग की कमेटी घोषित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग के चेयरमैन चेयरमैन पुष्पेंद्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई बैठक में नगर निकाय चुनाव के लिए चार सदस्यीय कमेटी घोषित की गई। कमेटी में प्रदेश सूचना का अधिकार विभाग कांग्रेस के उपाध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव, मुगीस जिलानी, डॉ. अमित उठवाल, रफ त अली को सदस्य बनाया गया। जो कि पूरे प्रदेश में निकाय चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक आवेदकों की रिपोर्ट उत्तर प्रदेश सूचना का अधिकार विभाग कांग्रेस को सौपेंगे।

सूचना का अधिकार विभाग कांग्रेसे के उपाध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश चेयरमैन पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने कहा की कमेटी प्रदेश के जिलों से योग्य उम्मीदवारों का जो नगर निकाय चुनाव में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हों का चयन कर प्रदेश नेतृत्व को सौंपेगी। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि कमेटी द्वारा प्रस्तावित उम्मीदवार नगर निकाय चुनाव में सफल परिणाम देकर प्रदेश में कांग्रेस का परचम लहराएंगे।

**मुलायम यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय सचिव सहित कई लोगों ने ग्रहण की कांग्रेस की सदस्यता**: लखनऊ उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद शरीफ, संजय वर्मा, मोहित कुमार तथा राकेश कुमार सहित उनके साथ काफी संख्या में आए लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने सभी को पार्टी में शामिल कराया।
कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पांडेय ने बताया कि सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नकुल दुबे ने कहा कि भाजपा शासनकाल में एक बार फिर हम गुलामी की ओर बढ़ रहे हैं, नफरती भाषा बोलने वालों की संख्या बढ़ने लगी है। इसे हमें समाप्त करना है। झूठ बोलने वाले सत्ता में आ गए हैं उनको अपनी जगह पहुंचाना है और सच्चाई को जनता के सामने लाना है। इसी उद्देश्य के चलते राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा, मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व से प्रभावित होकर लोगों का अन्य दल छोड़कर कांग्रेस की ओर झुकाव बढ़ा है। हमें पूरा विश्वास है कि आसन्न नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस का परचम लहराएगा। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश

# सहकारिता विभाग की समस्त संस्थाएं किसानों के हित के लिए काम कर रहीं: ब्रजेश पाठक

**● उपमुख्यमंत्री ने किया 69वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का शुभारम्भ**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**उपमुख्यमंत्री** ब्रजेश पाठक ने कहा कि भारत किसानों का देश है और सहकारिता किसानों से जुड़ा है। जब को-ऑपरेटिव की बात आती है तो एक ऐसी संस्था विभाग का नाम आता है जो सबको साथ लेकर चलती है। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग की समस्त संस्थाएं किसानों के लिए कार्य कर रही हैं।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने यह बातें सोमवार को इन्दरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 69वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह 2022 के शुभारंभ अवसर पर कहीं। उत्तर प्रदेश राज्य सरकारी संघ द्वारा 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' निर्यात संवर्धन विषय पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री तथा सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर द्वारा अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह 2022 का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कृषि अवस्थापना निधि तथा साधन सहकारी समिति के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर लाभान्वित किया गया तथा उत्तर प्रदेश को.ऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका 'सहकारिता' का विमोचन किया गया है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को बीज, खाद्य, कृषि ऋण आदि आवश्यकताओं की पूर्ति ये संस्थायें करती हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी सेक्टर का लगातार विस्तार हो रहा है। सहकारिता का अर्थ एक कंधे से दूसरे कंधे को सहारा देकर आपसी सहयोग से आगे बढ़ना है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के समय देश में ऊसरध्बंजर भूमि अधिक थी। इस मौके पर सहकारिता मंत्री श्री राठौर ने कहा कि अगर सहकारिता की आत्मा को जीवित रखते हुए इसका क्रियान्वयन किया जाये तो गांधी जी द्वारा देखे गये ग्राम समाज के सपने को साकार कर सकते है। उन्होंने बताया कि देश में सात लाख पचास हजार सहकारी समितियां है जिससे लगभग 27 करोड़ लोग जुड़े है। राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. के प्रबन्ध निदेशक एके सिंह ने यह भी बताया कि राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. लखनऊ प्रदेश की एक ऋणमुक्त शीर्ष सहकारी संस्था है।

# 133 जयंती पर कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में दी गई पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारत** के प्रथम प्रधानमंत्री और भारत रत्न पंडित जवाहर लाल नेहरू की 133वीं जयती उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर इस मौके पर पंडित नेहरू को श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि पंडित नेहरू भारतीय राजनीत में हमेशा केन्द्रीय व्यक्तित्व रहे हैं। स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन के सर्वोच्च नेताओं में एक थे। 1947 से लेकर 1964 तक भारत के प्रधानमंत्री के रूप में देश को आधुनिक भारत बनाने का जो संकल्प लिया उसके तहत स्टील उत्पादन के लिए शेल बनाया। इंजीनियरिंग के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी बनाया, मेडिकल सांइस में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एम्स की स्थापना की, रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्व के देशों की श्रेणी में खड़ा करने के लिए डीआरडीओ की स्थापना की।

कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने अपने सम्बोधन में कहा कि पंडित नेहरू एक महान राजनीतज्ञ के साथ ही प्रभावशाली वक्ता एवं ख्यातिलब्ध लेखक थे। पंडित नेहरू महात्मा गांधी से कंधे से कंधा मिलाकर सदैव अंग्रेजों के खिलाफ लड़े। चाहे असहयोग आन्दोलन रहा हो या नमक सत्याग्रह या फि र 1942 का भारत छोड़ो आन्दोलन की बात रही हो। प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने पंडित नेहरू को श्रद्धाजलि देते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि पंडित नेहरू वास्ततिक रूप से भारत के निर्माता रहे उनकी तमाम उपलब्धियां हैं जिसमें पंडित नेहरू की दूर दृष्टि का परिणाम पंच वर्षीय योजना का लागू होना रहा। प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र में पंडित नेहरू की मजबूत आस्था थी। कई चुनावों में भारी बहुमत से जीतने के बाद भी विपक्ष को पूरा सम्मान देना पंडित नेहरू की लोकतंत्र में आस्था को दर्शाता है।

जी-20 लोगो मामला

# कमल के प्रयोग को राजनाथ से बचाव करवाया गया: कांग्रेस

भाषा। नई दिल्ली



**कांग्रेस** ने सोमवार को कहा कि जी-20 सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल के फूल का इस्तेमाल, भारत के सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में किए जाने के कदम का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बचाव करवाया गया है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, जी20 में भाजपा के चुनाव चिन्ह (कमल का फूल) को भारत के सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में इस्तेमाल किए जाने के कदम का राजनाथ सिंह से बचाव करवाया गया है। उन्होंने कहा, हाथ (कांग्रेस का चुनाव चिन्ह) ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में गहन सांस्कृतिक प्रतीक है। अगर कांग्रेस सत्ता में हो तो क्या उचित रहेगा कि हाथ को सरकारी कार्यक्रमों में प्रतीक के रूप में इस्तेमाल किया जाए? निश्चित तौर पर नहीं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कांग्रेस पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनावरण किए गए जी-20 के लोगो पर कमल के चित्र को लेकर अनावश्यक विवाद पैदा किया गया। भारत एक दिसंबर को जी-20 के मौजूदा अध्यक्ष इंडोनेशिया से शक्तिशाली समूह की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। जी-20 या 20 देशों का समूह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर-सरकारी मंच है।

## रीजीजू ने फिर नेहरू पर हमला बोला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने कश्मीर मुद्दे को लेकर देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू पर ताजा हमला बोलते हुए सोमवार को दावा किया कि पाकिस्तानी हमले के बाद वह मामले को गलत अनुच्छेद के तहत संयुक्त राष्ट्र ले गए जिसने पड़ोसी देश को आक्रांता की जगह एक पक्षकार बना दिया। रीजीजू ने यह भी कहा कि नेहरू ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा जनमत संग्रह के मिथक को कायम रहने दिया और संविधान में विभाजनकारी अनुच्छेद 370 को शामिल किया। केंद्रीय मंत्री ने ट्वीट किया, भारत में शामिल होने के महाराजा हरि सिंह के अनुरोध को नेहरू ने एक बार नहीं बल्कि तीन बार खारिज कर दिया। अरूणाचल प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ने हरि सिंह के पुत्र कर्ण सिंह पर भी हमला बोला और कहा कि उन्होंने एक संतुष्टिजनक इतिहास को पेश किया और शब्दों के जाल में बातों को उलझाते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री को मामले से मुक्त कर दिया ।



मुंबई स्थित राजभवन में महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कांग्रेस, एनसीपी, सपा और शिवसेना के महिला प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की

## आईयूएमएल ने केरल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के हालिया बयान पर जताई आपत्ति

भाषा। कोझीकोड (केरल),

**कांग्रेस** के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के एक प्रमुख सदस्य इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने सोमवार को केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रमुख के. सुधाकरन के इस खुलासे पर आपत्ति जताई कि उन्होंने दशकों पहले आरएसएस की शाखाओं को संरक्षण दिया था। मुस्लिम लीग के वरिष्ठ नेता और विधायक एम. के. मुनीर ने यह भी कहा कि कांग्रेस के अंदर विभिन्न मुद्दों पर अलग-अलग राय के मद्देनजर वाम मोर्चा चिंतित है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों पर चर्चा करने के लिए यूडीएफ की एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की जानी चाहिए और फिर एक संयुक्त रुख के साथ सामने आना चाहिए।राज्य में पिछली यूडीएफ सरकारों में मंत्री रह चुके मुनीर ने कहा कि उनकी पार्टी को उम्मीद है कि सुधाकरन ने जो कहा उस पर, और उनके कार्यों के लिए उनकी तरफ से बताए गए कारणों पर कांग्रेस आंतरिक चर्चा करेगी।उन्होंने कोझीकोड में एक चैनल से बातचीत में कहा कि यह आवश्यक है क्योंकि कांग्रेस नेता और वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल गांधी का भी विचार था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोच रखने वालों को पार्टी छोड़ देनी चाहिए।

मुनीर ने कहा, इसलिए उस (सुधाकरन के बयान) के संबंध में जो भी कार्वाई की जानी है, वह कांग्रेस को करनी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि शब्दों या कार्यों से, संघ को वैध बनाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जाना चाहिए। सुधाकरन ने हाल ही में यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि दशकों पहले जब वह कांग्रेस (ऑर्गनाइजेशन) का हिस्सा थे, तो उन्होंने राज्य में संघ की कुछ शाखाओं को संरक्षण देने के लिए अपने आदमियों को भेजा था।कन्नूर में एक समारोह में उन्होंने कहा था कि माकपा ने यहां एडक्कड, थोट्टाडा और किझुन्ना जैसी जगहों पर शाखाओं को नष्ट करने की कोशिश की थी और उन्होंने लोगों को इसे वाम कैडरों द्वारा नष्ट किए जाने से बचाने के लिए भेजा था।

## कर्नाटक के सीएम ने कक्षाओं को भगवा रंग में रंगने की योजना का बचाव किया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सोमवार को जारी की गई नई योजना विवेक के तहत बनाई जाने वाली हजारों स्कूल कक्षाओं को भगवा रंग से रंगने के सरकार के कदम का बचाव किया।स्वामी विवेकानंद के नाम पर रखी गई इस योजना के तहत, कर्नाटक सरकार ने राज्य भर में 7,601 कक्षाओं का निर्माण करने का प्रस्ताव दिया है।बोम्मई ने बाल दिवस पर कालबुर्गी जिले के मड़ियाल में सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय में आधारशिला रखकर योजना की शुरुआत की।कक्षाओं को भगवा रंग से रंगने के कदम के बारे में टिप्पणी करने के बारे में पूछे जाने पर, जिसने विवाद खड़ा कर दिया है, मुख्यमंत्री ने कहा, भगवा रंग होने में क्या गलत है? (राष्ट्रीय) तिरंगे में भगवा रंग है। स्वामी विवेकानंद स्वयं भगवा वस्त्र पहनते थे। बोम्मई ने आरोप लगाया, वे (कांग्रेस) शिक्षा के व्यापक विकास में रुचि नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा कि किए गए किसी भी प्रगतिशील बदलाव पर विवाद खड़ा करने की प्रवृति रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, स्कूलों का नाम स्वामी विवेकानंद के नाम पर रखने से बच्चों को उनसे प्रेरणा लेने में मदद मिलेगी ।

# लोग यदि एकजुट हों तो विशेष दर्जे की बहाली भी से अधिक हासिल कर सकते है : महबूबा

भाषा। श्रीनगर



**पीपुल्स** डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को कहा कि यदि जम्मू कश्मीर के लोग उसी तरह एकजुट हो जाएं जैसे भारत अंग्रेजों के खिलाफ हुआ था, तो इसका विशेष दर्जा वापस पाना कोई बड़ा कार्य नहीं होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले केंद्र ने तत्कालीन राज्य जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान 2019 में निरस्त कर दिए थे और उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने यह भी कहा कि पीडीपी का ध्यान कश्मीर मुद्दे के समाधान पर है। उन्होंने कहा, हमारी पहचान और हमारा अस्तित्व दांव पर है। यह अनुच्छेद 370 और 35ए नहीं, यह जम्मू कश्मीर के मुद्दे के बारे में है। हमारे मुद्दे बदले जा रहे हैं। उन्हें लगता है कि लोग मूल मुद्दे को भूल जाएंगे और अनुच्छेद 370 के बारे में बात करेंगे। महबूबा ने कहा, हम इस मुद्दे को बार-बार नहीं उठाएंगे, इसकी (अनुच्छेद 370 की) बहाली एक वास्तविकता है और यह आज, कल या परसों होगी, लेकिन इसके साथ ही, पीडीपी कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगी जिसके लिए कितने लोगों ने अपने जीवन की कुर्बानी दी है। महबूबा यहां पीडीपी मुख्यालय में एक समारोह में बोल रही थीं, जिसमें जम्मू-कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट के उपाध्यक्ष सैयद इकबाल ताहिर पार्टी में शामिल हुए। पीडीपी प्रमुख ने कहा कि यदि जम्मू-कश्मीर के लोग एकजुट हों, तो हम पूर्ववर्ती राज्य के विशेष दर्जे से ज्यादा हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा, जब लोग एकजुट होते हैं, जैसे पूरा भारत अंग्रेजों के खिलाफ हो गया था ... उसी तरह, यदि जम्मू कश्मीर के लोग एकजुट हो जाएं, तो अनुच्छेद 370 को वापस कराना कोई बड़ा काम नहीं होगा। वास्तव में, हम इससे अधिक प्राप्त कर सकते हैं। महबूबा ने कहा कि यदि देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू नहीं होते तो जम्मू कश्मीर भारत का हिस्सा नहीं बनता। उन्होंने कहा, यदि यह स्थिति 1947 में होती, तो जम्मू कश्मीर इस भारत में कभी शामिल नहीं होता, जो वे बनाना चाहते हैं जहां वे धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र को समाप्त करना चाहते हैं [8230] अगर जवाहरलाल नेहरू नहीं होते तो शायद हम इसका हिस्सा नहीं बनते। यदि नेहरू नहीं होते तो जम्मू कश्मीर इस देश का हिस्सा नहीं बना होता। गांदरबल के उपायुक्त द्वारा बिजली के हीटर के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के हालिया आदेश पर, जिसे बाद में वापस कर दिया गया था, मुफ्ती ने कहा कि यह शर्मनाक है।उन्होंने कहा, हमारे राज्य से बिजली का सबसे बड़ा हिस्सा एनएचपीसी पूल को जाता है, जिस पर देश और उसके उद्योग चलते हैं। उस बिजली के कारण ही भाजपा या अन्य पार्टियां दूसरे राज्यों में लोगों को मुफ्त बिजली देने की घोषणा करती हैं। ताहिर का पीडीपी में स्वागत करते हुए महबूबा ने कहा कि उनकी पार्टी को शिक्षित युवाओं की जरूरत है, खासकर ऐसे समय में जब जम्मू कश्मीर मुश्किल दौर से गुजर रहा है।

## कुछ लोग बंगाल के विरूद्ध रच रहे साजिश: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि राज्य के विरूद्ध एक साजिश रची जा रही है जिसके तहत सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को बदनाम किया जा रहा है। भ्रष्टाचार के मामले में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के बीच तृणमूल सुप्रीमो ने कहा कि जिन्होंने गलतियां की हैं उन्हें गलतियां सुधारने का मौका दिया जाना चाहिए। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में कहा, राज्य के विरूद्ध एक साजिश रची जा रही है। उसके तहत सरकार एवं तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाया जा रहा है। बनर्जी ने कहा, यदि किसी व्यक्ति ने गलती की है तो उसे उन गलतियों को सुधारने का मौका दिया जाना चाहिए। यदि कोई किसी गड़बड़ी में लिप्त है तो कानून अपना काम करेगा। लेकिन (यहां तो) मीडिया ट्रायल चल रहा है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी मुख्यालय में हंगामा किया

● जमालपुर के विधायक को टिकट देने से नाराज हुए कांग्रेस के कार्यकर्ता

भाषा। अहमदाबाद

**गुजरात** की जमालपुर-खड़िया सीट से मौजूदा विधायक इमरान खेड़ावाला को टिकट देने के कांग्रेस नेतृत्व के फैसले से नाराज पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अहमदाबाद में कांग्रेस मुख्यालय पर धावा बोल दिया और वरिष्ठ नेता भरत सिंह सोलंकी के पोस्टर जला दिए।

नाराज कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की गुजरात इकाई के पूर्व प्रमुख सोलंकी की नेमप्लेट को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और स्प्रे पेंट से इमारत की दीवारों पर उनके खिलाफ अपमानजनक शब्द लिख दिए। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सोलंकी ने टिकट के बदले खेड़ावाला से पैसे लिए और इस मुस्लिम बहुल सीट से युवा कांग्रेस नेता और पूर्व पार्षद शाहनवाज शेख की दावेदारी को जानबूझकर नजरअंदाज किया। खेड़ावाला की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग करते हुए एक पार्टी कार्यकर्ता ने कहा, कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ता और जमालपुर के लोग मौजूदा विधायक खेड़ावाला के खिलाफ थे, खेड़ावाला की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग करते हुए एक पार्टी कार्यकर्ता ने कहा, कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ता और जमालपुर के लोग मौजूदा विधायक खेड़ावाला के खिलाफ थे, लेकिन पार्टी को अपनी खानदानी जागीर की तरह चला रहे कुछ तथाकथित नेताओं ने मनमाना फैसला लेते हुए उन्हें टिकट दे दिया। एक अन्य कार्यकर्ता ने आरोप लगाया, हमारे नेताओं ने शेख जैसे प्रतिबद्ध पार्टी कार्यकर्ताओं को टिकट देने के बजाय पैसे लेकर खेड़ावाला को टिकट दिया। यह इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जीत दिलाने की साजिश है। कांग्रेस प्रवक्ता पार्थिवराज काठवाड़िया ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को शांति बनाए रखनी चाहिए और फैसले का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी नेतृत्व उनकी बात सुनेगा और समाधान ढूंढेगा। जमालपुर-खड़िया से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने पूर्व विधायक और उसकी प्रदेश इकाई के वर्तमान अध्यक्ष साबिर काबलीवाला को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि भाजपा ने अपने पूर्व विधायक भूषण भट्ट पर भरोसा जताया है, जिन्होंने 2012 में जीत दर्ज की थी, लेकिन 2017 में खेड़ावाला से हार गए थे।

## गुजरात में राकांपा के एकमात्र विधायक ने छोड़ी पार्टी

भाषा। पोरबंदर

**गुजरात** में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के एकमात्र विधायक कंधाल जडेजा ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए टिकट नहीं मिलने के बाद सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। जडेजा ने पार्टी से टिकट नहीं मिलने के बाद भी 11 नवंबर को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने 2012 और 2017 में राकांपा के टिकट पर पोरबंदर की कुटियाना सीट से चुनाव जीता था लेकिन इस बार कांग्रेस-राकांपा गठबंधन में यह सीट राकांपा को नहीं बल्कि कांग्रेस को मिली है। राज्य में 182 सदस्ईय विधानसभा के लिए एक और पांच दिसंबर को दो चरणों में चुनाव होंगे। पिछले विधानसभा चुनाव में जडेजा ने कुटियाना सीट पर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों के ही प्रत्याशियों को हराया था क्योंकि तब राकांपा ने कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ा था। प्रदेश राकांपा अध्यक्ष जयंत पटेल उर्फ जयंत बोस्के को सोमवार को भेजे पत्र में जडेजा ने कहा कि वह पार्टी के सभी पदों एवं प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं क्योंकि उन्हें इस बार टिकट नहीं मिला है। ग्यारह नवंबर को राकांपा ने राज्य में कांग्रेस के साथ चुनाव पूर्व गठजोड़ किया जिसके तहत शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी आणंद जिले की उमरेठ, अहमदाबाद की नरोदा और दाहोद जिले की देवगढ़ बारिया सीट पर चुनाव लड़ेगी। फिलहाल इन तीनों सीटों पर भाजपा का कब्जा है। जडेजा ने उसी दिन यह दावा करते हुए कुटियाना सीट से नामांकन पत्र भरा कि उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल से ऐसा करने की अनुमति मिली है। उन्होंने यह भी विश्वास प्रकट किया कि उन्हें बाद में पार्टी की ओर से इसके लिए अधिकृत कर दिया जाएगा। सीटों के समझौते के बाद कांग्रेस ने कुटियाना सीट से नाथ ओदेदरा को टिकट दी क्योंकि यह सीट उसके खाते में गई है।

# आव्हाड के खिलाफ मामला गलत तरीके से दर्ज किया गया: अजित पवार

भाषा। पुणे

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता जितेंद्र आव्हाड के इस दावे के आलोक में कि उनके खिलाफ ॅफर्जी मामले दर्ज किए जा रहे हैं, पार्टी के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने सोमवार को कहा कि पार्टी विधायक के खिलाफ मामला गलत तरीके से दर्ज किया गया है और इसे वापस लिया जाना चाहिए। ठाणे जिले की पुलिस ने एक महिला की शिकायत के बाद आव्हाड के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत एक मामला दर्ज किया है। प्राथमिकी के अनुसार शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि राकांपा नेता ने रविवार शाम मुंब्रा में मुख्यमंत्री के एक कार्यक्रम के बाद लोगों के निकलने के दौरान खुद के लिए रास्ता बनाने के लिए उसे धक्का दे दिया था।

पवार ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा, मैं इस बात पर जोर देता हूं कि जिस तरह से यह मामला (आव्हाड के खिलाफ) दर्ज किया गया है वह गलत है, उसे वापस लिया जाना चाहिए। राकांपा नेता पवार ने कहा, आव्हाड ने ट्वीट किया कि वह इस्तीफा दे देंगे, क्योंकि उनके खिलाफ दो अपराध दर्ज होने के बाद वह पुलिस के दुरुपयोग से तंग आ चुके हैं। सबसे पहले, मैं आव्हाड से ऐसा कदम नहीं उठाने की अपील करना चाहता हूं।

आव्हाड से जुड़ी हालिया घटनाओं पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए, पवार ने कहा कि जब मराठी फिल्म हर हर महादेव की स्क्रीनिंग बाधित हुई, तो जिस व्यक्ति को पीटा गया था, उसने खुद बताया कि आव्हाड ने उसकी रक्षा की थी। लेकिन राकांपा नेता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और उन्हें रातभर थाने में रखा गया।

पवार ने कहा, दूसरी घटना में, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कार्यक्रम में थे और आव्हाड भी कार्यक्रम में मौजूद थे। वह वीडियो में लोगों को (रास्ता बनाने के लिए) एक तरफ होने के लिए कहते हुए दिखाई दे रहे हैं और महिला को एक तरफ करने की कोशिश करते दिख रहे हैं। और कुछ नहीं हुआ। इस तथ्य के बावजूद कि शिंदे मौके से सिर्फ 10 मीटर दूर थे, इस तरह का अपराध दर्ज किया गया। मुख्यमंत्री को आगे आना चाहिए और समझाना चाहिए कि वहां ऐसा कुछ नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि चाहे वह मुख्यमंत्री कैसे भी बनें, शिंदे राज्य के 13 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। पवार ने कहा, राज्य के गठन के बाद से, हमने महाराष्ट्र में एक विशेष राजनीतिक संस्कृति देखी है। हालांकि, हाल ही में राज्य में कुछ अप्रिय घटनाएं हुई हैं।

राकांपा ने आगे कहा कि राजनीतिक और वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन अगर ऐसी घटनाएं होती रहती हैं तो यह राज्य के लिए अच्छा नहीं है।

उन्होंने कहा, कई लोगों की राय है कि (आव्हाड के खिलाफ) ऐसी धारा लगाने की कोई आवश्यकता नहीं थी, लेकिन यह एक जनप्रतिनिधि को परेशान करने का प्रयास है और यह कायरता का कृत्य है। उन्होंने कहा कि ऐसा वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए किया जा रहा है।

पवार ने कहा कि अगर किसी का आचरण कानून के खिलाफ है तो कार्वाई होनी चाहिए, लेकिन बिना वजह जनप्रतिनिधियों की छवि खराब नहीं की जानी चाहिए।इससे पहले ठाणे में मुंब्रा-कलवा सीट से विधायक आव्हाड को शुक्रवार को तब गिरफ्तार किया गया था, जब उन्होंने और उनके समर्थकों ने ठाणे शहर के एक मॉल के अंदर एक मल्टीप्लेक्स में फिल्म ॅहर हर महादेवॅ का प्रदर्शन रोक दिया था, और फिल्म में छत्रपति शिवाजी के इतिहास को तोड़ मरोड़ कर दिखाए जाने का आरोप लगाया था। स मामले में शनिवार को एक अदालत ने आव्हाड को जमानत दे दी थी।



बेंगलूरू में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत बाल दिवस के अवसर पर एक छात्र को बहादुरी का पुरस्कार देते हुए

## कांग्रेस ने गुजरात के लिए वासनिक, चव्हाण समेत कई नेताओं को दी पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को मुकुल वासनिक, मोहन प्रकाश, पृथ्वीराज चव्हाण, बीके हरिप्रसाद समेत कई नेताओं को क्षेत्रीय पर्यवेक्षक और लोकसभा क्षेत्र पर्यवेक्षक नियुक्त किया।पार्टी की ओर से जारी बयान के मुताबिक, वासनिक को गुजरात के दक्षिणी जोन, मोहन प्रकाश को सौराष्ट्र क्षेत्र, चव्हाण को मध्य जोन, हरिप्रसाद को उत्तर जोन का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।कांग्रेस ने पांच जोनल पर्यपेक्षक, 32 लोकसभा क्षेत्र पर्यवेक्षक और पांच अन्य पर्यवेक्षक बनाए हैं।राजस्थान सरकार के कुछ मंत्रियों एवं विधायकों समेत 32 नेताओं को गुजरात के 26 लोकसभा क्षेत्रों के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है। राजस्थान सरकार के मंत्री शाले मोहम्मद को कच्छ लोकसभा क्षेत्र, उदयलाल अंजना को बनासकांठा, रामलाल जाट को पाटन और सांसद नीरज डांगी को मेहसाणा लोकसभा क्षेत्र का पर्यपेक्षक बनाया गया है।

## कांग्रेस नेता डी.के. शिवकुमार ईडी के समक्ष फिर से पेश हुए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार नेशनल हेराल्ड धन शोधन मामले में फिर से पूछताछ के लिए सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। यह दूसरा मौका है, जब केंद्रीय एजेंसी मामले में उनका बयान दर्ज कर रही है। यह मामला धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत दर्ज किया गया था। कर्नाटक के पूर्व मंत्री शिवकुमार (60) ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने जांच के सिलसिले में एजेंसी द्वारा मांगे गए सारे दस्तावेज उसे सौंप दिए थे और समन टालने का अनुरोध करने के बावजूद उन्हें फिर से उपस्थित होना पड़ा। कांग्रेस नेता ने कहा, उन्होंने यंग इंडियन मुद्दे पर मुझे दोबारा तलब किया...मैंने उन्हें (ईडी) कुछ कागजात भेजे थे, लेकिन वे इससे संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने कहा, हम उनका सम्मान करते हैं, हम समन का सम्मान करते हैं और हम संस्था का सम्मान करते हैं। छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है और हमने जो कुछ दिया है(यंग इंडियन को चंदे के रूप में), वह परोपकारी कार्य के लिए है। शिवकुमार और उनके सांसद भाई डी.के.सुरेश ने अतीत में यंग इंडियन को अज्ञात राशि चंदे के तौर पर दिया था। उज्जैन में महाकाल मंदिर का दर्शन करने के बाद बयान दर्ज कराने के लिए सीधे वहां से आए शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा, इसमें (चंदा देने में) कोई बुराई नहीं है। कई शुभचिंतकों ने ऐसा किया है। शिवकुमार अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कर्नाटक से गुजर रही भारत छोड़ो यात्रा का हवाला देते हुए सात नवंबर को पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए थे। उनसे (शिवकुमार से) और सुरेश से मामले में पिछली बार ईडी ने बीते महीने (अक्टूबर में) पूछताछ की थी। इसके बाद, कांग्रेस की कर्नाटक इकाई प्रमुख ने मध्य दिल्ली में एजेंसी के ए पी जे अब्दुल कलाम रोड स्थित दफ्तर के बाहर संवाददाताओं से कहा था कि उनसे यंग इंडियन कंपनी, उनके परिवार के सदस्यों और उनसे (शिवकुमार से) संबद्ध संस्थाओं के बारे में कई सवाल पूछे गए। यंग इंडियन कंपनी के पास नेशनल हेराल्ड का मालिकाना हक है।

# राष्ट्रपति बाइडन ने चीनी समकक्ष से मुलाकात की

भाषा। बाली



**करीब दो** साल पहले अमेरिका के राष्ट्रपति के तौर पर कार्यभार संभालने के बाद जो बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सोमवार को अपनी पहली व्यक्तिगत बैठक की। जी20 शिखर सम्मेलन से इतर यह बैठक दोनों महाशक्तियों के बीच बढ़ते आर्थिक और सुरक्षा तनाव के बीच हो रही है। इंडोनेशिया के एक लग्जरी रिसॉर्ट होटल में अमेरिका और चीनी झंडों की कतार की पृष्ठभूमि में मुलाकात के दौरान शी और बाइडन ने एक दूसरे का अभिवादन किया और हाथ मिलाया। दोनों नेताओं ने मास्क नहीं लगा रखा था। दोनों नेता यहां जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे हैं। बातचीत की शुरुआत में बाइडन ने कहा कि वह शी के साथ संचार के रास्ते खुले रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से आपके और मेरे बीच संचार की लाइनें खुली रखने के लिए प्रतिबद्ध हूं...। उन्होंने कहा, मेरे विचार से यह दिखाने की साझेदारी हमारे दोनों देशों के नेता साझा करते हैं कि चीन और अमेरिका अपने मतभेदों का प्रबंधन कर सकते हैं, प्रतिस्पर्धा को संघर्ष के करीब जाने से रोक सकते हैं और तत्कालिक वैश्विक मुद्दों पर एक साथ काम करने के तरीके ढूंढ सकते हैं जिनके लिए हमारे पारस्परिक सहयोग की आवश्यकता होती है। वहीं शी ने कहा कि दुनिया उनके और राष्ट्रपति बाइडन के बीच हो रही बैठक पर ध्यान दे रही है। सीएनएन ने शी को उद्धत करते हुए लिखा, वर्तमान में चीन-अमेरिका संबंध ऐसी स्थिति में है कि हम सभी इसकी बहुत परवाह करते हैं क्योंकि यह हमारे दोनों देशों और लोगों के मौलिक हित नहीं हैं, और यह वह नहीं है जो अंतर्राष्ट्रीय समुदाय हमसे उम्मीद करता है। एक अनुवादक के जरिए बात करते हुए उन्होंने कहा, दो प्रमुख देशों के नेताओं के रूप में हमें अमेरिका-चीन संबंधों के लिए सही दिशा निर्धारित करने की आवश्यकता है। हमें आगे बढ़ने वाले द्विपक्षीय संबंधों के लिए सही दिशा खोजने और संबंधों को ऊपर उठाने की जरूरत है। शी ने कहा, दुनिया को उम्मीद है कि चीन और अमेरिका रिश्ते को ठीक से संभाल लेंगे। हमारी बैठक ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है, इसलिए हमें विश्व शांति के लिए और अधिक आशा लाने के लिए, वैश्विक स्थिरता के लिए अधिक विश्वास लाने और सबके विकास के लिए मजबूत प्रोत्साहन लाने के वास्ते सभी देशों के साथ काम करने की जरूरत है। चीनी नेता ने कहा कि वह चीन-अमेरिका संबंधों और प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर, रणनीतिक महत्व के मुद्दों पर बाइडन के साथ विचारों का स्पष्ट और गहन आदान-प्रदान करने के लिए तैयार हैं। दुनिया भर की 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं-विकसित व उभरती अर्थव्यवस्थाओं- के नेताओं के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए बाइडन रविवार को यहां पहुंचे थे जबकि शी सोमवार दोपहर बाद यहां पहुंचे।

## इस्तांबुल हमले का संदिग्ध गिरफ्तार : मंत्री

**अंकारा।** तुर्किए पुलिस ने राजधानी इस्तांबुल के लोकप्रिय इस्तिकलाल एवेन्यू में रविवार को हुई भीषण विस्फोट की घटना के संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया है। देश के आंतरिक मामलों के मंत्री सुलेमान सोयलू ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति पर इस्तिकलाल एवेन्यू इलाके में बम लगाने का संदेह है और प्रारंभिक जांच से संकेत मिलते हैं कि इस घातक हमले के पीछे कुर्द लड़ाकों का हाथ हो सकता है। तकसीम चौक की तरफ जाने वाले इस्तिकलाल एवेन्यू पर रविवार को हुए भीषण विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दर्जनों अन्य घायल हो गए थे। अनादोलू समाचार एजेंसी ने सोयलू के हवाले से कहा, जिस व्यक्ति ने बम रखा था, उसे हमारे इस्तांबुल पुलिस विभाग की टीमों ने कुछ देर पहले हिरासत में ले लिया।

## कनाडा : स्थाई निवासी अब बन सकते हैं सेना का हिस्सा, भारतीयों को हो सकता है फायदा

भाषा। टोरंटो (कनाडा)

कनाडा के सशस्त्र बलों (सीएएफ) ने घोषणा की कि स्थाई निवासियों को अब सेवाओं में भर्ती की अनुमति दी जाएगी, क्योंकि सेना जवानों की कमी का सामना कर रही है। मीडिया की एक खबर में यह जानकारी दी गई। कनाडा में स्थाई निवासियों में बड़ी संख्या में भारतीय शामिल है और सीएएफ के फैसले से उनके लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न होने की संभावना है। सीटीवी न्यूज की खबर के अनुसार, रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के पुरानी भर्ती प्रक्रिया में बदलाव लाने की घोषणा करने के पांच साल बाद ए घोषणा की गई। इस कदम से कनाडा में 10 साल से रह रहे स्थाई निवासियों को आवेदन करने की अनुमति होगी।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल **अनिल कुमार** निवासी बी-540, गली नंबर-2, मीत नगर, सभापुर दिल्ली- 110094 ने अपनी पुत्री **तन्नू** को उसके गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये हैं, पुत्री के किसी भी कार्य एवं लेन देन हेतु मेरे मुवक्किल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

Sd/-
मयंक गुप्ता
(अधिवक्ता)
चैम्बर नं.- 1076, सिविल कोर्ट,
राज नगर, गाजियाबाद (उ.प्र.)
(मो.) 9818802200

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बिजेंद्र सिंह पुत्र श्री रूप चंद, व श्री ज्ञानेंद्र सिंह पुत्र श्री रूप चंद, Plot No- 77-A, area measuring 1100 Sq. Yds, Situated in the area of Village Dhir Khera, Pargana Sarawa, Tehsil & District Meerut (U.P.), के मालिक है और अब अपनी उपरोक्त को संपत्ति पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा बंधक प्रस्तावित है!
यदि उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी प्राधिकरण को आपत्ति है तो कृपया हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें ! ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा.

राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +8076188328


## नताशा पर्क मूसर स्लोवेनिया की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गईं

भाषा। ल्यूब्लजाना

**उदारवादी नेता** नताशा पर्क मूसर यूरोपीय देश स्लोवानिया की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गई हैं। उन्होंने रविवार को राष्ट्रपति चुनाव के लिए हुए रन-ऑफ में देश के पूर्व विदेश मंत्री एंजे लोगर को मात दी। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद मूसर ने कहा कि उनका पहला काम स्लोवानिया में दक्षिणपंथियों और वामपंथियों के बीच मौजूद गहरी खाई को पाटना होगा। रन-ऑफ एक मतदान प्रणाली है, जिसमें पहले दौर में सर्वाधिक मत हासिल करने वाले दो उम्मीदवार दूसरे दौर में प्रवेश करते हैं और उसमें जीत दर्ज करने वाले प्रत्याशी को विजेता घोषित किया जाता है। अधिकारियों के मुताबिक, रन-ऑफ में मूसर को 54 फीसदी, जबकि लोगर को 46 प्रतिशत वोट मिले। मूसर के राष्ट्रपति चुने जाने से अप्रैल में स्लोवेनिया के संसदीय चुनाव में जीत दर्ज करने वाले मध्यममार्गी-वाम गठबंधन की स्थिति और मजबूत होगी।

# फिर से पाक का प्रधानमंत्री बनने पर अमेरिका के साथ संबंध सुधारना चाहता हूं: खान

भाषा। इस्लामाबाद-लंदन

**इमरान खान ने** कहा है कि वह फिर से पाकिस्तान का प्रधानमंत्री निर्वाचित होने पर अमेरिका के साथ संबंध सुधारना चाहते हैं और वह प्रधानमंत्री पद से उन्हें हटाए जाने के लिए अब उसे दोष नहीं देते। ऐसा कहकर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री खान ने अपने पहले के बयान से एक तरह से यू-टर्न लिया है। खान का आरोप था कि अमेरिका ने तत्कालीन विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन देकर उन्हें सत्ता से हटाने का षड्यंत्र रचा है। इसी साल अप्रैल महीने में अविश्वास प्रस्ताव में सत्ता से बाहर हो गए खान (70) अब तक दावा करते थे कि उन्हें पद से हटाए जाने के लिए मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पाकिस्तान के शीर्ष सुरक्षा भागीदार अमेरिका की साजिश थी। अमेरिका ने पाकिस्तान को अरबों डॉलर की सैन्य सहायता प्रदान की है। खान दावा करते थे कि विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव चीन और रूस जैसे देशों के साथ पाकिस्तान के संबंधों पर उनकी स्वतंत्र विदेश नीति के चलते एक विदेशी साजिश का परिणाम था। खान साथ ही यह भी दावा करते थे कि उन्हें सत्ता से बेदखल करने के लिए विदेशों से धन का इस्तेमाल किया जा रहा था। खान ने फाइनेंशियल टाइम्स के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि वह अब अमेरिका को दोषी नहीं देते और फिर से निर्वाचित होने पर सम्मानजनक संबंध चाहते हैं। खान पर हाल ही में घातक हमला हुआ था जिसमें वह घायल हो गए थे। उन्होंने कथित साजिश के बारे में ब्रिटेन के समाचार पत्र से कहा, जहां तक मेरा संबंध है, यह खत्म हो गया है...। हालांकि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और अमेरिका दोनों कथित षड्यंत्र से इनकार करते रहे हैं। खान दावा करते रहे हैं कि अमेरिकी विदेश विभाग में दक्षिण एशिया संबंधी शीर्ष अमेरिकी अधिकारी डोनाल्ड लू उनकी सरकार को गिराने की विदेशी साजिश में शामिल थे। समाचार पत्र ने खान के हवाले से कहा, मैं जिस पाकिस्तान का नेतृत्व करना चाहता हूं, उसके सभी के साथ अच्छे संबंध होने चाहिए, खासकर अमेरिका के साथ। उन्होंने कहा, अमेरिका के साथ हमारा संबंध एक मालिक-सेवक का रहा है... लेकिन इसके लिए मैं अमेरिका से ज्यादा अपनी सरकारों को दोषी ठहराता हूं।

### इमरान खान ने पाक सेना पर फिर साधा निशाना, स्वतंत्र संस्थाओं को कमजोर करने का लगाया आरोप

**इस्लामाबाद-लंदन।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर सेना पर निशाना साधा है और स्वतंत्र संस्थाओं को अतीत में कमजोर करने तथा राजनीतिक वंशवादियों के साथ मिल कर काम करने का आरोप लगाया। खान (70) के अप्रैल में प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद पिछले कुछ महीनों से सेना से उनकी तकरार जारी है। खान ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृह मंत्री राणा सनाउल्ला और मेजर जनरल फैसल नसीर उसी तरह से उनकी हत्या करने की साजिश में शामिल हैं, जिस तरह की एक घटना में 2011 में पंजाब के पूर्व गवर्नर सलमान तासीर की हत्या कर दी गई थी। खान पर हाल में हमला हुआ था और एक पैर में गोली लगने से वह घायल हो गए थे। उन्होंने फाइनेंशिल टाइम्स को दिए एक साक्षात्कार में कहा, सेना पाकिस्तान के लिए मेरी भविष्य की योजनाओं में रचनात्मक भूमिका निभा सकती है। उन्होंने ब्रिटिश अखबार से कहा, लेकिन उसे संतुलित रहना होगा। आप के पास एक ऐसी निर्वाचित सरकार नही होनी चाहिए, जिसे जिम्मेदारी तो जनता ने सौंपी हो, लेकिन प्राधिकार कही और स्थित हो। खान ने आरोप लगाया कि सेना ने पूर्व में शरीफ परिवार जैसे राजवंशों के साथ स्वतंत्र संस्थाओं को कमजोर किया और इस तरह से व्यवहार किया, जैसे कि वे कानून से ऊपर हो।


**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कार्यालय संख्या 201-बी, द्वितीय तल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर बी 3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, थाने, महाराष्ट्र-400604

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सोमेश झिंगन, देविन्दर तीरथ सिंह, (एलबीएमयूएम00005144951, एलबीएमयूएम00001628123, ) 1066, सेक्टर-37, अरूण विहार, उत्तर प्रदेश, नोएडा-201301 | फ्लैट नंबर बी-18 एवं बी-19, ट्रिनिटी कोर्ट, साउथ रोड, कोरेगांव पार्क, महाराष्ट्र, पुणे-411 005 | 18-10-2022 रू. 21,69,908/- | 16-08-2022 |

सूचना की वैकल्पिक तामील के लिए उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 15 नवम्बर, 2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : नोएडा — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**शरीका एंटरप्राइजेज लिमिटेड**
सीआईएन : एल51311डीएल1998पीएलसी093690
पंजीकृत कार्यालय : एस-550-551, स्कूल ब्लॉक पार्ट-2, वेलकम प्लाजा, शकरपुर, दिल्ली-110092
वेबसाइट : www.sharikaindia.com, ई-मेल आई डी : cs@sharikaindia.com

30 सितम्बर, 2022 को समाप्त वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित समेकित और पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का विवरण

| | विवरण | पृथक्कृत | | | | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त |
| | | 30-09-2022 | 30-06-2022 | 30-09-2021 | 31-03-2022 | 30-09-2022 | 30-06-2022 | 30-09-2021 | 31-03-2022 |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 442.70 | 648.04 | 1,250.95 | 3,917.62 | 442.70 | 684.04 | 570.72 | 3,920.18 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)(कर, अपवाद तथा असाधारण मदों से पूर्व) | (247.88) | (214.79) | (194.98) | 101.61 | (239.56) | (213.78) | (32.78) | (14.87) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व(असाधारण मदों के पश्चात) | (247.88) | (214.79) | (194.98) | 101.61 | (239.56) | (213.78) | (32.78) | (14.87) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात | -249.23 | (211.17) | -194.19 | 83.72 | (240.91) | (210.16) | (32.17) | (32.77) |
| 5 | इक्विटी प्रदत्त शेयर पूंजी | 2,165.00 | 2,165.00 | 2,165.00 | 2,165.00 | 2,165.00 | 2,165.00 | 2,165.00 | 2,165.00 |
| 6 | प्रति शेयर अर्जन : | | | | | | | | |
| | मूल (रू.) | (0.58) | 0.49 | (0.15) | 0.19 | 0.56 | 0.49 | (0.07) | (0.08) |
| | तनुकृत (रू.) | (0.58) | 0.49 | (0.15) | 0.19 | 0.56 | 0.49 | (0.07) | (0.08) |

नोट्स :
1. उपरोक्त लेखापरीक्षित परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित और संस्तुत किए गए हैं और तदुपरांत निदेशक मंडल द्वारा उसकी 14 नवम्बर, 2022 को आयोजित बैठक में अनुमोदित किए गए हैं। सांविधि लेखापरीक्षकों ने इन वित्तीय परिणामों का सीमित पुनरीक्षण किया है।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (एलओडीआर) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज को प्रस्तुत किए गए 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त छमाही हेतु पृथक्कृत एवं समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। इन परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.sharikaindia.com पर उपलब्ध है।

स्थान : नोएडा — वास्ते शरीका एंटरप्राइजेज लिमिटेड
तिथि : 14-11-2022 — राजिन्दर कौल (प्रबंध निदेशक)


# पेट्रोल, डीजल को जीएसटी दायरे में लाने के लिए केंद्र तैयार, राज्यों की सहमति जरूरी : पुरी

भाषा। श्रीनगर



**पेट्रोलियम** एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार पेट्रोल और डीजल को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने के लिए तैयार है लेकिन इसपर राज्यों के सहमत होने की संभावना कम है। पुरी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए राज्यों की सहमति जरूरी है और अगर राज्य इस दिशा में पहल करते हैं तो केंद्र भी इसके लिए तैयार है। उन्होंने कहा, हम पहले से ही इसके लिए तैयार रहे हैं। यह मेरी समझ है। हालांकि, दूसरा मुद्दा इसे लागू करने के तरीके का है। उस सवाल को वित्त मंत्री के समक्ष उठाया जाना चाहिए। पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की लंबे समय से उठ रही मांग के बीच पेट्रोलियम मंत्री ने इस बात की आशंका जताई कि राज्यों के बीच इसपर सहमत बनने की संभावना कम ही है। उन्होंने कहा कि राज्यों के राजस्व का प्रमुख स्रोत शराब एवं पेट्रोलियम उत्पादों पर लगने वाला कर ही होता है। पुरी ने कहा, यह समझना अधिक मुश्किल नहीं है कि राज्यों को इनसे राजस्व मिलता है। राजस्व पाने वाला आखिर उसे क्यों छोड़ना चाहेगा? सिर्फ केंद्र सरकार ही मुद्रास्फीति और अन्य बातों को लेकर फिक्रमंद रहती है। उन्होंने केरल उच्च न्यायालय के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि इस मामले को जीएसटी परिषद में उठाने का सुझाव दिया गया था लेकिन राज्यों के वित्त मंत्री इस पर तैयार नहीं हुए। उन्होंने कहा, जहां तक जीएसटी का सवाल है तो हमारी या आपकी इच्छाएं अपनी जगह हैं, हम एक सहकारी संघीय व्यवस्था का हिस्सा हैं। पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में गिरावट की संभावना के बारे में पूछे जाने पर पुरी ने कहा, मैं आपके सवाल से अचंभित हूं। पिछले एक साल में इनकी कीमतों में सबसे कम बढ़ोतरी शायद भारत में ही हुई है। मॉर्गन स्टेनली भी कह रहा है कि भारत दुनियाभर में एक सबसे बेहतर स्थिति में रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने उत्पाद शुल्क में कटौती जैसे कदम उठाकर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के असर से खुद को बचाए रखा है। उन्होंने कहा, मैं काल्पनिक सवालों के जवाब नहीं देता लेकिन केंद्र सरकार की कोशिश यही होगी कि कीमतें स्थिर बनी रहें।

## ट्विटर अधिग्रहण बाद मेरा काम काफी बढ़ गया, मस्क ने जी-20 मंच में कहा

भाषा। नुसा दुआ (इंडोनेशिया)

**एलन मस्क** होना आसान नहीं है और अपनी इच्छा को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत होती है। ट्विटर के नए मालिक और टेस्ला तथा स्पेसएक्स के प्रमुख एलन मस्क ने उन युवाओं को यह संदेश दिया है, जो उद्यमिता के क्षेत्र में उनकी सफलता का अनुकरण करने की इच्छा रखते हैं। मस्क ने सोमवार को बाली में एक व्यापार मंच को संबोधित करते हुए कहा, आप जो चाहते हैं उसके लिए सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि कितने लोग मेरे जैसा बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं खुद भी काफी मेहनत करता हूं। सही मायने में कहूं तो यह अगला स्तर है। मस्क जी-20 के शिखर सम्मेलन से पहले बी-20 व्यापार मंच को संबोधित कर रहे थे। वह सम्मेलन में वीडियो लिंक के जरिए शामिल हुए। हालांकि, उन्हें व्यक्तिगत रूप से इस सम्मेलन में भाग लेना था। शिखर सम्मेलन की तैयारियों में जुटे इंडोनेशिया सरकार के एक मंत्री ने कहा कि मस्क को इस सप्ताह बाद में एक अदालती मामले के लिए तैयारी करनी है। इसलिए वह सम्मेलन में शामिल नहीं हो पाएंगे। मस्क ने ट्विटर सौदे का उल्लेख करते हुए कहा, हाल के दिनों में मेरा काम काफी बढ़ गया है। उन्होंने कहा, अब मेरे पास काफी काम है। इस व्यापार मंच में मस्क के संबोधन का सबसे ज्यादा इंतजार था। लेकिन कार्यक्रम के संचालक ही उनसे सवाल पूछ पाए। टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने भारत जैसे विकासशील देशों और जी-20 के मेजबान इंडोनेशिया के लिए इलेक्ट्रिक कार के मामले में कम लागत का विकल्प तैयार करने के सवाल पर कहा कि कंपनी काफी कम कीमत का इलेक्ट्रिक कार मॉडल तैयार करने पर विचार करेगी। हमारा मानना है कि सस्ता वाहन बनाना चाहिए और हम इसके लिए कुछ करेंगे। मस्क ने ट्विटर की वीडियो पेशकश की लंबाई बढ़ाने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि वह सामग्री बनाने वालों के साथ राजस्व साझा करना चाहते हैं।


**रोटोग्राफिक्स (इंडिया) लिमिटेड**
सीआईएन : एल74899डीएल1976पीएलसी008036
पंजी. कार्यालय : यूनिट नंबर 8, ग्राउण्ड फ्लोर, पाकेट एम, सरिता विहार, नई दिल्ली-110076
टेलीफोन : 011-47366600, ई-मेल : info@rotoindia.co.in वेबसाइट : www.rotoindia.co.in

30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अ-लेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण (रू. लाख में)

| विवरण | तिमाही समाप्त 30-09-2022 अ-लेखापरीक्षित | अर्द्ध समाप्त 30-09-2022 अ-लेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30-09-2021 अ-लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|
| परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 1.27 | 6.55 | 0.00 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | (1.46) | 0.01 | (2.32) |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (1.46) | 0.01 | (2.32) |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (1.46) | 0.01 | (2.32) |
| अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | (1.46) | 0.01 | (2.32) |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 360.13 | 360.13 | 360.13 |
| प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) मूल एवं तनुकृत (वार्षिककृत नहीं) | (0.04) | 0.00 | (0.07) |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (एलओडीआर) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.rotoindia.co.in पर उपलब्ध है।
2. वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015, कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) (संशोधन) नियमावली, 2016 द्वारा संशोधित के अधीन अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं।
3. उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामो की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई थी तथा निदेशक मंडल द्वारा 14-11-2022 को सम्पन्न उसकी बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।

वास्ते रोटोग्राफिक्स (इंडिया) लिमिटेड
स्थान : नई दिल्ली — अंकित बंसल
तिथि : 14-11-2022 — कम्पनी सेक्रेटरी


## प्रवर्तक के खिलाफ जांच से जेट एयरवेज के अधिग्रहण पर असर नहीं : कालरॉक

नई दिल्ली। कालरॉक कैपिटल ने कहा है कि विदेशों में प्रवर्तक फ्लोरियन फ्रिट्ज के खिलाफ जांच से जेट एयरवेज के अधिग्रहण पर कोई असर नहीं पड़ेगा। जालान-कालरॉक गठजोड़ दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत कर्ज के बोझ से दबी जेट एयरवेज के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरा है। उल्लेखनीय है कि फ्रिट्ज लिकटेंस्टीन, स्विट्जरलैंड और ऑस्ट्रिया की नियामकीय एजेंसियों के जांच के घेरे में है। इसके बाद कालरॉक कैपिटल पार्टनर्स लि. का यह बयान आया है। इसके अलावा जेट के दोबारा परिचालन शुरू करने को लेकर भी आशंका बनी हुई है। हालांकि, गठजोड़ की समाधान योजना को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मंजूरी मिले एक साल से अधिक हो गया है। यह मंजूरी जून, 2021 में मिली थी। जेट एयरवेज अप्रैल, 2019 से ठप खड़ी है।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 170 अंक टूटा

भाषा। मुंबई

**• आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस नुकसान में**

**उतार-चढ़ाव** भरे कारोबार में सोमवार को बीएसई सेंसेक्स में 170 अंक से अधिक की गिरावट आई। एशियाई बाजारों में कमजोर रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे शेयरों में नुकसान से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 170.89 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 61,624.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह उंचे में 61,916.24 अंक तक गया जबकि नीचे में 61,572.03 तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 20.55 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 18,329.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में डॉ. रेड्डीज, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनीलिवर, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, नेस्ले, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा स्टील, पावरग्रिड, इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस और मारुति सुजुकी शामिल हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, हाल की तेजी के बाद बाजार में शुरूआती कमजोर रही और यह बंद भी उसी के अनुरूप हुआ। शुरू में बढ़त के बाद निफ्टी सूचकांक सीमित दायरे में रहा और अंत में दिन के निचले स्तर पर बंद हुआ। बीएसई मिडकैप (मझोली कंपनियों) और स्मॉलकैप (छोटी कंपनियों) के सूचकांक क्रमश: 0.05 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत मजबूत हुए। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट नुकसान में जबकि हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में शुक्रवार को मजबूती थी। इस बीच, आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं के दाम में कमी से थोक मुद्रास्फीति घटकर 19 महीने के निचले स्तर 8.39 प्रतिशत पर आ गई है।

## वाहन कलपुर्जा कंपनियों को 2022-23 में आय में 8-10 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद: इक्रा

**मुंबई।** वाहन कलपुर्जों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों को चालू वित्त वर्ष में अपने आय में आठ से दस प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि घरेलू मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) की मजबूत मांग और वाहनों के कलपुर्जों, एक्सेसरीज और कलपुर्जा बाजार (आफ्टरमार्किट) में दबी हुई मांग के निकलने से आपूर्तिकर्ताओं की आय बढ़ सकती है। उद्योग को चालू वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही के दौरान अपनी आय में सालाना आधार पर 29 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। इक्रा ने करीब 3,00,000 करोड़ रुपए के कुल वार्षिक आय वाली 49 वाहन कुलपुर्जा कंपनियों के अनुमानों के आधार पर यह रिपोर्ट जारी की है। गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनों में आपूर्ति श्रृंखला के बाधाओं, मुद्रास्फीतिक दबाव और भू-राजनीतिक संकट के कारण निर्यात ऑर्डर कम हुए हैं।


**ADDI INDUSTRIES LIMITED**
CIN: L51109DL1980PLC256335
Regd Office: A-104, Third floor, Okhla Industrial area Phase-II, New Delhi-110020
E -Mail: atul.addi@gmail.com; Telephone No - 011-45025459
Statement of Unaudited Standalone & Consolidated Financial Results For The Quarter and Half Year Ended September 30, 2022

In lakhs (Except EPS)

| Sr No. | Particulars | Standalone | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Half YearEnded | | |
| | | 30-09-2022 (Unudited) | 30-06-2022 (Unudited) | 30-09-2021 (Unudited) | 30-09-2022 (Unudited) | 30-09-2021 (Unudited) | 31-03-2022 (Audited) |
| 1. | Total income from operations | 98.63 | 85.35 | 53.85 | 183.98 | 82.49 | 216.40 |
| 2. | Net Profit for the period (before Tax and exceptional items) | 73.95 | 59.26 | (170.39) | 133.21 | (163.74) | (87.31) |
| 3. | Net Profit for the period (before Tax, after exceptional items) | 31.02 | 1,931.30 | 1,038.02 | 1,962.32 | 3,253.57 | 4,564.52 |
| 4. | Net Profit for the period after Tax (after exceptional items) | 24.16 | 1,545.04 | 733.31 | 1,569.19 | 2,422.84 | 3,727.78 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | 24.30 | 1,545.18 | 733.48 | 1,569.48 | 2,423.18 | 3,728.34 |
| 6. | Paid-up equity share capital (Face Value Rs10/- each) | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | - | - | - |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (For continuing and discontinued operations) (Not Annualised) | | | | | | |
| | a) Basic (amount in Rs ) | 0.22 | 14.31 | 6.79 | 14.53 | 22.44 | 34.53 |
| | b) Diluted (amount in Rs) | 0.22 | 14.31 | 6.79 | 14.53 | 22.44 | 34.53 |

| Sr No. | Particulars | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Half YearEnded | | |
| | | 30-09-2022 (Unudited) | 30-06-2022 (Unudited) | 30-09-2021 (Unudited) | 30-09-2022 (Unudited) | 30-09-2021 (Unudited) | 31-03-2022 (Audited) |
| 1. | Total income from operations | 101.82 | 88.51 | 57.09 | 190.33 | 88.98 | 229.35 |
| 2. | Net Profit for the period (before Tax and exceptional items) | 77.09 | 62.34 | (167.19) | 139.43 | (157.32) | (74.52) |
| 3. | Net Profit for the period (before Tax, after exceptional items) | 34.16 | 1,934.38 | 1,041.22 | 1,968.54 | 3,259.99 | 4,577.31 |
| 4. | Net Profit for the period after Tax (after exceptional items) | 26.94 | 1,547.78 | 736.25 | 1,574.71 | 2,428.73 | 3,739.47 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | 27.08 | 1,547.92 | 736.42 | 1,575.00 | 2,429.07 | 3,740.03 |
| 6. | Paid-up equity share capital (Face Value Rs 10/- each) | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | - | - | - |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (For continuing and discontinued operations) (Not Annualised) | | | | | | |
| | a) Basic (amount in Rs ) | 0.25 | 14.33 | 6.82 | 14.58 | 22.49 | 34.63 |
| | b) Diluted (amount in Rs) | 0.25 | 14.33 | 6.82 | 14.58 | 22.49 | 34.63 |

Notes:
1. The above results have been reviewed and recommended by the Audit Committee and thereafter approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 14th November, 2022.The financial results for the quarter ended September 30,2022 have been limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company.
2. The above is an extract of the detailed format of quaterly/annual financial results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation,2015. The full format of the quarterly financial results is available on the stock exchange websites of BSE (www.bseindia.com) and NSE (www.nseindia.com) and Company's website at http://www.addiindustries.com/
3. There is no change(s) in accounting policies which impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s).

For and on behalf of Directors
ADDI Industries Limited
Sd/-
Place : New Delhi — Chaman Lal Jain
Date : November 14, 2022 — Managing Director; DIN: 00022903

मोदी-योगी के कामों के दम पर

# भाजपा को निकाय चुनाव में मिलेगी ऐतिहासिक सफलता : भूपेंद्र सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भाजपा** के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सोमवार को सहारनपुर में आयोजित जिला, सहारनपुर महानगर एवं शामली की संयुक्त बैठक कर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी के विकास रथ को रोकने के लिए विपक्ष ने तमाम गठबंधन किये परन्तु जनता ने सबको ध्वस्त कर दिया। विपक्ष ने हर प्रकार के गठबंधन करके देख लिए परन्तु हर बार जनता ने बीजेपी में विश्वास जता कर विपक्ष के मंसूबो को ध्वस्त कर दिया। इससे पता चलता है कि जनता भाजपा और भाजपा सरकार के कार्यों को पसंद कर रही है। हमने जनता से जो भी वादे संकल्प पत्र में किये उन संकल्पों को पूरा करने का काम कर रहे है। मोदी-योगी के नेतृत्व की राज्य की भाजपा सरकार ने बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाया। बिना किसी भेदभाव पूरे प्रदेश को बिजली दी जा रही है। भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था सुदृढ हुई जबकि सपा सरकार के समय गुंडे, अपराधियों, माफियाओं और भ्रष्टाचारियों का बोलबाला था, बहन-बेटियां घर से बाहर निकलते समय डरी हुई रहती थी जबकि आज किसी की हिम्मत नही की कि किसी भी बहन-बेटी की ओर नज़र उठा कर देख ले। सपा सरकार में संगठित अपराध व भ्रष्टाचार को सत्ता का संरक्षण प्राप्त था जबकि योगी सरकार की भ्रष्टाचार व अपराध की जीरो टॉलरेंस की नीति ने अपराधियों, माफियाओं व भ्रष्टाचारियों के तंत्र को भी ध्वस्त किया और उन्हें कानून के दायरें में भी लेकर आए। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार द्वारा किए गए लोककल्याणकारी कार्यों के बल पर भाजपा आगामी निकाय चुनाव में ऐतिहासिक सफलता हासिल करेगी। कार्यकर्ता पार्टी संगठन की पूंजी है। पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम है कि आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं का अवाहन किया कि वे जीत के संकल्प के साथ पार्टी की योजनानुसार निकाय चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि इस बार निकाय चुनाव में जीत का संकल्प लेकर चुनाव की योजना रचना बनाकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षक व स्नातक विधान परिषद चुनाव में भी सबका साथ-सबका विकास के साथ सबका विश्वास लेकर भाजपा सभी सीटों पर विजय परचम फहरायेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओ के अथक परिश्रम के दम पर हमने एक लंबी यात्रा तय की है, हम अपनी विचारधारा को लेकर आगे बढ़े और आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल हैं। अब हमारे लिए पहले से भी और बेहतर करने का संकल्प है। जिसकों हमारी सरकारों द्वारा किये गए कार्यो और कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर हम साकार करेंगे।

**इनामी बदमाश गिरफ्तार:** फुर्खाबाद। जिले में पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनामी एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने सोमवार को बताया कि मऊदरवाजा थाना पुलिस रविवार रात को वाहनों की जांच कर रही थी, तभी उसने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रुकने को कहा। मीणा ने बताया कि हालांकि, मोटरसाइकिल सवार ने रुकने के बजाय पुलिस पर गोली चला दी और भागने के प्रयास में उसकी मोटरसाइकिल फिसल गई, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा। मीणा के मुताबिक, मोटरसाइकिल सवार उठकर फिर पुलिस पर गोली चलाने लगा और जवाबी कार्वाई में घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, पूछताछ से पता चला कि मोटरसाइकिल सवार मैनपुरी जिले के भोगांव कस्बे का रहने वाला है और उसका नाम शिवा उर्फ कचरा है। उन्होंने बताया कि शिवा गैंगस्टर अधिनियम के तहत दर्ज 30 मुकदमों में वांछित था और उसके ऊपर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित है। उसे इलाज के लिए लोहिया अस्पताल भेजा गया है।



सहारनपुर में संयुक्त बैठक का शुभारंभ करते भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी

# धानेपुर हत्याकांड का खुलासा

## दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता। गोंडा

**बीते** 10 अक्टूबर को थाना धानेपुर क्षेत्र अन्तर्गत राम समुझ के बाग में एक लडके का शव प्राप्त हुआ था। जिसमें मृतक सुनील कुमार की मां श्रीमती कुसमा देवी की तहरीर पर थाना धानेपुर में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने घटना के जल्द से जल्द अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के पर्यवेक्षण में टीमे गठित कर पुलिस को निर्देशित किया था। उक्त के क्रम में पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के आधार पर घटना कारित करने वाले आरोपी अभियुक्तों आशीष व पूनम निवासी ग्राम सहजौरा थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा।को आनन्द चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी देते हुए एसपी आकाश तोमर ने बताया कि पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतक सुनील कुमार व पूनम के बीच काफी दिनों से प्रेमप्रसंग चल रहा था। समाज में बदनामी के चलते पूनम मृतक सुनील कुमार से पीछा छुड़ाना चाह रही थीए लेकिन मृतक द्वारा लगातार पूनम को परेशान किया जा रहा था। इसलिए योजनाबद्ध तरीके से उक्त दोनो अभियुक्तों द्वारा दिनांक 07ण11ण2022 को अपने साथी अभियुक्त विकास उर्फ आकाश के साथ मृतक सुनील कुमार को हुनमानगढ़ी मंदिर मेहनौन निकट नहर पुलिया पर बुलाकर सूनसान जगह बंजारनडीह के पास गलादबा कर हत्या कर दी गयी थी और शव को वही गन्ने के खेत में फेंक दिया गया था। दो दिन बाद दिनांक 09ण11ण2022 की रात्रि उक्त अभियुक्तों द्वारा बोलेरो से मृतक के शव को गन्ने के खेत से उठाकर कालीमाता के स्थान से कुछ दूर बगीचे में लाकर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पेड़ से लटकाने का प्रयास किया गया थाए परन्तु समय अधिक हो जाने के कारण शव को वही बगीचे में छोड कर फरार हो गए थे। फरार अभियुक्त विकास उर्फ आकाश की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें लगी हुई है।

### तालाब में डूबकर तीन लड़कों की हुई मौत

**पीलीभीत।** जिले के सेहरामऊ में रविवार को तालाब में डूबने से तीन लड़कों की मृत्यु हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक पवित्र मोहन त्रिपाठी ने यहां बताया कि दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे सेहरामऊउत्तरी थाना क्षेत्र के गांव पटिहन निवासी लोकेन्द्र (10), स्वप्निल (आठ) और सचिन (नौ) गांव में स्थित तालाब में फूल लेने गए थे।उन्होंने बताया कि स्वप्निल और सचिन तालाब में गहरे पानी में चले गए थे। दोनों डूबने लगे तो उन्हें बचाने के लिए लोकेंद्र भी पानी में उतर गया मगर वह भी डूब गया।

## शक्तिवर्धक दवा खाकर लड़की से दुष्कर्म किया पीड़िता की हुई मौत

**उन्नाव।** के सदर कोतवाली क्षेत्र में 19 वर्षीय एक लड़की से बलात्कार और हत्या के मामले में पुलिस ने उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। लड़की की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बलात्कार के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव से मौत होने की पुष्टि की गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने सोमवार को बताया कि पिछली 10 नवंबर को कोतवाली सदर क्षेत्र में एक युवती का शव उसके घर में मिला था। इस मामले में सुजीत और कुंवारा नामक दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जांच में इन दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने को गलत पाया गया। बाद में पुलिस और एसओजी ने युवती के व्हाट्सऐप चैट और अन्य विवरण को खंगालने के बाद रविवार को उसके प्रेमी रामबरन को गिरफ्तार किया। मीणा ने बताया कि रामबरन से सख्ती से पूछताछ करने पर पता लगा कि वह और मृत युवती एक दूसरे को पहले से ही जानते थे।

## तेज रफ्तार ट्रक ने दो भाइयों को कुचला

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले के कोहंडौर थाना क्षेत्र के नया बाजार कोहंडौर स्टेशन मोड़ के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार दो सगे भाइयों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक (नगर) सुबोध गौतम ने बताया कि कोहंडौर थाना क्षेत्र के करिस्ता गांव का रहने वाला राकेश सोनी (27) सोमवार सुबह अपने छोटे भाई राजेश सोनी (25) को सरयू एक्सप्रेस ट्रेन में बैठाने के लिए कोहंडौर रेलवे स्टेशन जा रहा था। उन्होंने बताया कि नया बाजार कोहंडौर स्टेशन मोड़ के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों भाइयों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गौतम के मुताबिक, हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

# गिट्टी ढुलाई में लिप्त दर्शा कर पेट्रोल टैंकर का कर दिया चालान

### व्यापारी ने डीएम को पत्र देते हुए खनिज विभाग की अंधेर गर्दी की शिकायत की है और मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है




**बांदा।** खनिज विभाग का अजब गजब तरीका पेट्रोल पंप व्यापारी को गिट्टी ढुलाई में लिप्त दर्शा दिया। इतना ही पेट्रोल टैंकर में गिट्टी ढुलाई दर्शाकर खनिज विभाग ने गिरवां बैरियर पर वाहन का ई चालान कर दिया। आरोप है कि अब चालान को लेकर आरसी के जरिए व्यापारी को परेशान किया जा रहा है। आपको बताते चलें कि विमल किशोर गुप्त और राज किशोर गुप्त का कालिंजर में पेट्रोल पंप है। उनका टैंकर आरटीओ विभाग बांदा में दर्ज है। बताते हैं कि उस दिन भी पेट्रोल.डीजल लेकर टैंकर कालिंजर जा रहा था, इसी दौरान खनिज विभाग की टीम ने टैंकर में गिट्टीढुलाई का आरोप लगाते हुए वाहन का 42 हजार का ई चालान कर दिया। इसको लेकर तहसीलकमी व्यापारी के घर लगातार दस्तक दे रहे हैं। व्यापारी ने डीएम को एक पत्र देते हुए खनिज विभाग की अंधेर गर्दी का उल्लेख किया है औरमुख्यमंत्री से भी यह मांग की है कि ऐसे तानाशाह नौकरशाहों को जो जनता के रक्षक ना होकर जनता के भक्षक बन रहे हो ऐसे लोगों को तत्काल जिले से हटाना चाहिए। समाजसेवी रामबाबू ने मुख्यमंत्री से मांग की है ऐसी तानाशाह खनिज अधिकारी को तत्काल निलंबित किया जाए तथा व्यापारी के न्याय हित में आरसी को तत्काल वापस लिया जाए जिससे व्यापारी को जो मानसिक आघात पहुंचा है उससे उसे निजात मिल सके।



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव अपनी पत्नी डिंपल यादव के साथ सोमवार को सैफई में अपने पिता मुलायम सिंह यादव के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए

# नामांकन से पहले डिंपल ने मुलायम को किया याद

भाषा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी की उम्मीदवार डिंपल यादव ने मैनपुरी लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले सोमवार को कहा कि वह मुलायम सिंह यादव के सिद्धांतों और मूल्यों को अपना आज का नामांकन समर्पित करती हैं। डिंपल यादव (44) ने एक ट्वीट में कहा, नेताजी को सादर नमन के साथ, हम आज का नामांकन उनके सिद्धांतों और मूल्यों को समर्पित कर रहे हैं। नेताजी का आशीर्वाद हम सबके साथ हमेशा रहा है, हमेशा रहेगा। मैनपुरी लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव पांच दिसंबर को होगा और नतीजे आठ दिसंबर को घोषित किए जाएंगे.उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करना शुरू हो गया है और 17 नवंबर को नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख है।मैनपुरी संसदीय सीट 10 अक्टूबर को मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई थी।मैनपुरी लोकसभा सीट पर 1996 से सपा के उम्मीदवार चुने जाते रहे हैं। डिंपल यादव 2019 में कन्नौज से भाजपा उम्मीदवार सुब्रत पाठक के खिलाफ चुनाव लड़ी थीं और हार गई थीं। मैनपुरी संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र हैं- मैनपुरी, भोगांव, किशनी, करहल और जसवंत नगर। 2022 के विधानसभा चुनावों में, सपा ने करहल, किशनी और जसवंत नगर सीटों पर जीत हासिल की,मैनपुरी संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र हैं- मैनपुरी, भोगांव, किशनी, करहल और जसवंत नगर। 2022 के विधानसभा चुनावों में, सपा ने करहल, किशनी और जसवंत नगर सीटों पर जीत हासिल की, जबकि भाजपा ने मैनपुरी और भोगांव सीटों पर जीत हासिल की। भाजपा ने अभी तक इस सीट पर अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है, जबकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि कांग्रेस, बसपा और शिवपाल यादव की प्रगतिशील समाजवादी पार्टी-लोहिया (पीएसपीएल) चुनाव लड़ेंगी या नहीं।वर्ष 2019 में सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने अपने निकटम प्रतिद्वंदी भाजपा के प्रेम सिंह शाक्य से 94,000 मतों के अंतर से मैनपुरी सीट से चुनाव जीता था। अखिलेश की करहल विधानसभा सीट, मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है और इसी तरह जसवंत नगर सीट का शिवपाल यादव प्रतिनिधित्व करते हैं। अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनने और विधान परिषद में जाने के लिए कन्नौज लोकसभा सीट से इस्तीफा देने के बाद 2012 में डिंपल यादव इस सीट से निर्विरोध चुन ली गई थीं।

## सपा उम्मीदवार के पास 14 करोड़ से ज्यादा की चल-अचल संपत्ति

**लखनऊ।** मैनपुरी लोकसभा सीट के उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) उम्मीदवार और पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव 14 करोड़ 32 लाख से ज्यादा मूल्य की चल-अचल संपत्तियों की मालिक हैं। डिंपल के पास 59 लाख 76 हजार 687 रुपए के जेवरात हैं, मगर उनके पास कोई कार या अन्य वाहन नहीं है। डिंपल यादव ने सोमवार को मैनपुरी लोकसभा सीट के उपचुनाव के लिए सपा उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया। इस दौरान नामांकन के साथ संलग्न किए गए संपत्ति और दायित्व के ब्योरे संबंधी शपथपत्र के मुताबिक उनके पास कुल 14 करोड़ 32 लाख दो हजार 605 रुपए की संपत्ति है। इनमें चार करोड़ 70 लाख तीन हजार 687 रुपए की चल संपत्ति तथा नौ करोड़ 61 लाख 98 हजार 918 रुपए की अचल संपत्तियां शामिल हैं। डिंपल के पति सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पास 17.22 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति और 8.33 करोड़ रुपए से ज्यादा की चल संपत्ति है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर 17.2 से लाख रुपए से ज्यादा की देनदारी है, जबकि उनकी पत्नी डिंपल पर 14.26 लाख रुपए से अधिक की देनदारी प्रदर्शित की गई है। हलफनामे के मुताबिक डिंपल के पास ढाई किलो से अधिक (2774.674 ग्राम) सोने के आभूषण और 203 ग्राम मोती तथा 127.75 कैरेट के हीरे हैं। इन सभी आभूषणों की कुल कीमत 59 लाख 76 हजार 687 रुपए है। उनके पास सवा लाख रुपए का कंप्यूटर है। हालांकि, डिंपल के पास कोई कार या अन्य वाहन नहीं है। वर्ष 2012 और 2014 में कन्नौज से सांसद रह चुकीं डिंपल ने लखनऊ विश्वविद्यालय से वर्ष 1998 में स्नातक (बी. कॉम) की डिग्री हासिल की थी। वर्ष 1999 में उनकी अखिलेश यादव से शादी हुई थी।

# दुधवा राष्ट्रीय उद्यान आज से पर्यटकों के लिए खुलेगा

भाषा। लखीमपुर खीरी

**बाघों,** हिरणों, जंगली हाथियों, एक सींग वाले गैंडों और कई अन्य मांसाहारी और शाकाहारी जीवों का आदर्श आवास, दुधवा राष्ट्रीय उद्यान (डीएनपी) मंगलवार से पर्यटकों के लिए खुल जाएगा।

दुधवा टाइगर रिजर्व (डीटीआर) के क्षेत्रीय निदेशक संजय कुमार पाठक ने बताया कि दुधवा राष्ट्रीय उद्यान 15 नवंबर से पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में उप्र के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार द्वारा औपचारिक उद्घाटन के बाद मंगलवार को दुधवा में पर्यटन गतिविधियां शुरू हो जाएंगी।उन्होंने बताया दक्षिण सोनारीपुर रेंज में गैंडा (राइनो) क्षेत्र में जाने के इच्छुक पर्यटकों को उपलब्धता के अनुसार हाथी की सवारी का आनंद लेने का मौका दिया जाएगा। पाठक ने कहा,"दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, किशनपुर और कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्यों में आने वाले पर्यटकों को जंगल सफारी के दौरान नियमों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी जाती है"। उन्होंने कहा कि पर्यटकों और आगंतुकों को ऐसी किसी भी चीज से बचना चाहिए जो जंगली जानवरों को परेशान, उत्तेजित या भयभीत कर सकती हैं। पाठक ने बताया कि दुधवा, किशनपुर या कतर्नियाघाट जंगल सफारी जाने के इच्छुक लोग उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर जाकर या इसके मोबाइल ऐप का उपयोग करके कॉटेज बुक करा सकते हैं और अपनी यात्रा की योजना बना सकते हैं। पाठक ने कहा कि प्रवेश शुल्क, कैमरा शुल्क, वाहन और हाथी की सवारी शुल्क, ठहरने के शुल्क आदि सभी को संशोधित किया गया है और दरों के बारे में जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित दुधवा राष्ट्रीय उद्यान हर साल पर्यटकों, वन्यजीव प्रेमियों और शोधकर्ताओं को अपने प्राकृतिक आवास, घास के मैदानों, आर्द्रभूमि और वन्यजीव प्रजातियों की विशाल आबादी से आकर्षित करता है।



## दिव्यांग टूर्नामेंट में मिली सुविधाओं से खिलाड़ी गदगद

**लखनऊ।** सरदार पटेल दिव्यांग राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों और अधिकारियों ने आयोजन के दौरान मिली सुविधाओं पर प्रसन्नता जताई है। इस टूर्नामेंट में देश भर से आयी बीस टीमों ने खिताब के लिए ज़ोर आजमाइश की थी। इन सभी के ठहरने का इंतज़ाम शहर के विभिन्न ओयो होटलों में किया गया था। जम्मू कश्मीर टीम के सदस्य रवि कुमार ने बताया कि उन्हें ओयो टाऊनहॉउस होटल में ठहराया गया था जहां उनके लिए खाने पीने से लेकर आरामदायक कमरों का प्रबंध था जिसने उन्हें अपना बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की। हिमाचल प्रदेश आये दिव्यांग क्रिकेटर अजय कुमार ने भी ओयो होटल में मिली सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि होटल के कर्मचारियों ने उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी और उनकी सभी ज़रूरतों का ध्यान रखने के लिए वो हमेशा तत्पर दिखे।

## जयपुरिया स्कूल का शुभारंभ

**लखनऊ।** सेठ एमआर् जयपुरिया स्कूनल ने गोमती नगर एक्सूटेंशनए लखनऊ में सीबीएसई.पैटर्न के एक स्कूमल की स्थाएपना के लिये माँ आशा देवी एजुकेशन ऐंड वेलफेयर ट्रस्ट के साथ गठजोड़ किया है। स्कू ल में विद्यार्थियों की पहली भर्ती 15 नवंबर से शुरू होगी और सत्र का आरंभ अप्रैल 2023 में होगा। इस मौके पर जयपुरिया ग्रुप के वाइस चेयरपर्सन श्रीवत्सर जयपुरिया ने कहा,आजादी मिलने से पहले से ही जयपुरिया परिवार देश में शिक्षा देने और पढ़ने की गुणवत्ता् को समृद्ध बनाने के लिये प्रतिबद्ध रहा है। कहा, हम अंतर्राष्ट्री य चिंतन को बढ़ावा देते हैं और विद्यार्थियों को 21वीं सदी के जिम्मे्दार वैश्विक नागरिकों के रूप में ढालते हैं। हमें हाल ही में फिनलैण्ड के शिक्षा मंत्री ने बेस्ट स्कूल इन द वर्ल्ड और इंडिया एजुकेशन कांग्रेस ने उपाधियाँ दी हैं। विश्वायस है कि गोमती नगर एक्साटेंशन का कैम्पोस उसी प्रतिष्ठा की ओर बढ़ेगा।

# 2024 से पहले हार्दिक को सौंपी जाए कमान: श्रीकांत

● टी20 विश्व कप से पहले लेना होगा फैसला

**भाषा** । नई दिल्ली





**राष्ट्रीय चयन** समिति के पूर्व अध्यक्ष कृष्णमाचारी श्रीकांत ने कहा कि 2024 में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को सबसे छोटे प्रारूप का पूर्णकालिक कप्तान नियुक्त किया जाना चाहिए और भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से टीम के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। भारत हाल में समाप्त हुए टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल से बाहर हो गया था जहां उसे चैंपियन बने इंग्लैंड ने 10 विकेट से करारी शिकस्त दी थी। भारत की यह छह विश्वकप में नॉकआउट में पांचवीं हार है। श्रीकांत ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, यदि मैं चयन समिति का अध्यक्ष होता तो फिर कहता कि हार्दिक पंड्या को विश्व कप 2024 के लिए कप्तान होना चाहिए। मैं सीधे तौर पर यह फैसला करता। और टीम के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया आज से ही शुरु होनी चाहिए। यह काम न्यूजीलैंड श्रृंखला से शुरू होना चाहिए जो कि एक सप्ताह के अंदर शुरू होगी। श्रीकांत ने कहा, आपको आज से ही शुरुआत करनी होगी। विश्वकप की तैयारियों के लिए आपको चीजों को समझना होता है और इसकी तैयारी दो साल पहले शुरू करनी होती है। इसलिए आप जो कुछ भी करना चाह रहे हैं, चाहे वह किसी तरह का प्रयोग हो या कुछ और, उसे एक साल के अंदर कर दें और फिर 2023 तक टीम तैयार कर दें और यह सुनिश्चित करें कि यह टीम विश्व कप में खेलेगी। भारत शुक्रवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली श्रृंखला में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैच खेलेगा। रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में हार्दिक पंड्या सबसे छोटे प्रारूप में टीम की अगुवाई करेंगे। पूर्व भारतीय कप्तान श्रीकांत ने कहा कि भारत को 2024 में होने वाले विश्वकप से पहले अधिक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर की खोज करनी होगी। आपको अधिक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर की जरूरत है। आप 1983 के विश्वकप, 2011 के विश्वकप और 2007 के टी20 विश्व कप पर गौर करिए। हमने इनमें क्यों जीत दर्ज की, क्योंकि हमारे पास अधिक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर थे और कुछ ऐसे खिलाड़ी थे जो बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी भी कर सकते थे। इसलिए ऐसे खिलाड़ियों की पहचान करो जैसे कि दीपक हुड्डा। उनके जैसे कई अन्य खिलाड़ी भी होंगे। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज इरफान पठान ने कहा कि भारत को केवल एक कप्तान पर निर्भर नहीं रहना चाहिए और टीम में कई खिलाड़ियों को नेतृत्व करने लायक बनाना चाहिए। इरफान ने कहा, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि अगर आप कप्तान बदलते हैं तो आप परिणाम बदल सकते हैं। इस तरह से आप परिणाम नहीं बदल सकते। हार्दिक पंड्या के मामले में आपको यह समझना चाहिए कि वह तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर है और उसके साथ चोटों का भी मसला है।

## कुंबले टेस्ट और सीमित ओवरों की अलग-अलग टीम रखने के पक्ष में



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और कोच अनिल कुंबले का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए सीमित ओवरों और टेस्ट प्रारूप की पूरी तरह से भिन्न टीम होनी चाहिए। इंग्लैंड की वनडे और टी20 में सफलता के बाद सफेद गेंद और लाल गेंद से खेले जाने वाले क्रिकेट के लिए अलग-अलग टीम रखने की चर्चा शुरू हो गई है। कुंबले ने क्रिकइंफो से कहा, निश्चित तौर पर आपको अलग-अलग टीमों की जरूरत पड़ेगी। आपको टी20 विशेषज्ञों की जरूरत पड़ती है। मुझे लगता है कि इंग्लैंड की इस टीम ने दिखाया है और यहां तक की पिछली बार के टी20 विश्व कप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने भी साबित किया है कि आपके पास अधिक से अधिक ऑलराउंडर होने चाहिए। आप उनके बल्लेबाजी क्रम पर गौर करिए। आज लियाम लिविंगस्टोन सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आता है। किसी भी अन्य टीम के पास नंबर सात पर लिविंगस्टोन जैसा बल्लेबाज नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्कस स्टोइनिस छठे नंबर पर बल्लेबाजी करता है। आपको इस तरह की टीम तैयार करनी होगी। मैं वास्तव में इसको लेकर सुनिश्चित नहीं हूं कि आपको अलग कप्तान या अलग कोच चाहिए। यह सब कुछ इस पर निर्भर करता है कि आप किस तरह की टीम का चयन करने जा रहे हैं। इसके बाद तय करें कि आपको कैसा सहयोगी स्टाफ और कप्तान चाहिए। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी ने हालांकि कहा अंतरराष्ट्रीय टीमों को अलग-अलग कोच रखने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इंग्लैंड में ब्रैंडन मैकुलम उसके टेस्ट कोच जबकि मैथ्यू मोट सीमित ओवरों की टीम के कोच हैं। मूडी ने इंग्लैंड की टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद कहा, मेरा मानना है कि इसमें कोई संदेह नहीं कि यह आगे बढ़ने का रास्ता है, फिर चाहे वह खिलाड़ी हो या सहयोगी स्टाफ, उन्हें अलग-अलग रखने पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। ऐसा लगता है इंग्लैंड की टेस्ट और सीमित ओवरों की टीमों में काफी अंतर है। उन्होंने अच्छे खिलाड़ियों को तैयार किया है।

मेरे कहने का मतलब है कि अगर आपका कप्तान विश्वकप से पहले चोटिल हो जाता है और आपके पास नेतृत्व करने वाला कोई दूसरा खिलाड़ी नहीं है तो फिर परेशानी होगी।

## कोहली व सूर्य टी20 विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम में

**भाषा** । मेलबर्न



**भारत के स्टार** बल्लेबाज और टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले विराट कोहली तथा सूर्यकुमार यादव को सोमवार को आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 की सबसे मूल्यवर्धित टीम में शामिल किया गया। कोहली ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया तथा 98.66 के बेहतरीन औसत से 296 रन बनाए। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 82 रन बनाकर अपने अभियान की शुरुआत की जिससे भारत ने यह रोमांचक मैच चार विकेट से जीता था। कोहली ने इसके बाद बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 64, नीदरलैंड के खिलाफ नाबाद 62 और इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 50 रन बनाए और खुद को वर्तमान समय के सीमित ओवरों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक साबित किया। भारत के सूर्यकुमार यादव टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर रहे। सूर्यकुमार ने तीन अर्धशतक जमाए। उन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ सिडनी में नाबाद 51, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पर्थ में 68 और जिंबाब्वे के खिलाफ मेलबर्न में केवल 25 गेंदों पर नाबाद 61 रन की यादगार पारियां खेली। उनका स्ट्राइक रेट 189.68 रहा। भारत के एक अन्य खिलाड़ी हार्दिक पंड्या को 12वें खिलाड़ी के रूप में टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड की खिताबी जीत के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बयान में कहा, छह टीम के खिलाड़ियों को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2022 की सर्वाधिक मूल्यवर्धित टीम में शामिल किया गया है। चैंपियन इंग्लैंड की टीम से कप्तान, विकेटकीपर और सलामी बल्लेबाज जोस बटलर, उनके साथी सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स और तेज गेंदबाज सैम कुरेन को इस टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स और जिंबाब्वे के सिकंदर राजा को बल्लेबाजी क्रम में पांचवें और छठे स्थान पर रखा गया है। पाकिस्तान के ऑलराउंडर शादाब खान मध्यक्रम में शामिल अन्य बल्लेबाज हैं। सैम कुरेन और दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नोर्किया को आठवें और नौवें स्थान पर रखा गया है। कुरेन को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया था। उनके साथी गेंदबाज मार्क वुड और पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को भी टीम में शामिल किया गया है। टीम बल्लेबाजी क्रम में: एलेक्स हेल्स, जोस बटलर, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ग्लेन फिलिप्स, सिकंदर रजा, शादाब खान, सैम कुरेन, एनरिक नोर्किया, मार्क वुड, शाहीन शाह अफरीदी। 12वें खिलाड़ी हार्दिक पंड्या।

### मैं इंग्लैंड से प्रेरणा लेने में नहीं हिचकता: वॉन

**लंदन।** इंग्लैड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि बीसीसीआई को अभिमान को छोड़ कर इंग्लैड से प्रेरणा लेना चाहिए। इंग्लैंड की टीम ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारतीय टीम को 10 विकेट से हराने के बाद फाइनल में पाकिस्तान को शिकस्त दी। वान ने द टेलीग्राफ से कहा, सीमित ओवरों में इंग्लैड की इस टीम के खिलाफ बेहद ही खास है।

### डेर अफ्रीका के ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए फिट

**जोहानिसबर्ग।** उंगली के फ्रैक्चर से उबरने के बाद बल्लेबाज रासी वैन डेर डूसन की अगले महीने से ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए सोमवार को दक्षिण अफ्रीका की टीम में वापसी हुई है। टीम में नए तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जे को शामिल किया गया है जबकि बल्लेबाज थेउनिस डि ब्रुइन की भी वापसी हुई है। डि ब्रुइन ने 2019 के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नही खेला है।

### एशियाई स्वर्ण से फॉर्म हासिल करने में मदद मिलेगी : लवलीना

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने सोमवार को एशियाई चैम्पियनशिप में मिले स्वर्ण को काफी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि नए भारवर्ग में अपने पहले टूर्नामेंट से उसे खोया फॉर्म हासिल करने मे मदद मिलेगी। लवलीना तोक्यो ओलंपिक मे कांस्य पदक जीतने के बाद से खराब फॉर्म से जूझ रही थी। उन्होंने पेरिस ओलंपिक को ध्यान मे रखकर भारवर्ग 69 से 75 किलो कर लिया।

### ब्राजील के पूर्व कोच स्कोलरी ने संन्यास लिया

**साओ पाउलो।** ब्राजील को 2002 में उसका आखिरी विश्वकप खिताब दिलाने वाले और पुर्तगाल को 2004 मे यूरोपीय चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले मशहूर फुटबॉल कोच लुइस फेलिप स्कोलारी ने क्लब कोच से संन्यास लेने की पुष्टि की। ब्राजीलियाई चैंपियनशिप के अंतिम दौर मे एथलेटिको की बोटाफोगो पर 3-0 से जीत के बाद 74 वर्षीय स्कोलरी ने इस खेल को अलविदा कहा।

### सऊदी अरब ने आरोपी खिलाड़ी को टीम से हटाया

**रियाद।** सऊदी अरब ने विश्व कप फुटबॉल के लिए टीम का चयन करने के 24 घंटे बाद ही विंगर फहद अल मोवलाद को डोपिंग के आरोपो के कारण टीम से बाहर कर दिया। टीम ने रविवार को अपने ट्विटर अकाउंट पर यह जानकारी दी कि मुख्य कोच हर्वे रेनार्ड ने अल मोवलाद को 26 सदस्ईय टीम से हटा दिया है।

### स्विट्जरलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर किंग कप जीता

**ग्लास्गो।** बेलिंडा बेनसिच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जिससे स्विट्जरलैड ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर बिली जीन किंग कप का खिताब जीता। ओलंपिक की एकल स्वर्ण पदक विजेता बेनसिच ने ऑस्ट्रेलिया की अल्जा टोमलजानोविच को 6-2, 6-1 से हराकर स्विट्जरलैड को 2-0 से अजेय बढ़त दिलाई। इससे पूर्व पहले एकल मैच में स्विट्जरलैड की जिल टेचमैन ने ऑस्ट्रेलिया की स्टॉर्म सैडर्स को 6-3, 4-6, 6-3 से पराजित किया था।

## शरत को 30 को मिलेगा खेल रत्न

**भाषा** । नई दिल्ली



**टेबल टेनिस** खिलाड़ी अचंता शरत कमल को 30 नवंबर को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वर्ष 2022 के लिए मेजर ध्यानचंद राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार प्रदान करेंगी।

शरत इस साल खेलरत्न पाने वाले अकेले खिलाड़ी हैं जबकि 25 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिया जाएगा जिनमें बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन, एच एस प्रणय , महिला मुक्केबाज निकहत जरीन, एथलीट एल्डौस पॉल, अविनाश साबले शामिल हैं। विजेताओं को राष्ट्रपति भवन में आयोजित विशेष समारोह में पुरस्कार दिए जाएंगे। जीवनजोत सिंह तेजा (तीरंदाजी), मोहम्मद अली कमर (मुक्केबाजी), सुमा शिरूर (पैरा निशानेबाजी) और सुजीत मान (कुश्ती) को द्रोणाचार्य पुरस्कार दिया जाएगा जबकि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बचपन के कोच दिनेश लाड (क्रिकेट) , बिमल घोष (फुटबॉल) और राज सिंह (कुश्ती) को आजीवन योगदान वर्ग में यह पुरस्कार मिलेगा। अश्विनी अकुंजी (एथलेटिक्स), धरमवीर सिंह (हॉकी), बी सी सुरेश (कबड्डी) और नीर महादुर गुरंग (पैरा एथलेटिक्स) को ध्यानचंद आजीवन योगदान पुरस्कार मिलेगा। **विजेताओं की सूची :** मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार : अचंता शरत कमल अर्जुन पुरस्कार : सीमा पूनिया (एथलेटिक्स), एल्डौस पॉल (एथलेटिक्स), अविनाश साबले (एथलेटिक्स), लक्ष्य सेन (बैडमिंटन), एच एस प्रणय (बैडमिंटन), अमित (मुक्केबाजी), निकहत जरीन (मुक्केबाजी), भक्ति कुलकर्णी (शतरंज), आर प्रज्ञानानंदा (शतरंज), दीप ग्रेस इक्का (हॉकी), सुशीला देवी (जूडो), साक्षी कुमारी (कबड्डी), नयन मोनी सैकिया (लॉनबॉल), सागर ओव्हालकर (मलखम्ब), इलावेनिल वालारिवान (निशानेबाजी), ओमप्रकाश मिठारवाल (निशानेबाजी), श्रीजा अकुला (टेबल टेनिस), विकास ठाकुर (भारोत्तोलन), अंशु (कुश्ती), सरिता (कुश्ती), परवीन (वुशू), मानसी जोशी (पैरा बैडमिंटन), तरूण ढिल्लो (पैरा बैडमिंटन), स्वप्निल पाटिल (पैरा तैराकी), जर्लिन अनिका जे (बधिर बैडमिंटन) द्रोणाचार्य पुरस्कार (नियमित श्रेणी में कोचों के लिए) : जीवनजोत सिंह तेजा (तीरंदाजी), मोहम्मद अली कमर (मुक्केबाजी), सुमा शिरूर (पैरा निशानेबाजी) और सुजीत मान (कुश्ती) लाइफटाइम श्रेणी : दिनेश लाड (क्रिकेट), बिमल घोष (फुटबॉल), राज सिंह (कुश्ती) ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार : अश्विनी अकुंजी (एथलेटिक्स), धरमवीर सिंह (हॉकी), बी सी सुरेश (कबड्डी), नीर बहादुर गुरंग (पैरा एथलेटिक्स) राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार : ट्रांस स्टेडिया इंटरप्राइजेस प्राइवेट लिमिटेड, कलिंगा सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, लद्दाख स्की और स्नोबोर्ड संघ मौलाना अबुल कलाम आजा ट्रॉफी : गुरूनानक देव यूनिवर्सिटी , अमृतसर।

## एशियाई एयरगन के एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धाओं में भारत का दबदबा

**भाषा** । नई दिल्ली

**भारतीय** एयर राइफल निशानेबाजों ने कोरिया के डेगू में 15वीं एशियाई एयरगन चैंपियनशिप में अपना दबदबा कायम रखते हुए प्रतियोगिता के चौथे दिन जूनियर और सीनियर मिश्रित टीम स्पर्धाओं में शीर्ष दो स्थान हासिल किए। मेहुली घोष और अर्जुन बबूता ने हमवतन किरण अंकुश जाधव और इलावेनिल वलारिवन के खिलाफ सीनियर वर्ग का स्वर्ण पदक मैच 16-10 से जीता, जबकि दिव्यांश सिंह पंवार और रमिता की जोड़ी ने जूनियर स्पर्धा में श्री कार्तिक सबरी राज रविशंकर और नैन्सी को 17-11 से मात दी। मेहुली और अर्जुन की जोड़ी 631 के स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर थी, जबकि किरण और इलावेनिल 630.9 अंक के साथ दूसरे स्थान पर थे। भारतीय निशानेबाजों ने प्रतियोगिता में अब तक 12 स्वर्ण पदक जीत लिए हैं।



## श्रीकांत ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हटे

**भाषा** । सिडनी



**भारत के** शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों में शामिल किदांबी श्रीकांत ने मंगलवार से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया। श्रीकांत से पहले लक्ष्य सेन और युगल विशेषज्ञ सात्विक साइराज रंकीरेड्डी एवं चिराग शेट्टी की जोड़ी भी 180,000 डॉलर पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट से हट चुके है। रेस टू ग्वांग्झू रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज श्रीकांत को सत्र के आखिर में दिसंबर में होने वाले विश्व टूर फाइनल में जगह बनाने के लिए इस टूर्नामेंट को जीतना होगा। राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले इस 29 साल के खिलाड़ी ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। उन्होंने भारत को थॉमस कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। श्रीकांत ने अपना पिछला टूर्नामेंट जर्मनी के सारब्रकन में हायलो ओपन में खेला था और वह इसमें सेमीफाइनल में पहुंचे थे। वह इस सत्र में कोरिया ओपन और स्विस ओपन के अंतिम चार में पहुंचने में सफल रहे थे। श्रीकांत के टूर्नामेंट से हटने से यह साफ हो गया विश्व टूर फाइनल्स में भारत की ओर से सिर्फ एच एस प्रणय दावेदारी पेश करेंगे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पहले ही विश्व टूर फाइनल्स से अपना नाम वापस ले चुकी है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भारत की चुनौती का नेतृत्व समीर वर्मा करेंगे, जो लंबी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। वह नाथन टैंग के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। विश्व रैंकिंग में पूर्व में 11वें स्थान पर रहे समीर ने बीडब्ल्यूएफ के तीन टूर्नामेंट स्विस ओपन, हैदराबाद ओपन और सैयद मोदी इंटरनेशनल जीते है। कोविड-19 के कारण खेल को रोके जाने के बाद से उन्होंने अपनी लय गंवा दी और लगातार चोट से परेशान रहे। ऑरलियन्स मास्टर्स सुपर 100 स्पर्धा के अलावा नागपुर और बेंगलुरु में दो अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के फाइनल में पहुंचने वाले मिथुन यहां दूसरी वरीयता प्राप्त सिंगापुर के लोह कीन यू के खिलाफ अपने अभियान को शुरू करेंगे। महिला एकल में तान्या के सामने मलेशिया की वेई और अनवेशा के सामने स्थानीय खिलाड़ी पिचाया एलिसिया विरावोंग की चुनौती होगी। युगल वर्ग में सिमरन सांघी और रितिका ठक्कर की महिला जोड़ी के अलावा पुरुषों में हरिहरन अमसाकरुनन और रुबन कुमार रथीनसबपति की जोड़ी भारत की ओर से चुनौती पेश करेगी।

## विधि, दीपिका ने जूनियर एथलेटिक्स में अंडर 18 राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए

**भाषा** । गुवाहाटी

**उत्तर प्रदेश** की विधि और हरियाणा की दीपिका ने 37वीं एएफआई राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के चौथे दिन क्रमश: शॉटपुट और भालाफेंक में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए। अगले महीने 18 वर्ष की होने जा रही विधि शॉटपुट में 16 मीटर का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय बनी। उन्होंने 2016 में कोयंबटूर में कचनार चौधरी का बनाया 15 . 99 मीटर का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने चौथे प्रयास में 16 . 56 मीटर का थ्रो फेंका। कुवैत में एक महीना पहले एशियाई अंडर 18 टूर्नामेंट में रजत पदक जीतने वाली दीपिका ने भोपाल में सितंबर में बनाया ही रिकॉर्ड तोड़ा।

### संधू 21वें स्थान पर, ओग्लेट्री ने खिताब जीता

**काहिरा।** भारत के अजितेष संधू एक अंडर 69 के स्कोर के साथ 15 लाख डॉलर ईनामी राशि की इंटरनेशनल गोल्फ सीरिज में संयुक्त 21वें स्थान पर रहे। संधू का स्कोर सात अंडर 283 था। एसएसपी चौरसिया तीन अंडर 277 के स्कोर के साथ संयुक्त 41वें स्थान पर रहे जबकि विराज मडप्पा संयुक्त 51वें और गगनजीत भुल्लर संयुक्त 61वें स्थान पर रहे।

### आगामी आईपीएल नीलामी का हिस्सा बनूंगा: राशिद

**भाषा** । मेलबर्न

**आदिल** राशिद अपने दमदार प्रदर्शन से इंग्लैंड को टी20 विश्व कप चैम्पियन बनाने में अहम भूमिका निभाई के बाद कोच्चि में 23 दिसंबर को होने वाले लीग के आगामी नीलामी में फ्रेंचाइजी टीमों की नजर में होंगे। राशिद ने भारत के खिलाफ सेमीफाइनल और पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में यादगार प्रदर्शन किया। उन्होंने इन मैचों में सूर्यकुमार यादव और बाबर आजम जैसे अहम बल्लेबाजों के विकेट चटकाए। वह अतीत में आईपीएल में पंजाब किंग्स का प्रतिनिधित्व कर चुके है।

## आईपीएल से इतर विदेशी लीग में नहीं खेलना भी भारत की हार का कारण: सैमी



**भाषा** । मेलबर्न

**वेस्टइंडीज** के पूर्व कप्तान डेरेन सैमी ने सोमवार को कहा कि भारतीय क्रिकेटरों का विदेशी लीग में नहीं खेलना भी टी20 विश्वकप में उनके खराब प्रदर्शन का एक कारण है। भारत के किसी भी सक्रिय खिलाड़ी को विदेशी टी20 लीग में खेलने की अनुमति नहीं है। वेस्टइंडीज को 2012 और 2016 में टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने वाले सैमी ने कहा कि इंग्लैंड को उसके खिलाड़ियों के विदेशी लीग विशेषकर ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश में खेलने का फायदा मिला। विश्व भर की टी20 लीग में खेलने वाले खिलाड़ियों ने वास्तव में अपनी चमक बिखेरी।

### लंबे प्रारूप पर ध्यान देने के लिए आईपीएल से हटे बिलिंग्स

**नई दिल्ली।** इंग्लैड के विकेटकीपर बल्लेबाज सैम बिलिंग्स ने लंबे प्रारूप की क्रिकेट पर ध्यान देने के लिए अगले साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से हटने का फैसला किया है। बिलिंग्स ने इस साल के शुरू मे कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से आठ मैच खेले थे जिसमे उन्होने 169 रन बनाए। उन्होंने 2016 मे आईपीएल मे पदार्पण किया था। बिलिंग्स ने ट्वीट किया, मैने एक कड़ा फैसला किया है। मै अगले आईपीएल मे नही खेलूंगा। मै इंग्लैड मे गर्मियो के सत्र मे कैंट के लिए लंबे प्रारूप की क्रिकेट मे खेलने पर ध्यान देना चाहता हूं।

### वॉर्नर ने अगले साल टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के संकेत दिए

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने अगले साल टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के संकेत दिए लेकिन वह सीमित ओवरों के प्रारूपों में खेलना जारी रख सकते हैं। वॉर्नर ने यह टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया के टी20 विश्वकप से पहले दौर में ही बाहर हो जाने के बाद की। वॉर्नर ने एक कार्यक्रम में कहा, टेस्ट क्रिकेट संभवत: वह पहला प्रारूप होगा जिसे मैं छोड़ सकता हूं। संभवत: टेस्ट क्रिकेट में यह मेरे आखिरी 12 महीने हो सकते हैं। क्योंकि इसी तरह से चीजें आगे बढ़ पाएंगी। टी20 विश्व कप 2024 में होगा जबकि अगले साल वनडे विश्वकप होना है।

### फ्रिट्ज ने एटीपी फाइनल्स में नडाल को हराया



**तूरिन।** राफेल नडाल के पहली बार एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट जीतने के अभियान की शुरुआत अच्छी नही रही और उन्हे पहले मैच में ही टेलर फ्रिट्ज से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। पहले सेट मे करीबी मुकाबला देखने को मिला लेकिन अमेरिका के खिलाड़ी ने दूसरे सेट मे दबदबा बना के रखा और रविवार को खेले गए इस मैच में शीर्ष वरीयता प्राप्त नडाल को 7-6 (3), 6-1 से हराया। नडाल का यूएस ओपन के बाद यह केवल दूसरा एकल मैच था क्योंकि वह चोटों से जूझ रहे थे और इसके अलावा अक्टूबर मे वह पिता भी बने थे जिसके कारण वह खेल से बाहर रहे। नडाल ने 10 प्रयासो मे कभी एटीपी फाइनल्स का खिताब नही जीता। वह 2010 और 2013 में उपविजेता रहे थे।

### कामर्शियल चैलेंजर्स ने पर्सनल वारियर्स को हराया

**लखनऊ।** कामर्शियल चैलेंजर्स ने एनईआर लखनऊ के इंटर डिपार्टमेंटल फुटसॉल टूर्नामेंट में पर्सनल वारियर्स को 6.0 से एकतरफा मात देकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ के मंडल रेल प्रबंधक ने किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच सोमवार को कामर्शियल चैलेंजर्स व पर्सनल वारियर्स के बीच खेला गया। कामर्शियल चैलेंजर्स के खिलाड़ियों ने शुरू से ही तेज खेल दिखाया और प्रतिद्वंद्वी टीम पर दबाव बना लिया। टीम की जीत में अम्बर प्रताप सिंह ने शानदार खेल दिखाया और प्रतिद्वंद्वी को डिफेंस को भेदते हुए हैट.ट्रिक सहित 5 गोल दागे। इसके अलावा बीबी सोनकर को एक गोल दागने में सफलता मिली। दूसरी ओर पिछड़ने के बाद पर्सनल वारियर्स ने मैच में वापसी की पूरी कोशिश की लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।

## मैरीकोम, सिंधू, मीराबाई, केशवन आईओए एथलीट आयोग में

**भाषा** । नई दिल्ली

**पांच बार** की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज एम सी मैरीकोम , दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और ओलंपियन शिवा केशवन को सोमवार को यहां हुए चुनाव में आईओए एथलीट आयोग के सदस्य के रूप में निर्विरोध चुना गया। आयोग में चुने गए दस खिलाड़ियों में तोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू, 2012 के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता गगन नारंग, टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल, हॉकी खिलाड़ी रानी रामपाल, तलवारबाज भवानी देवी, नौकायन खिलाड़ी बजरंग लाल और पूर्व शॉटपुट खिलाड़ी ओ पी करहाना शामिल हैं। दस खिलाड़ियों में से पांच महिलाएं हैं और सभी ओलंपियन हैं। सिर्फ केशवन शीतकालीन ओलंपियन हैं। सिर्फ दस खिलाड़ियों ने ही नामांकन दाखिल किया था और आईओए चुनाव के निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा ने सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा और पूर्व हॉकी कप्तान सरदार सिंह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति और एशियाई ओलंपिक परिषद के सदस्य के तौर पर आयोग में शामिल होंगे। दोनों को मतदान का अधिकार होगा।



बिंद्रा को 2018 में आठ साल के लिए आईओसी एथलीट आयोग का सदस्य चुना गया था जबकि सरदार 2019 में चार साल के लिए ओसीए एथलीट आयोग के सदस्य बने। भारतीय ओलंपिक संघ के नए संविधान के तहत आयोग में महिला और पुरूष प्रतिनिधि समान संख्या में होने चाहिए। आयोग के दो सदस्य आईओए कार्यकारी परिषद में होंगे जिसका चुनाव दस दिसंबर को होना है। यह देश में खिलाड़ियों के लिए ऐतिहासिक पल है। आईओए के इतिहास में पहली बार हमारे पास एथलीट आयोग होगा। हमारी पहली बैठक मंगलवार को है जिसमें पता चलेगा कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष कौन होगा। आईओए एथलीट आयोग के चुनाव में जिन राष्ट्रीय खेल महासंघों के एथलीट आयोग हैं, वे एक पुरूष और एक महिला मतदाता को नामांकित कर सकते हैं और जिन एनएसएफ के एथलीट आयोग नहीं है, उनकी कार्यकारी परिषद एक पुरूष और एक महिला को मतदान के लिए नामित कर सकती है।

### रोनाल्डो ने कहा, मैनचेस्टर यूनाइटेड ने उन्हें धोखा दिया



**लंदन।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक टीवी साक्षात्कार में मैनचेस्टर यूनाइटेड और कोच एरिक टेन हैग की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि उन्हे लग रहा है कि क्लब ने उन्हे धोखा दिया और उसके सीनियर अधिकारियो ने उन्हे बाहर करने का प्रयास किया। यह साक्षात्कार इस सप्ताह ब्रिटेन के टॉक टीवी पर प्रसारित किया जाएगा लेकिन विश्वकप से पहले यूनाइटेड के अंतिम मैच से पूर्व इसकी कुछ क्लिप रविवार को जारी की गई। रोनाल्डो को लगातार दूसरे मैच से बाहर रखा गया और क्लब ने कहा कि उन्हें कोई अज्ञात बीमारी है।

### पुणेरी पलटन ने बंगाल वॉरियर्स को 43-27 से हराया

**पुणे।** पुणेरी पलटन ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मैच मे सोमवार को यहां दमदार प्रदर्शन करते हुए बंगाल वॉरियर्स को 43-27 से हराया। पुणे की टीम के लिए आकाश शिंदे (10 अंक), असलम इनामदार (नौ अंक) और मोहित गोयत (आठ अंक) की तिकड़ी ने शानदार खेल दिखाया। इस दौरान इनामदार ने सत्र में अपने 100 अंक पूरे किए। पुणेरी पलटन ने शानदार आगाज करते हुए 11-1 की बढ़त कायम की। मध्यांतर के समय टीम 24-13 से आगे थी। बंगाल की टीम ने दूसरे हाफ बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन यह पुणेरी पलटन को टक्कर देने के लिए काफी नही था।